फाल्गुन कृष्ण पक्ष, एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 6 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -210, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





देश से बाहर रहना हमेशा आसान नहीं होता : जयशंकर 16

लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज 15


## अपहरण के मामले में पूर्व सांसद धनंजय सिंह दोषी

जौनपुर, एजेंसी

- अपर जिला सत्र अदालत आज सुनाएगी सजा

जौनपुर की अपर सत्र अदालत ने बाहुबली पूर्व सांसद और जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय महासचिव धनंजय सिंह समेत दो अभियुक्तों को अपहरण और रंगदारी मांगने के मामले में मंगलवार को दोषी करार दिया। अदालत बुधवार को सजा सुनाएगी। जिला शासकीय अधिवक्ता सतीश पांडेय ने बताया कि नमामि गंगे परियोजना के प्रबंधक मुजफ्फरनगर निवासी अभिनव सिंघल ने 10 मई, 2020 को जौनपुर के लाइन बाजार थाने में धनंजय सिंह और उनके साथी संतोष विक्रम के खिलाफ अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप लगाया था कि विक्रम ने उनका अपहरण कर धनंजय के आवास पर ले गया। जहां धनंजय सिंह ने धमकी देने के बाद रंगदारी मांगी। मुकदमा दर्ज होने के बाद धनंजय सिंह गिरफ्तार भी हुए थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश शरद कुमार त्रिपाठी ने धनंजय सिंह और संतोष विक्रम को दोषी करार दिया है।

## रेणुका को पुलिस भर्ती बोर्ड अध्यक्ष पद से हटाया

**लखनऊ।** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले को गंभीरता लेते हुए शासन ने उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को पद से हटाकर प्रतिक्षारत में डाल दिया है। डीजी विजिलेंस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शासन से जुड़े सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक मामले में चूक, परीक्षा रद होने के बाद भर्ती बोर्ड की आंतरिक समीक्षा समिति की रिपोर्ट नहीं देना और इस मामले में अब तक एफआईआर दर्ज न कराना भी, उनके खिलाफ शासन की नाराजगी की वजह बन गई थी।

## योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, चार और कैबिनेट मंत्री शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में दिलाई शपथ मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद
- दारा सिंह, सुनील शर्मा, सुभासपा के ओपी राजभर रालोद से अनिल शामिल



शपथ लेने के बाद राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी के साथ नए मंत्री।

**अमृत विचार :** योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार-दो के मंत्रिमंडल में चार नए कैबिनेट मंत्रियों को शामिल किया गया है। मंगलवार को राजभवन के गांधी सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने चारों को शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का यह पहला शपथ ग्रहण समारोह रहा।

कैबिनेट मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ लेने वाले नए मंत्रियों में भाजपा से दारा सिंह चौहान और सुनील शर्मा हैं। वहीं, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर और राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) से अनिल कुमार शामिल हैं। दरअसल, राजभर को तो एनडीए में शामिल होने के बाद ही बेसब्री से मंत्रीपद मिलने का इंतजार था, पिछले दिनों उन्होंने पद न मिलने पर होली न मनाने की चेतावनी भी दी थी। इसके साथ ही प्रदेश मंत्रिमंडल में अब 22 कैबिनेट समेत 56 मंत्री हो गए हैं। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नवनिर्वाचित मंत्रियों को पुष्प गुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं। जो चार मंत्री बनाए गए हैं उनमें दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से व दो पश्चिमी उत्तर प्रदेश से हैं।

### ये हैं नए कैबिनेट मंत्री

**ओमप्रकाश राजभर** : गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक। एनडीए के घटक दल सुभासपा के अध्यक्ष। योगी आदित्यनाथ के पहले कार्यकाल में भी मंत्री थे।

**दारा सिंह चौहान** : मऊ की घोसी सीट से सपा विधायक थे, फिर भाजपा में आकर घोसी से उपचुनाव लड़े और पराजित। पहले एमएलसी बनाया गया, अब कैबिनेट मंत्री।

**सुनील शर्मा** : 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के रूप में साहिबाबाद विधानसभा सीट पर रिकॉर्ड जीत हासिल की। 2 लाख 14 हजार 386 वोटों से सपा गठबंधन प्रत्याशी अमरपाल शर्मा को हराया।

**अनिल कुमार** : मुजफ्फरनगर जिले की अनुसूचित जाति के लिए सुरक्षित सीट पुरकाजी से सपा में रहते हुए रालोद के सिंबल पर वर्ष 2022 में विधायक निर्वाचित।






## एक नजर

### गूगल भारतीय एप को बहाल करने पर राजी

**नई दिल्ली।** प्ले स्टोर पर सेवा शुल्क भुगतान को लेकर गूगल और भारतीय कंपनियों के बीच विवाद को सुलझाने के लिए सरकारी हस्तक्षेप के बाद गूगल भारतीय ऐप को बहाल करने पर सहमत हो गई है। दूरसंचार और सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि गूगल और स्टार्टअप समुदाय ने हमसे मुलाकात की है, बेहद रचनात्मक चर्चा हुई है। गूगल सभी ऐप को सूचीबद्ध करने के लिए सहमत हो गई है।

### प्रधानमंत्री गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के दौरे पर

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गुरुवार को केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के आगमन के मद्देनजर बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा निरस्त होने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली कश्मीर यात्रा होगी।

# निजी नलकूपों को मिलेगी मुफ्त बिजली

- 14.78 लाख ग्रामीण व शहरी नलकूपों का बिल माफ करने का फैसला
- सात करोड़ किसानों को चुनाव से पहले राज्य सरकार ने दी बड़ी राहत
- मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में हुए 29 अहम फैसले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 29 अहम फैसले लिए गए। किसानों के निजी नलकूपों की बिजली बिल पूरी तरफ मुफ्त कर दी गई। सरकार ने 14.78 लाख ग्रामीण और शहरी नलकूपों की बिजली बिल पिछले साल के अप्रैल माह से ही शून्य कर दी है। दावा किया कि इससे करीब सात करोड़ किसानों को राहत देकर चुनाव में किए गए वादे को पूरा किया गया है। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपये से बढ़ाकर 120 रुपये किया गया है।

मुख्यमंत्री आवास पर हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद लोकभवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने चुनावों के दौरान घोषणा की थी कि किसानों को उनके निजी नलकूपों पर शतप्रतिशत छूट दी जाएगी। राज्य में लगभग 14 लाख 73 हजार ग्रामीण नलकूप हैं, जबकि 5,188 शहरी नलकूप हैं। सरकार ने लगभग 200 ग्राम पंचायतों को नगर ग्राम पंचायतों में बदल दिया है, इसलिए शहरी और ग्रामीण का फर्क खत्म करके इसे मर्ज कर दिया है। इस तरह कुल 14 लाख 78 हजार नलकूपों पर किसानों को बिजली बिल पर छूट का लाभ मिलेगा। शर्मा ने बताया कि मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है।

इस तरह लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि 5 सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा। 2023-24 में मुख्यमंत्री ने इस योजना के लिए 2400 करोड़ और 2024-25 के बजट में 1800 करोड़ का प्रावधान किया है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार जताया।

### सरकार ने प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को भी दी मंजूरी



सरकार ने प्रदेश में इनवायरमेंट फ्रेंडली एनर्जी के प्रोडक्शन की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन के रूप में बड़े कारखाने जैसे फर्टिलाइजर प्लांट, पेट्रोकेमिकल प्लांट और स्टील प्लांट में होता है। अभी तक हाइड्रोजन पैदा करने की जो तकनीक थी वो बिजली या गैस के सहारे होती थी, जिसे ग्रे हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रे हाइड्रोजन को ग्रीन हाइड्रोजन में परिवर्तित करने की दिशा में बहुत बड़ा काम शुरू हुआ है। पॉलिसी में आने वाले चार साल यानी 2028 तक प्रतिवर्ष एक मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन पैदा करने का लक्ष्य रखा गया है। नीति की समयावधि पांच वर्ष रखी गई है। समयावधि में जो उद्योग यहां आएंगे उन्हें 5 हजार 45 करोड़ रुपये सब्सिडी व अन्य राहतों के रूप में प्रदान किए जाएंगे। 10 से 30 प्रतिशत तक कैपिटल एक्सपेंडीचर पर सब्सिडी देंगे। पहले 5 उद्योगों को 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान करेंगे। इसके तहत एनर्जी बैंकिंग का भी प्रावधान कर रहे हैं। इंट्रास्टेट बिजली भेजने पर जो चार्जेस लगते हैं उस पर 100 प्रतिशत तक छूट देंगे।

### राज्य राजधानी क्षेत्र के गठन का रास्ता साफ

मंत्रिमंडल ने उप्र राज्य राजधानी क्षेत्र एवं अन्य क्षेत्रीय विकास प्राधिकरणों के गठन अध्यादेश से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य है कि दिल्ली एनसीआर की तर्ज पर यहां नियोजित विकास किया जा सके। काफी समय से नागरिकों की सुविधा की दृष्टि ये आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि राज्य राजधानी क्षेत्र में लखनऊ के साथ शामिल बाराबंकी, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और उन्नाव के अलावा अन्य पड़ोसी जिलों में भी अनियोजित विकास न हो। इस अध्यादेश के तहत सभी प्राधिकरणों के कोऑपरेशन-कोऑर्डिनेशन से विकास परियोजनाओं को आगे बढ़ाया जाएगा। किसी प्राधिकरण का मर्जर नहीं होगा, सभी का अस्तित्व बरकरार रहेगा।

## खराब मौसम से प्रभावित नौ जिलों को शासन ने जारी किए 23 करोड़

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- इन जिलों में अतिवृष्टि व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ भारी नुकसान
- प्रदेश के अन्य जिलों का सर्वे भी पूरा, जल्द भेजा जाएगा मुआवजा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले तीन दिनों में खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के मुआवजे के लिए नौ जनपदों को 23 करोड़ की धनराशि जारी की है। राहत विभाग को तत्काल अन्नदाताओं के खातों में भेजने के निर्देश दिए हैं। शासन के मुताबिक प्रदेश के अन्य जिलों में भी क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कार्य लगभग पूरा हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है।

प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरु प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर खराब मौसम से क्षतिग्रस्त फसलों के सर्वे के लिए प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को खेतों में स्थलीय आकलन के लिए भेजा गया था। इस पर प्रदेश के नौ जिलों से अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट विभाग को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट को मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उन्होंने नौ जिलों के लिए 23 करोड़ रुपये की धनराशि जारी कर दी। राहत आयुक्त जीएस नवीन ने बताया कि जालौन के लिए सबसे ज्यादा पांच करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। जबकि ललितपुर, महोबा, सहारनपुर के लिए 3-3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसी तरह बांदा, बस्ती, झांसी और शामली के लिए दो-दो करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके अलावा चित्रकूट के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इन जिलों के प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया चल रही है। राहत आयुक्त के मुताबिक बाढ़, ओलावृष्टि और बेमौसम बारिश से 33 प्रतिशत से अधिक क्षतिग्रस्त फसलों से प्रभावित अन्नदाताओं को ही मुआवजा दिया जाता है।

## 7 राज्यों में 17 ठिकानों पर एनआईए का छापा

नई दिल्ली/चेन्नई, एजेंसी



- बंगलुरु जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने और कैफे विस्फोट मामला

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी द्वारा कर्नाटक में बेंगलुरु की जेल में कैदियों को कट्टरपंथी बनाने से जुड़े मामले में मंगलवार को सात राज्यों के 17 स्थानों पर छापेमारी की है। वहीं, एक मार्च को बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की है।

केंद्रीय जांच एजेंसी के एक प्रवक्ता ने बताया कि बेंगलुरु शहर पुलिस ने पिछले साल जुलाई में सात पिस्तौल, चार हथगोले, एक मैगजीन सहित अन्य गोला-बारूद की जब्ती के बाद मामला दर्ज किया था। शुरुआत में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था और उनसे पूछताछ के बाद एक और गिरफ्तारी हुई। लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी टी. नासिर इस मामले में जुनैद अहमद के साथ आरोपी है। नासिर ने बेंगलुरु की केंद्रीय जेल में पांच लोगों को कट्टरपंथी बनाया था। जुनैद अहमद फरार है। उधर, एनआईए ने गत एक मार्च को कर्नाटक के बेंगलुरु में रामेश्वर कैफे में हुए विस्फोट के मामले में चेन्नई एवं रामनाथुरुम जिले में छापे मारे। करीब चार-पांच जगहों पर छापेमारी की जा रही है। एनआईए ने यह पता लगाने के लिए छापेमारी की कि बेंगलुरु कैफे विस्फोट के तमिलनाडु के किसी संगठन से कोई संबंध है या नहीं। प्रारंभिक जांच में विस्फोट में कर्नाटक के बाहर के लोगों के साथ कुछ संदिग्ध संबंधों की संलिप्तता का पता चला है, जिसके कारण गृह मंत्रालय ने जांच एनआईए को सौंपी। उत्तरी चेन्नई के मन्नाडे और मुथियालपेट और दक्षिणी रामनाथपुरम जिले में भी छापेमारी की जा रही है।

### फेसबुक-इंस्टाग्राम ठप, परेशान हो रहे लोग

**नई दिल्ली।** मेटा का सर्वर मंगलवार शाम डाउन हो गया। इस दौरान फेसबुक, इंस्टाग्राम और थ्रेड के यूजर्स को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। इसका असर भारत समेत दुनिया के कई देशों में देखने को मिला। इस दौरान यूजर्स का अकाउंट अपने आप ही लॉगआउट हो गया। हालांकि व्हाट्सएप पर इसका कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। लॉगिन का प्रयास करने पर लोगों के मेल पर ओटीपी जाने की बात कही जा रही है, लेकिन व्यक्तिगत डीटेल का ब्योरा भी गलत दिखा रहा है। डाउन डिटेक्टर के मुताबिक, परेशानी रात साढ़े आठ बजे के बाद शुरू हुई, जो अब तक जारी है। कंपनी की ओर से अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ आईफोन यूजर्स को यह समस्या नहीं आ रही है।

## एसपी ऑफिस पर आत्मदाह का प्रयास

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वाहन को लेकर था विवाद, पुलिस की कार्यप्रणाली से था आहत
- 50 फीसदी झुलसने पर लखनऊ रेफर, एएसपी सिटी करेंगे जांच

**अमृत विचार :** पुलिस की कार्यप्रणाली से आहत युवक ने एसपी ऑफिस पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा लिया। पुलिसकर्मियों व अन्य लोगों ने आग बुझाया, लेकिन तब तक वह 50 प्रतिशत झुलस गया था। उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया। एसपी ने मामले की जांच एएसपी सिटी को सौंपी है।

कांट थाना क्षेत्र के गांव सेहरान निवासी ताहिर अली (45) के पास दो पिकअप वाहन थे। जिसे डेढ़ वर्ष पूर्व सदर बाजार क्षेत्र के गांव चिनौर निवासी एक ग्रामीण को किराए पर दिए थे। आरोप है कि उसने गाड़ी लौटाने से मना कर दिया। बाद में एसपी के आदेश पर 13 अक्टूबर 2023 को वाहन बरामद कर कैंट चौकी में खड़े करा दिए गए थे। 16 अक्टूबर 2023 को ताहिर को वाहन दे दिए गए थे। पीड़ित का आरोप है कि वह चौकी से वाहन लेकर कांट जा रहा था, तभी उक्त ग्रामीण ने मारपीट कर वाहन छीनने का प्रयास किया जिसकी सदर बाजार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बाद में चौकी इंचार्ज और सिपाहियों के साथ आरोपी उसके घर पहुंचा और जबरन वाहन उठा ले गया। तभी से दोनों वाहन कैंट चौकी पर खड़े थे। उसने वाहन रिलीज को कोर्ट में अर्जी लगाई। वहां से बीती छह फरवरी की तारीख मिली थी। आरोप है कि सदर बाजार और पुलिस चौकी कैंट वाहन गायब करा दिए। मंगलवार दोपहर 12 बजे पत्नी व बच्चों के साथ एसपी कार्यालय गेट पर पहुंचा और अपने ऊपर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। आग लगाने के बाद वह एसपी कार्यालय की तरफ भागा। पुलिस कर्मियों और मौजूद लोगों ने किसी तरह आग को बुझाया।

> ताहिर अली ने एसपी कार्यालय गेट पर आग लगाई है। उसके पास दो वाहन थे। वह उमेश तिवारी नाम के एक व्यक्ति के साथ काम करता था। उमेश ने उससे वाहन खरीदकर पैसे दे दिए थे, दूसरे वाहन की किश्तें जमा कर रहा था। ताहिर चाहते थे कि दोनों वाहन उन्हें मिल जाएं। जो विवाद की जड़ था। घटना की जांच एएसपी सिटी संजय कुमार को सौंपी गई है। - **अशोक कुमार मीणा**, एसपी

## सर्राफा दुकान से 50 लाख के जेवर लूटे

### गोंडा में वारदात, हेलमेट लगाकर दुकान में घुसे थे, सीसीटीवी में दिखे बदमाश

करनैलगंज, गोंडा



**अमृत विचार:** करनैलगंज बाजार में एक सर्राफा की दुकान पर दो अज्ञात बदमाशों ने दुकान में घुसकर मालिक की कनपटी पर असलहा लगाकर जेवर लूट ले गए। जेवरों की कीमत दुकान मालिक 50 लाख बता रहा है। दहशत के मारे व्यापारी ने पुलिस को सूचना नहीं दी, जब मामला खुलने लगा तो 20 घंटे बाद दुकान मालिक ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। घटना की जानकारी पुलिस को होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने पड़ताल शुरू कर दी है। मौके पर कोतवाल हेमंत कुमार गौड़, चौकी प्रभारी आशीष कुमार वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम मौके पर पहुंचे। पूरे घटना की तस्वीर सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी का डीबीआर कब्जे में ले लिया। घटना की तहरीर सर्राफा व्यापारी की तरफ से पुलिस को दी गई है।

पुलिस के अनुसार, सर्राफा व्यापारी विश्वनाथ शाह निवासी मोहल्ला गांधीनगर की दुकान ठठराही बाजार में थी। सोमवार को साप्ताहिक बंदी का दिन होने के नाते रात्रि 10 बजे व्यापारी अपनी दुकान पर आकर हिसाब किताब कर रहा था। तभी अचानक दो बदमाश हेलमेट लगाकर अंदर घुस आए और व्यापारी व उसके एजेंट जितेंद्र कुमार पाठक के ऊपर असलहा कनपटी पर लगा दिया। उसकी दुकान पर रखा लगभग 10 किलो चांदी के जेवर और 600 ग्राम सोने के जेवर इसके साथ ही एक लाख 80 हजार रुपए नकद लूट ले गए। जाते-जाते बदमाशों ने जान से मार देने की धमकी दी और भाग गए। घटना के बाद व्यापारी विक्षिप्त अवस्था में हो गया और 20 घंटे बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पूरे घटनाक्रम की सीसीटीवी फुटेज दुकान में लगे कैमरे में कैद है। सूत्रों की माने तो 50 लाख से अधिक के जेवरात लूटे गए हैं।

## मौलाना तौकीर 2010 के दंगे का मास्टर माइंड

### कोर्ट ने किया तलब

विधि संवाददाता, बरेली



- कोर्ट ने जारी किया आदेश, 7 आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट भी जारी
- तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी माना तौकीर का सहयोगी
- भड़काऊ भाषण देने का आरोप होने के बावजूद हटा दिया था चार्जशीट से नाम

**अमृत विचार :** फास्ट ट्रैक कोर्ट के स्पेशल जज रवि कुमार दिवाकर ने आईएमसी अध्यक्ष मौलाना तौकीर रजा को वर्ष 2010 में बरावफात के दिन शहर में हुए दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए तलब किया है। मंगलवार को विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव की गवाही के बाद चार्जशीट में तौकीर का नाम न शामिल किए जाने का संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने आदेश जारी किया। इसी आधार पर तत्कालीन कमिश्नर, डीएम, डीआईजी, एसएसपी को भी मौलाना का सहयोगी मानते हुए आदेश की प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी भेजी है। सात आरोपियों के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किए गए हैं।

शहर में 2010 में हुए दंगे के बाद प्रेमनगर पुलिस ने बलवा, विधि विरुद्ध जमाव, हत्या की कोशिश, क्रिमिनल लॉ एक्ट, लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम जैसी गंभीर धाराओं में 178 नामजद और हजारों अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। राज्य बनाम शहजादे आदि नाम से यह केस फास्ट ट्रैक कोर्ट में विचाराधीन है। डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक के मुताबिक कोर्ट ने विचारण के दौरान पाया कि केस फाइल में यह तथ्य है कि दंगे के दिन तौकीर रजा ने कोहाड़ापीर में मंच से पुलिस-प्रशासन और हिंदुओं को ललकारा था कि आधे घंटे में चाहबाई से जुलूस नहीं निकलने दिया गया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। खून की नदियां बहा दूंगा। हिंदुओं के घर को तहस-नहस कर आग के हवाले कर दूंगा। लेकिन इसके बावजूद चार्जशीट से मौलाना तौकीर का नाम हटा दिया गया। मंगलवार को केस के विवेचक इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने गवाही दर्ज कराई। इस दौरान उन्होंने विवेचना में सामने आए तथ्यों का उल्लेख करते हुए अदालत में बताया कि दंगे वाले दिन मौलाना तौकीर रजा ने दोपहर में कोहाड़ापीर आकर भड़काऊ भाषण दिया था। इसके बाद कोर्ट ने मौलाना तौकीर को दंगे का मास्टर माइंड मानते हुए अगली सुनवाई पर तलब कर लिया। अगली सुनवाई 11 मार्च को होगी।

## नक्सली गतिविधियों में लिप्त दंपती को एटीएस ने दबोचा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप

**अमृत विचार:** एटीएस ने नक्सली गतिविधियों में शामिल रहे पति-पत्नी को गिरफ्तार किया है। प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र के जयंतीपुर प्रीतम नगर से कृपाशंकर सिंह और उसकी पत्नी बिन्दा सोना उर्फ मंजू उर्फ सुमन को पकड़ा गया है। दोनों पति-पत्नी वहां छिपकर किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों भाकपा (भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, माओवादी) के प्रमुख सदस्य रहे हैं। कृपाशंकर सिंह मूलतः कुशीनगर का जबकि उसकी पत्नी रायपुर छत्तीसगढ़ की रहने वाली है।

एटीएस ने 5 जुलाई 2019 में सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। सभी पर देश के विभिन्न राज्यों में नक्सली घटनाओं में शामिल होने और किसानों, मजदूरों को बहलाकर नक्सल संगठन के लिए काम करने के लिए तैयार करने का आरोप था। जांच के दौरान दो अभियुक्त मनीष श्रीवास्तव और अमिता श्रीवास्तव को उसी समय गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। साल 2023 में दो और अभियुक्तों बृजेश कुशवाहा और प्रभा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिले शव की हुई शिनाख्त

**तारुन, अयोध्या।** तारुन थाना क्षेत्र में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मिले 25 वर्षीय युवक के शव की मंगलवार को शिनाख्त हो गई। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने बताया कि मृतक की पहचान अंकुर तिवारी पुत्र कामता प्रसाद निवासी रायगंज थाना भीटी जनपद अम्बेडकरनगर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि परिजनों के अनुसार वह घर से बारात जाने की बात कह कर निकला था। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है फिलहाल हर पहलुओं की जांच की जा रही है।

# मेडिकल कॉलेज से पहली बार निकलेगी चिकित्सकों की फौज

अयोध्या कार्यालय



मेडिकल कॉलेज में परीक्षा देते एमबीबीएस के छात्र-छात्राएं।

▸▸ सात तक चलेंगी परीक्षाएं, अप्रैल में 100 विद्यार्थी बन जाएंगे डॉक्टर

> अयोध्या के साथ बहराइच, बस्ती, फिरोजाबाद व शाहजहांपुर से भी 100-100 एमबीबीएस चिकित्सक निकलेंगे। अभी तो फिलहाल इंटर्नशिप में चिकित्सकों को लगाया जाएगा। - डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्राचार्य, मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार :** राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज अप्रैल में चिकित्सकों की फौज देने जा रहा है। पहली बार मेडिकल कॉलेज से 100 विद्यार्थी एमबीबीएस डॉक्टर बनकर निकलेंगे। इनके पास आउट होते ही न सिर्फ मरीजों को सहुलितय मिलेगी बल्कि मेडिकल कॉलेज व अन्य संस्थानों में चल रहा टोटा भी समाप्त होगा।

अयोध्या मेडिकल कॉलेज में वर्ष 2019 में पहली बार एमबीबीएस की कक्षाएं आरंभ हुई थी। प्रथम बैच में 100 विद्यार्थियों का दाखिला हुआ था। इसमें 54 छात्राएं व 46 छात्र शामिल हैं। सभी विद्यार्थी अपनी चार वर्षों की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, अब इनकी परीक्षाएं चल रही हैं। परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसलिए बाहरी मेडिकल कॉलेज के परीक्षक निगरानी में जुटे हैं। सात मार्च को परीक्षा समाप्त होने के बाद 18, 19, 20 और 21 मार्च को प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। माह के अंत तक परीणाम आ जाएगा। इसके बाद नेशनल मेडिकल कमीशन के निर्देश के आधार पर एमबीबीएस चिकित्सकों को एक साल तक के लिए कॉलेज में ही इंटर्नशिप करनी पड़ेगी। तीन-तीन महीने के लिए सर्जरी, मेडिसिन व आर्थो समेत अन्य विभाग में जाकर वरिष्ठ चिकित्सकों की निगरानी में मरीजों का इलाज करना पड़ेगा। इसके बाद बांड के तहत दो वर्षों तक जूनियर चिकित्सकों के रूप में सेवा देनी होगी।

## रन फॉर राम : 10 को अंतरराष्ट्रीय मैराथन

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या में 10 मार्च को एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की मैराथन 'रन फॉर राम' आयोजित होने जा रही है। जिसमें 10 हजार लोगों के भागीदारी करने की उम्मीद है। आयोजन का उद्देश्य लोगों को श्रीराम के जीवन व उनकी शिक्षाओं से जोड़ना है। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार राशि इस आयोजन को और भी अधिक रोमांचक बनाती है। 21 किमी. श्रेणी में पहले स्थान के विजेता को 1.5 लाख, दूसरे स्थान के विजेता को 75 हजार और तीसरे स्थान के विजेता को 50 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। 10 किमी. श्रेणी में विजेता के लिए पुरस्कार 51 हजार, उपविजेता के लिए 21 हजार और तीसरे स्थान पर रहने वाले को 11 हजार की राशि दी जाएगी। मैराथन में शामिल होने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यूडॉटरनफॉररामडॉटकॉम पर नाम दर्ज कराया जा सकता है।

# अब शासन ने शिक्षकों के लिए खींची लक्ष्मण रेखा

▸▸ परिषदीय विद्यालयों के लिए लागू हुआ टाइम एंड मोशन सिस्टम, नए सत्र से प्रभावी बनाने के निर्देश

▸▸ 240 शैक्षिक दिवस की पढ़ाई अनिवार्य, शिक्षकों की सम्बद्धता पर भी लगी रोक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शासन की ओर से परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों के लिए नए सत्र से एक और 'लक्ष्मण रेखा' खींच दी गई है। नए सत्र को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने टाइम एंड मोशन सिस्टम लागू कर दिया है। अब शिक्षक नए सत्र से मनमानी और बहानेबाजी कर स्कूल से गायब नहीं हो सकेंगे।

इतना ही नहीं 240 शैक्षिक दिवस की पढ़ाई रूप से कराने और जरूरत पर अतिरिक्त कक्षाएं चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा शिक्षकों की सम्बद्धता पर भी रोक लगा दी गई है। महानिदेशक द्वारा जारी आदेश के बाद अब 1792 परिषदीय विद्यालयों के करीब 5500 शिक्षकों में खलबली मची हुई है। स्कूल के समय में पठन-पाठन के अतिरिक्त अन्य काम, बैठक, प्रशिक्षण आदि पर रोक लगेगी। शिक्षकों से विद्यालय अवधि में पढ़ाई के अतिरिक्त कोई और काम नहीं कराने के निर्देश दिए गए हैं। शासन ने नए सत्र में इसे प्रभावी बनाने के लिए विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

### प्रशिक्षण के अतिरिक्त नहीं छोड़ सकेंगे स्कूल

प्रशिक्षण के अतिरिक्त कोई भी शिक्षक विद्यालय से बाहर नहीं जाएगा। बीएसए बीईओ इस दौरान किसी तरह का प्रशिक्षण व बैठक नहीं करेंगे, अन्यथा उन पर कार्रवाई की जाएगी। बैंकिंग के सभी काम ऑनलाइन करने को कहा गया है। अधिष्ठान संबंधी काम के लिए शिक्षक बीएसए बीईओ कार्यालय नहीं जाएंगे। स्कूल टाइम में शिक्षक अगर अनुपस्थित मिलते हैं तो उनका वेतन काटा जाएगा। शिक्षकों को कार्यालय के काम के लिए बीएसए-बीईओ संबद्ध नहीं करेंगे।

### स्कूल अवधि के बाद ही करने होंगे यह कार्य

नि:शुल्क किताब वितरण, डीबीटी व अन्य किसी भी सामग्री का वितरण शिक्षक विद्यालय अवधि के बाद करेंगे। शिक्षक संकुल बैठकों का आयोजन स्कूल समय के बाद किया जाए। पीटीएम व छात्रों के घर भ्रमण भी विद्यालय अवधि के बाद करेंगे। यह भी निर्देश दिया गया है कि शिक्षक 15 मिनट पहले आकर व 30 मिनट बाद रुककर अगले दिन की रूपरेखा बनाएं।

> नए सत्र को लेकर आदेश मिला है। सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़ाई से पालन कराने के लिए निर्देश दिया गया है। नवीन नियमों का पालन कराया जाएगा। - संतोष कुमार राय, बीएसए



हाथ में काली पट्टी बांध कर विरोध जताते शिक्षक। अमृत विचार

### काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के के निर्देश पर मंगलवार को यहां डिजिटाइजेशन के विरोध में जनपद जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के सदस्यों ने काली पट्टी बांध विरोध जताया। जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी के अनुसार यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें सभी शिक्षक शालीनता पूर्वक अपना विरोध दर्ज करा रहे हैं। महामंत्री चंद्रजीत यादव ने जनपद के सभी शिक्षकों से आह्वाहन किया है कि 11 मार्च को जिला मुख्यालय पर बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर 3.15 बजे एकत्र हों। बीएसए के माध्यम से ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया जायेगा। प्रदर्शन में जिसमें अरुण कुमार, चंद्रजीत, मो तारिक, धर्मेन्द्र कुमार, बदरुद्दुजा, मो कासिम, सीपी यादव, रामजी गुप्ता, हरिकिशन, कमलेश, अमरजीत, नरेंद्र, लालबहादुर, नागेश, नंदलाल पाल, राजेन्द्र आदि शामिल रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, हत्या की आशंका

**मिल्कीपुर अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर के खण्डासा थाना क्षेत्र के गद्दोपुर गदुरही बाजार में 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राम केश मौर्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के बेटे गुड्डू ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि सोमवार रात में घर के बाहर दरवाजे पर लहूलुहान हालत में उसकी मां पड़ी हुई थी। सिर पैर और हाथ में चोट के गंभीर निशान थे। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि मृतक रघुराजी पत्नी धर्मराज व उसके एक बेटे का मोबाइल फोन घटना के बाद से लापता है। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर सुनील कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। उन्होंने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। सभी पहलुओं को लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने शक के आधार पर मृतका के परिजनों समेत कुछ लोगों को पूछताछ के लिए उठाया है।

▸▸ शरीर पर पाए गए चोट के गंभीर निशान

# प्रदेश का विकास ही भाजपा का मुख्य लक्ष्य

पूराबाजार, अयोध्या

**अमृत विचार :** सांसद लल्लू सिंह ने यहां गांधी सभागार भवन का शिलान्यास किया। करीब 33 लाख 75 हजार की लागत से गांधी सभागार का निर्माण होगा। इस मौके पर सांसद ने कहा कि भाजपा का एकमात्र लक्ष्य देश और प्रदेश का विकास है।

गांधी सभागार का निर्माण जीर्ण-शीर्ण पड़े पंचायत घर के स्थान पर किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि पंचायत प्रणाली देश समाज के लिए सर्वोत्तम प्रणाली है। इससे समय व धन दोनों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश व समाज का उत्तरोत्तर विकास ही भाजपा की प्रमाणिकता है। उन्होंने कहा कि सभी सुविधाओं से लैस गांधी सभागार बनाया जा रहा है। जिससे क्षेत्र के लोग इसका लाभ ले सकें। इस मौके विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सरकार की खूबियां गिनाते हुए कहा कि आगामी चुनाव में अयोध्या के गौरव के अनुरूप सांसद को ऐतिहासिक मतों से विजई बनाना है। गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, शारदा यादव, डॉ अरुण त्रिपाठी, शिवनरायन तिवारी, रामप्रीत वर्मा, ओम प्रकाश यादव, नंदकुमार सिंह, ध्रुव गुप्ता दिनेश मिश्रा, रणधीर सिंह डब्लू, भाजपा मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी, राजेश पाठक, ओमप्रकाश यादव, सतीश सिंह आदि मौजूद रहे।




गांधी सभागार का शिलान्यास करते सांसद लल्लू सिंह व विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

▸▸ 33 लाख 75 हजार की लागत से बनने वाले गांधी सभागार का हुआ शिलान्यास

### 63 में 45 हजार छात्रों की छात्रवृत्ति का डाटा संदिग्ध

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिले में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए कुल 63600 विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इनमें कक्षा 11 व 12 के 5244 और दशमोत्तर कक्षाओं के 40660 छात्रों का डाटा संदिग्ध मिला। जनपद स्तरीय समिति की बैठक में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक डीएम नितीश कुमार ने स्क्रूटनी कराने और पात्र छात्रों डाटा भेजे जाने का निर्देश दिया। जिला समाजय कल्याण अधिकारी आरबी सिंह ने कहा कि सभी सिक्षण संस्थानों को अपना डाटा चेक करके प्रमाण के साथ सात जनवरी तक विभाग में भेजा जाना है। बैठक में सीडीओ ऋषि राज, सीटीओ, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सहित अन्य लोग थे।



नदी महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### नदी महोत्सव में दिव्यांग बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** नदी महोत्सव कार्यक्रम में मुस्कान पुनर्वास केंद्र के मूक बधिर बच्चों ने लोगों को प्रस्तुतियों से मोह लिया। दोनों पैरों से दिव्यांग बालिका वंदना पांडे एवं वाणी शुक्ला ने हाथों के सहारे नृत्य किया। नन्हा बालक समर वर्मा मूक बधिर था किंतु उसने भी माइकल जैक्सन की छाप नृत्य में छोड़ी। स्लो लर्नर वैष्णवी द्वारा तू गंगा मां है पर सोलो नृत्य प्रस्तुत किया गया। मूकबधिर बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। जिसमें मुख्य रूप से रिया मिश्रा, चांदनी वर्मा, तनुजा यादव, परी और रिमझिम ने भाग लिया। शिव तांडव स्त्रोत पर मूकबधिर बच्चों द्वारा एक के बाद एक लगातार 6 पिरामिड बना कर देश का तिरंगा लहराया। बच्चों ने नमामि गंगे पर नाटक प्रस्तुत किया। मूक बधिर बच्चों ने कला प्रतियोगिता में भाग लेकर नदी की स्वच्छता पर ध्यान आकर्षित किया। जिला गंगा समिति की परियोजना अधिकरण श्वेता साहू ने बच्चों को पुरस्कृत किया। मुस्कान पुनर्वास केंद्र की निदेशक डॉ रानी अवस्थी, प्रभागीय वन अधिकारी अरुण कुमार मौर्या, गंगा समिति एवं वन विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### फार्मास्यूटिकल उद्योग में सुनहरा भविष्य: डॉ. आवेश

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी में फार्मास्यूटिकल उद्योग में मैन्युफैक्चरिंग स्किल विषय पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता नेशनल इंस्टीटयूट ऑफ फार्मास्यूटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, रायबरेली के डॉ आवेश कुमार यादव रहे। उन्होंने कहा कि फार्मास्यूटिकल उद्योग में सुनहरा भविष्य है। मैन्युफैक्चरिंग स्किल, क्वालिटी कंट्रोल, मैटेरियल हैंडलिंग के क्षेत्र में विद्यार्थी भविष्य सुदृढ़ कर सकते है। डायरेक्टर प्रो शैलेंद्र कुमार ने फार्मेसी में कैरियर की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ अनिल कुमार, डॉ सिंधु सिंह, डॉ विमल कुमार यादव, डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ विष्णु प्रसाद यादव, डॉ अंकुर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### मांगों को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार यादव को सौंपा। ज्ञापन में सामयिक संग्रह अमीन से नियमित संग्रह अमीनों को विनियमितीकरण, इसके बाद सेवा काल को समायोजित करके वेतन एवं पेंशन निर्धारण, ग्रेड वेतन 2400 दिए जाने, मोटरसाइकिल भत्ता, रिक्त पदों को सामयिक संग्रह अमीन औरअनुसेवक से एक ही बार में भरने, संग्रह अमीन के पद को जोखिम का पद घोषित करने,राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति, संग्रह अमीन एवं लेखपाल संवर्ग के पदों के सापेक्ष 33 फीसदी पदों पर पदोन्नति, लैपटॉप उपलब्ध कराए जाने सहित अन्य मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह, मंडल उपाध्यक्ष डेनियल भारती जिलेदार यादव ,सूर्यवीर ,ब्रह्मदेव मिश्र, बाबूराम, अजीत मौर्य आदि थे।

### योजनाओं के क्रियान्वयन से लोगों में उत्साह : डॉ. बांके बिहारी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रुदौली विधानसभा क्षेत्र के भैरव धाम में लोकसभा चुनाव संयोजक डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी व प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को हवन-पूजन कर चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके बाद सभा का आयोजन हुआ। लोक सभा चुनाव प्रभारी डॉ. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से आम जनता में उत्साह है। लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा रामनगरी के विकास के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, ओम प्रकाश सिंह, महामंत्री राघवेंद्र पांडे, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी कमला शंकर पांडे, संयोजक ब्लॉक प्रमुख राजीव तिवारी आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला न्यायालय परिसर में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन होगा। इसमें अधिक से अधिक वादों को आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराया जाएगा। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र सिंह यादव ने मंगलवार को दी।

### उठो सिया श्रंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है




**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामकथा पार्क में गीत संगीत और नृत्य से रामोत्सव उल्लास के चरम पर है। सोमवार रात महोबा बुंदेलखंड से आए हीरालाल और साथियों ने कार्यक्रम का आरंभ आल्हा ..राम चले है अयोध्या की ओर से हुआ। इसके बाद प्रयागराज से आई तनु सोनकर के दल ने लोकगीतों पर राम जी के जीवन प्रसंगों पर नृत्य करके उल्लास की छटा बिखेर दी। उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है गाकर स्वयंवर मंचित किया। काशी से आए रुद्र शंकर मिश्र के दल ने अपनी प्रस्तुति में शिव आराधना की। जिस पर श्रीजा, स्नेहा, आयुषी, रत्नप्रिया, समीक्षा ने कथक करके भक्ति का वातावरण बना दिया। ड्रम पर उदय शंकर और सारंगी पर ओम सहाय रहे। राजस्थान से आए सुहाना राम भील ने मनवरी, सुरेश और विक्रम के साथ पारंपरिक भजन सुनाए। पारंपरिक परिधान में वाद्ययंत्रों के साथ कलाकारो की जुगलबंदी बेहद आकर्षक थी। अंतिम प्रस्तुति लखनऊ से आई सपना सिंह के दल ने किया। श्रीहरि विष्णु का रामावतार आह्वान से लेकर राम जन्म, विवाह, अयोध्या वापसी और राज्याभिषेक का प्रसंग लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। संचालन उद्घोषक देश दीपक मिश्र ने किया। अंतरराष्ट्रीय रामायण एवम वैदिक शोध संस्थान के निदेशक डॉ लवकुश द्विवेदी के निर्देशन में कलाकारों का सम्मान समन्वयक अतुल कुमार सिंह ने किया।

### काव्य परंपरा में हुआ प्रभु राम का गुणगान

**अयोध्या, अमृत विचार :** प्रभु राम की आराधना करने के लिए रामोत्सव -2024 में साहित्य संस्कृति मंच पर मंगलवार को देश भर के महनीय रचनाकार उपस्थित रहे।मेरठ से पधारे कवि सौरभ जैन सुमन के संचालन में प्रारंभ हुए कवि सम्मेलन को पटना के कवि कुमार रजत और गीतकार गौरव दीक्षित मासूम ने प्रभु राम की स्तुति करके गति प्रदान की। उसके बाद मनोज मिश्र कप्तान ने अपनी रचनाओं से सभी को प्रभावित किया। मोहित शौर्य के ओजस्वी स्वर में प्रभु की वंदना सुनाई।मुरैना के रचनाकार राजवीर भारती ने ब्रज में राम की स्तुति में घनाक्षरी पढ़कर सभी को भावुक किया।शेखर त्रिपाठी और रजनीश मिश्र ने अपनी प्रस्तुति से पूरा माहौल राममय कर दिया।दिल्ली से आए राकेश मिश्र सरयूपारीण ने अपने साहित्य -कौशल का परिचय दिया और डॉ. वागीश दिनकर ने अपने काव्यपाठ से सभी को रोमांचित किया।

# 13 राजकीय विद्यालयों में 10 करोड़ से बनेंगी स्मार्ट क्लास

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले के माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत प्रदेश सरकार ने शिक्षा के मंदिरों को बड़ा तोहफा दिया है। जिले के 13 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का करीब 10 करोड़ की लागत से स्मार्ट क्लास सहित कायाकल्प कराया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय समिति की ओर से स्मार्ट क्लास के लिए राजकीय विद्यालयों का चयन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री द्वारा रविवार को इसका शुभारंभ भी किया गया है। जिले में 16 राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। शासन की तरफ से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में आधुनिक बुनियादी सुविधाएं बहाल करने की कवायद तेज हो गई है। विद्यालयों में सुविधाएं नहीं होने से छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इसे ध्यान में रखते हुए शासन ने प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत विद्यालयों का जीर्णोद्धार, पुर्ननिर्माण, नए निर्माण व अवस्थापना सुविधाओं का विकास किया जाएगा। सरकार ने इन कार्यों के लिए 931.35 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया है। इसमें से 465.675 लाख रुपये निर्गत भी कर दिए है।

### चयनित विद्यालयों में यह सुविधाएं मिलेगीं

चयनित विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के लिए स्वच्छ पेयजल व्यवस्था, शौचालय, अतिरिक्त कक्षाएं, भौतिक एवं रसायन विज्ञान प्रयोगशाला, जीव विज्ञान प्रयोगशाला कक्ष, मल्टीपरपज हाल के साथ-साथ पुस्तकालयों का निर्माण होगा। जिला समन्यवक अनुराग कश्यप ने बताया कि इस योजना के लागू हो जाने से विद्यालय सुंदर व स्वच्छ दिखेंगे। जिससे पढ़ाई की व्यवस्था सुविधाजनक होगी।

## कैबिनेट के फैसले से 25 हजार नलकूप किसानों को होगा लाभ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अप्रैल महीने से किसानों को ट्यूवबेल के बिजली का बिल नहीं देना होगा। प्रदेश सरकार ने किसानों के बिजली के बिल पर सौ फीसदी की छूट प्रदान की है। कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को यह फैसला लिया गया। जिले में बिजली के कुल सवा चार लाख उपभोक्ता हैं। इनमें 25 हजार नलकूप किसान हैं। कैबिनेट की बैठक में किसानों के नलकूप के बिजली बिल पर 100 फीसदी की छूट प्रदान की गई है। अब तक किसानों के नलकूप के बिल पर 50 फीसदी की छूट थी। सरकार के इस फैसले से जिले के 25 हजार बिजली उपभोक्ता किसानों को लाभ होगा। नए वित्तीय साल के पहले महीने अप्रैल से किसानों को नलकूप का बिल नहीं देना होगा। इसके साथ ही कैबिनेट ने एक और फैसला लिया है। कहा गया है कि किसानों के नलकूप पर बकाए बिल के भुगतान के लिए ब्याज रहित भुगतान की योजना लाई जाएगी। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम प्रदीप कुमार ने बताया कि अभी इसका कोई आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

▸▸ अप्रैल से नहीं देना होगा बिजली का बिल

# चुनाव पूर्व सपा में कुछ नेताओं के बढ़े कद



समाजवादी पार्टी कार्यालय पर प्रत्याशी अवधेश प्रसाद व अन्य पदाधिकारी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव से पूर्व समाजवादी पार्टी में कुछ के कद बढ़ गए तो कइयों की वापसी हो रही है। रुदौली के पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी की घर वापसी के बाद उनके नजदीकी रिजवान रसूल और शाहिद हुसैन रुमी को राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसके अलावा कईयों का मनोनयन किया गया। इसी क्रम में पार्टी कार्यालय पर मंगलवार को नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत समारोह हुआ। लोकसभा प्रत्याशी विधायक अवधेश प्रसाद ने कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव समाजवादी पार्टी जीत हासिल करेगी। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि सभी चुनाव के लिए जुटे। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया। चौधरी बलराम यादव ने बताया राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा राजा मानसिंह, प्रदेश सचिव लाल देव चौरसिया, शाहिद हुसैन, लाल यादव, विजय बहादुर वर्मा, अजय रावत, सरफराज नसरुल्लाह, युवजन सभा अध्यक्ष जय सिंह यादव, मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड अध्यक्ष शोएब खान, लोहिया वहिनी अध्यक्ष अतुल चौधरी, अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष विद्याभूषण पासी समेत अन्य का स्वागत किया गया।

## रामराज्य की स्थापना में सभी को देना होगा योगदान : प्रो. आशुतोष

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को ए स्टडी ऑफ इकोनामिक कान्सेप्सन इन इंडियन नॉलेज सिस्टम विषय पर अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में तीन दिवसीय कार्यशाला शुरु हुई। अध्यक्षता कर रहे कला एवं मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आशुतोष सिन्हा ने बताया कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर निर्माण के बाद हम सभी की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि राम राज्य की स्थापना के लिए जरूरी है कि श्रीराम के अर्थशास्त्र को समझने व उनके अनुरूप ही देश की आर्थिक प्रणाली तथा संरचना का विकास करना है। कार्यशाला की संयोजक एवं राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की डॉ. प्रतिभा कुमारी ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं महत्वपूर्ण तथ्यों से अवगत कराया। संस्कृत विद्वान प्रो. बाल देवानन्द सागर, एनसीईआरटी के प्रो. प्रमोद दूबे, अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. विनोद श्रीवास्तव व डॉ. रामानन्द शुक्ला ने भी अपने विचार रखे।

## राग उत्सव

### पं. अभय सोपोरी ने संतूर वादन से रामलला को किया आनंदित

# असम की सरोदी चौकिया का नृत्य देख झूमे दर्शक

अयोध्या कार्यालय





रागोत्सव में प्रस्तुति देतीं नृत्यांगना एवं रामलला के दरबार में संतूर वादन की प्रस्तुति देते प्रख्यात संगीतकार पंडित अभय सोपोरी।

**अमृत विचार :** राम मंदिर में राग उत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को रामलला के समक्ष कश्मीर के प्रसिद्ध संगीतकार पंडित अभय सोपोरी ने संतूर वादन की प्रस्तुति दे रामलला को आनंदित कर दिया। इसके बाद असम की प्रसिद्ध नृत्यांगना सरोदी सैकिया ने अपने नृत्य से माहौल को राममय कर दिया। प्रस्तुतियां देख श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ के महासचिव चंपत राय, आयोजक साहित्यकार यतीन्द्र मोहन मिश्र और अन्य गणमान झूम उठे।

पंडित अभय सोपोरी एक बहुमुखी और प्रतिष्ठित संगीतकार हैं। संगीत के महान गुरु पंडित शंभू नाथ सोपोरी जी के पोते हैं, जिनको जम्मू-कश्मीर में भारतीय शास्त्रीय संगीत का जनक माना जाता है। कश्मीर के 300 साल पुराने सोपोरी-सूफियाना घराने से आने वाले पंडित अभय सोपोरी शैव-सूफी संगीत परंपरा की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। जिन्हें संयुक्त राष्ट्र मान्यता प्राप्त महात्मा गांधी शांति पुरस्कार, भारत के टॉप ग्रेड कलाकार की मान्यता, अटल शिखर सम्मान, चुनाव आयोग द्वारा जम्मू-कश्मीर का स्टेट आइकॉन टाइटल, जम्मू-कश्मीर सरकार पुरस्कार, बेस्ट सिटीजन्स ऑफ़ इंडिया अवार्ड, भारत सरकार की संगीत नाटक अकादमी के पहले युवा पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुके हैं।

## श्रीराम महायज्ञ में शामिल हुए ऑस्ट्रेलिया व लंदन के यजमान



श्रीराम महायज्ञ में शामिल वैदिक आचार्य।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सरयू तट पर महामंडलेश्वर स्वामी प्रखर महाराज के सान्निध्य में 1700 वैदिक ब्राह्मणों के द्वारा लक्षचंडी और श्रीराम महायज्ञ किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए भारत के विभिन्न राज्यों के साथ नेपाल, ऑस्ट्रेलिया और लंदन से यजमान पहुंचे हैं। अनुष्ठान के लिए बने 100 कुंडीय यज्ञशाला में मंगलवार को 100 यजमानों ने एक लाख आहुतियां डालीं। आयोजक मंडल की सदस्य माता चिदानंदमयी ने बताया कि 22 फरवरी से प्रारंभ हुए महायज्ञ में नेपाल के भी 200 आचार्य अनुष्ठान कर रहे हैं। अनुष्ठान के लिए 100 यजमानों का चयन किया गया है। अन्य लोगों के शामिल होने के लिए दो अलग यज्ञशाला का निर्माण कराया गया है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के विकास और लोक कल्याण के लिए सहस्त्र धारा लक्ष्मण घाट पर 17 दिवसीय लक्षचंडी और श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा हैं। अनुष्ठान के 13वें दिन मंगलवार को महायज्ञ के बाद संत सम्मेलन का भी आयोजन किया गया।, जिसमें महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, संकट मोचन सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दास, हरिद्वार पट्टी के महंत मुरली दास सहित अन्य साधु संत शामिल हुए। संत सम्मेलन में कर्म-अकर्म व विकर्म के विषय पर धर्म चर्चा संपन्न हुई।परोपकार मिशन संस्कृत अकादमी के डायरेक्टर डॉ. सज्जन प्रसाद तिवारी ने कहा कि व्यक्ति के द्वारा जो कर्म बिना किसी स्वार्थ अभिलाष में किए जाते हैं वही वास्तव में कर्म होते हैं।




## एक नजर

### सात राज्यों से आए 40 आईएएस अधिकारियों ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डिजिटल क्रॉफ्ट सर्वे कार्यशाला में शामिल होने से पहले सात अलग-अलग राज्यों से 40 सदस्यीय आईएएस अफसरों के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार यहां पहुंच रामलला का दर्शन किया। जिला कृषि अधिकारी ओमप्रकाश मिश्रा ने बताया की सभी अधिकारी रामलला का दर्शन कर भावुक हुए और प्रसन्नता व्यक्त की। बताया कि सभी दर्शन-पूजन के बाद लखनऊ के लिए रवाना हुए। उन्होंने बताया कि टीम में लगभग अलग-अलग प्रांत के 40 आईएएस अफसरों में महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब प्रांत के शामिल रहे।

### राज्य बालिका हॉकी प्रतियोगिता आज से

**अयोध्या कार्यालय।** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हॉकी संघ के संयुक्त समन्वय से राज्य स्तरीय सबजूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार से डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में किया जाएगा। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा ने बताया कि छह दिवसीय राज्य स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट ट्रेनी आईएएस पूजा साहू बुधवार को शाम चार बजे करेंगी। प्रतियोगिता का समापन 11 मार्च को पुरस्कार वितरण के साथ समारोह पूर्वक पूर्वाह्न 11 बजे होगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों की टीमों की लगभग 250 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगी। खिलाड़ियों के आवास व भोजन की व्यवस्था क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय की ओर से क्रीड़ा संकुल में की गई है।

### एलएलबी की परीक्षा में 27 नकलची पकड़े गए

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की एलएलबी त्रि-वर्षीय एवं पंचवर्षीय के तृतीय, पंचम, सप्तम व नवम सेमेस्टर की परीक्षा मंगलवार को सकुशल सम्पन्न हो गई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि द्वितीय पाली में एलएलबी त्रि-वर्षीय तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा में सचलदल की सघन तलाशी में सिटी लॉ कॉलेज में 23 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते धरे गए। टीआरसी लॉ कालेज बाराबंकी में चार परीक्षार्थी नकल करते हुए पकड़े गए।

# कई गांवों में सेना की भूमि पर अतिक्रमण

## युद्धाभ्यास की जमीन पर खड़ी कर दीं इमारतें, स्कूल व गोदाम, कई रसूखदार लोगों के भी हैं भवन

अयोध्या कार्यालय

एक्सक्लूसिव

▸▸ शहर और हाईवे से सटी जमीनें भू-माफिया के निशाने पर

**अमृत विचार :** सरयू की कछार में बसे कई गांवों में सेना के युदधाभ्यास के लिए अधिसूचित भूमि पर अतिक्रमण है। जमीन पर इमारतें खड़ी कर ली गई। नामी गिरामी स्कूल बना लिया गया। इस पर किसी की नजर नहीं गई। धंधा जोरों पर है। इनमें रसूखदार लोगों की भी बड़ी-बड़ी इमारते खड़ी हैं। मामला खुलने के बाद अतिक्रमणकारियों में हलचल मची। लखनऊ से दिल्ली तक की दौड़ लगा रहे हैं।

सेना के लिए 14 गांवों की अधिसूचित जमीनें भू-माफिया के निशाने पर है। अतिक्रमण तो पहले भी हुए, लेकिन मामूली। नियमानुसार अधिसूचित भूमि पर पक्का निर्माण नहीं कराया जा सकता है। श्रीराम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद अतिक्रमण की बाढ़ आ गई। जमीन के भाव आसमान छूने लगे। जमीन के काश्तकारों के साथ एग्रीमेंट करके भू-माफिया मुंह मांगी कीमत पर जमीन बेचने लगे। डूब क्षेत्र की जमीनों को भी दो हजार रुपये प्रति वर्ग फुट तक बेचा गया। धड़ाधड़ इनकी रजिस्ट्री हुई। आनन-फानन कंक्रीट के जंगल उगाए जाने लगे।

वर्तमान में सेना से युद्धाभ्यास की जमीन पर नामी-गिरामी स्कूल, गोदाम और अवैध प्लाटिंग देखी जा सकती है। सेना ने इसी अतिक्रमण को हटाने के लिए दो महीने पहले डीएम को पत्र भेजा था। डीएम नितीश कुमार ने जवाब में सेना को पत्र भेजकर मदद में दो एसडीएम की तैनाती कर दी है। अब जल्द कार्रवाई होने की बात कही जा रही है।

### पड़ताल में दिखी कुछ ऐसी स्थिति

कुछ क्षेत्रों के मौके पर पड़ताल में बनवीरपुर ग्राम पंचायत के नौ गाटों पर अवैध प्लाटिंग और कई स्कूल व इमारतें दिखीं। हाजीपुर सिंहपुर ग्राम पंचायत के दो गाटों पर गोदाम, एक पर स्कूल, जमीन के चार नंबरों में अवैध प्लाटिंग साफ दिखती है। घाटमपुर ग्राम पंचायत के तीन गाटों पर सुनियोजित प्लाटिंग और निर्माण बताया गया है। एडीए ने एक बार इसका ध्वस्तीकरण किया। दोबारा फिर इस पर प्लाटिंग की गई। मांझा कला में तो बड़े भूभाग पर अवैध प्लाटिंग का कारोबार फल फूल रहा है। ऐसा भी नहीं कि किसी को इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन जिम्मेदारी एक-दूसरे पर टालने का प्रयास है।

> जिलाधिकारी की ओर से सेना की अधिसूचित भूमि से अतिक्रमण के बावत तैनाती की गई है। सेना से अपेक्षित सहयोग टीम के जरिए किया जाएगा।
> - राज कुमार पांडेय, उप जिलाधिकारी सदर

# प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षिका ने दूसरी को पीटा

रुदौली, अयोध्या

▸▸ पीड़ित शिक्षिका ने दी तहरीर

**अमृत विचार :** शिक्षा क्षेत्र मवई के प्राथमिक विद्यालय पूरे शाहलाल में मंगलवार को एक शिक्षिका ने दूसरी शिक्षिका की लात घूंसो से जमकर पिटाई की। पीड़ित महिला शिक्षक ने थाना पटरंगा में पहुंच कर मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है।

शिक्षा क्षेत्र मवई के प्राथमिक विद्यालय पूरे शाहलाल में कक्षा 5 में शिक्षका जसविंदर कौर गणित पढ़ा रही थी। लगभग पौने दस बजे शिक्षिका मुक्ति सिन्हा कक्ष में पहुंची जसविंदर कौर से विवाद करने लगी। थाना पटरंगा में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि शिक्षिका मुक्ति सिन्हा ने बाल पकड़ कर लात घूसों से मारना शुरू कर दिया और जान से मारने की धमकी दी है। अध्यापिका मारिया हासिमी, क्षमा वर्मा और रसोइया ने बचाया। महिला शिक्षक की पिटाई की जानकारी मिलने पर प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत राम विद्यालय पहुंचे। उन्होंने बताया घटना की सूचना बीएसए को भेजी जाएगी। प्रधानाध्यापक मंजेश मौर्य ने बताया की शिक्षिका मुक्ति सिन्हा विद्यालय में कई बार विवाद कर चुकी है। थाना प्रभारी पटरंगा ओम प्रकाश ने बताया की तहरीर मिली है। जांच कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# निर्माण सामग्री खराब मिलने पर विधायक ने फटकारा



गुप्तारघाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

अयोध्या कार्यालय

▸▸ गुप्तार घाट के कार्यों का किया निरीक्षण, जांच व दोबारा निर्माण के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने गुप्तार घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का मंगलवार को निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री खराब मिली। मौजूद अफसरों को फटकार लगा जांच और दोबारा निर्माण के निर्देश दिए।

निर्माण पर्यटन विभाग करवा रहा है। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल से गुप्तार घाट पर पार्क व जन सुविधा केंद्र विकसित किया जा रहा है। नगर विधायक ने इसी का निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री मानक के विपरीत मिली। इस पर भड़के विधायक ने कार्यदायी संस्था के अधिकारियों और ठेकेदार की फटकार लगाई। कहा कि तत्काल इस निर्माण को तोड़कर गुणवत्ता पूर्वक सामग्री के साथ दोबारा निर्माण कराए। कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के मानक विपरीत निर्माण कार्यों की जांच का निर्देश दिया। हिदायत दी कि किसी प्रकार की हीलाहवाली या गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ हुआ सख्त कार्रवाई होगी। कहा कि प्रदेश सरकार पौराणिक महत्व के गुप्तार घाट सहित अनेक स्थलों का जीर्णोद्धार/ नवनिर्माण करा रही है जिससे हमारी भारतीय संस्कृति सदियों तक सुरक्षित रहे। और यहां गुणवत्ता के साथखिलवाड़ किया जा रहा है। निरीक्षण में उनके साथ यूपीपीसीएल के एपीएम राजेश कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी व पर्यटन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बड़े भाई के हत्यारे को उम्रकैद

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बड़े भाई की चाकू घोंप कर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने युवक को उम्रकैद की सजा सुनाई है। उस पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी हुआ है। यह फैसला जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से मंगलवार को हुआ। प्रभारी जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि घटना 26 जुलाई 2018 की शाम की है। पूराकलंदर थाना क्षेत्र के मुराई टोला कस्बा भदरसा निवासी अनूप कुमार और उसके भाई अनिल कुमार से रंजिश को लेकर कहा सुनी हो रही थी। इसी बीच अनूप कुमार ने अपने भाई के पेट में चाकू घोंप दिया । परिजन उसे जिला चिकित्सालय ले गए ।यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी रिपोर्ट मृतक की पत्नी गीता ने घटना के दूसरे दिन अपने देवर के खिलाफ दर्ज कराई थी। मामले में विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

# अवैध निर्माण की अवर अभियंता करें पड़ताल

अयोध्या कार्यालय

▸▸ एडीए के उपाध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश, बनाया व्हाटसएप ग्रुप

**अमृत विचार :** अयोध्या को आध्यात्मिक एवं विश्वस्तरीय पर्यटन नगरी के रूप विकसित किया जा रहा है। बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध निर्माण न होने पाए। यदि किसी अवर अभियंता के क्षेत्र में अवैध निर्माण पाया जाता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। ये निर्देश अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार पांडेय ने दिए। उन्होंने एक व्हाटसएप ग्रुप बनवाया और निर्देश दिए कि कोई अवैध निर्माण होता है तो अवर अभियंता अवैध निर्माण के फोटोग्राफ तथा अन्य विवरण के साथ व्हाटसएप नंबर 7607778900 पर सूचना दें।



अश्विनी कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण

उपाध्यक्ष मंगलवार को प्रवर्तन अनुभाग से सम्बन्धित अधिकारियों, अवर अभियन्ताओं एवं कर्मचारियों के साथ बैठक कर रहे थे। प्रवर्तन के अवर अभियंताओं ने अवगत कराया गया कि सभी अवर अभियन्ता अपने - अपने क्षेत्र का भ्रमण कर अवैध निर्माण के विरूद्ध नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही की जाती है। यदि कोई अवैध निर्माणकर्ता बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निर्माण करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाती है। बैठक में सचिव सत्येंद्र कुमार सिंह समेत विशेष कार्याधिकारी, प्रवर्तन कार्य के सभी अवर अभियंता , नियोजन अनुभाग से योगेन्द्र प्रसाद मानचित्रकार, पेशकार एवं वाद लिपिक मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



ब्लॉक मुख्यालय से एलईडी वैन रवाना करते अधिकारी।

### जल जीवन मिशन के प्रचार को गांवों में घूमेगी एलईडी वैन

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन का लाभ गांव की जनता को मिल सके, इसके लिए एलईडी वैन से गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। तहसील क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक एवं अमानीगंज ब्लॉक मुख्यालय से एलईडी वैन को रवाना किया गया। सहायक विकास अधिकारी ( कृषि ) उमाशंकर यादव ने हरी झंडी दिखाकर ब्लॉक में प्रचार के लिए रवाना किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी जय सिंह यादव, गुड्डू बाबू, सुनील कुमार, रामकुमार, व राजकुमार चौरसिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। अमानीगंज ब्लाक में बीडीओ अखिलेश कुमार मिश्र एवं ब्लाक प्रमुख ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एलईडी बैन को रवाना किया। जिला कोऑर्डिनेटर जय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि जनपद के सभी ब्लॉकों में जल जीवन मिशन योजना का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### परानापुर बनेगी माडल पंचायत, चलाया स्वच्छता अभियान



गांव में स्वच्छता अभियान के दौरान श्रमदान करतीं बीडीओ।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल विकासखंड की ग्राम पंचायत परानापुर को माडल पंचायत के रूप में विकसित करने के लिए कवायद शुरू हो गई है। इसे लेकर खंड विकास अधिकारी भावना यादव द्वारा पंचायत में स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को प्रेरित किया गया। माडल पंचायत को सभी योजनाओं से आच्छादित करने के लिए पंचायत द्वारा योजना का खाका खींचा गया है। प्रधान अयोध्या प्रसाद वर्मा ने बताया कि पंचायत को स्वच्छता अभियान के साथ मनरेगा, सहित अन्य योजनाओं को पहले पायदान पर लाने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। जिसके तहत सीसी रोड, इन्टर लिकिंग, जल निकासी के लिए पक्की नाली, मिट्टी की पटाई, पात्रों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। खंड विकास अधिकारी भावना यादव ने बताया कि ग्राम पंचायत परानापुर के प्रधान की ओर से योजनाओं को लेकर प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने बताया कि परानापुर को विकसित पंचायत के रूप में स्थापित करने के लिए विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

### विशाल की हत्या का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**अयोध्या, अमृत विचार :** थाना कैंट पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर विशाल यादव की हत्या के आरोप में फरार चल रहे 25 हजार के इनामी बदमाश राजीव यादव को भी मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से एक पिस्टल 32 बोर व तीन कारतूस बरामद हुए हैं। कैंट के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य ने बताया कि पुलिस टीम ने आरोपी राजीव यादव उर्फ रिंकू निवासी खोजनपुर को गोदनहर का पुरवा अब्बूसराय के पास से गिरफ्तार किया गया। मामले में आरोपी रितेश यादव को पहले ही मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया जा चुका है।

### कार्गो व ट्रकर्स पार्क के लिए आवेदन आमंत्रित

**अयोध्या, अमृत विचार :** औद्योगिक विकास विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश वेयरहाउसिंग व लॉजिस्टिक नीति-2022 प्राख्यापित की गई है। संभागीय परिवहन अधिकारी ऋतु सिंह ने बताया कि इसके अंतर्गत बथिंग टर्मिनल्स, इन्लैंड वैसेल, कार्गो टर्मिनल्स व ट्रकर्स पार्क के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए परिवहन विभाग को नोडल एजेंसी नामित किया है। इसके लिए 21 मार्च की शाम 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

### होली को लेकर बैठक 15 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार की अध्यक्षता में 15 मार्च को शाम 4 :30 बजे सभाकक्ष में होली के पर्व को सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बैठक बुलाई गई है। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट सलिल कुमार पटेल ने दी है।

### प्रवेश के लिए 15 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय बरवा मसौधा व हाजीपुर बरसेंडी, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मऊ घनश्यामपुर व नव संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मुगीशपुर में प्रवेश के लिए शुल्क आवेदन पत्र वितरित किया जा रहा है। इच्छुक अभिभावक आवेदन प्राप्त कर 15 मार्च तक जमा कर दें।

### पांच साल में आठ लाख लोगों का बना आयुष्मान कार्ड

**अयोध्या, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग आयुष्मान भारत योजना के तहत मिले लक्ष्य को पूरा करने के करीब पहुंच चुका है। जिले में पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड तेजी से बनाए व वितरित किए जा रहे हैं। 15 प्रतिशत परिवार और 35 प्रतिशत परिवार के सदस्यों का कार्ड बनते ही विभाग अपना मुकाम हासिल कर लेगा। जिले में 23 सितंबर 2018 को आयुष्मान योजना की शुरुआत की गई थी। 2, 49, 274 चयनित पात्र परिवारों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से अब तक 2, 20, 338 परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने लोगों से अपील की है कि जिन पात्र परिवारों ने अभी तक अपना व अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बनवाया है। वे पंचायत भवन व निजी स्वास्थ्य केंद्रों पर जाकर अवश्य बनवा लें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिले के 19 निजी व 16 सरकारी अस्पताल जुड़े हुए हैं। अभी तक 40111 मरीज आयुष्मान योजना का अस्पतालों में लाभ ले चुके हैं।



**आराध्य के दर्शन को उमड़े भक्त**

सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर मंगलवार को हनुमंत लला के भक्तों का सैलाब उमड़ा। भोर से देर सांय तक दर्शन के लिए कतारबद्ध श्रद्धालुओं ने जयकारों के साथ हनुमंत लला के दरबार में शीश नवाया। श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सुरक्षाकर्मियों को दिनभर जूझना पड़ा। यहां के बाद भक्तों ने रामलला के दर्शन किए। ● अमृत विचार

# अब फिर मिलेगी टीबी मरीजों को एक्स-रे की सुविधा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले की 18 ग्राम सभाओं को क्षय रोग मुक्त बनाने की घोषणा के बाद टीबी मरीजों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। दो वर्ष से ठप पड़ी डिजिटल एक्स-रे की सेवा शुरू करने का फैसला लिया गया है। टीबी चिकित्सालय के पुरानी जगह पर शिफ्ट होते ही एक्स-रे का संचालन शुरू हो जाएगा।

जिला महिला अस्पताल के भवन में दो साल से टीबी चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। इससे पहले खिड़की अली बेग स्थित टीबी चिकित्सालय में मरीजों का इलाज किया जाता था।भवन के खस्ताहाल होने के बाद वहां जीर्णोद्धार का कार्य शुरू कर दिया गया। इस बीच टीबी मरीजों को इलाज में परेशानी न आए इसलिए महिला अस्पताल के भवन में चिकित्सालय का संचालन शुरू किया गया। यहां जगह कम होने के नाते सिर्फ ओपीडी का ही संचालन होता था। मरीजों को एक्स-रे के लिए कभी जिला अस्पताल तो कभी बाहर का सहारा लेना पड़ता था, अब पुराने भवन का सौंदर्यीकरण करा दिया गया है। जहां क्लीनिक के अलावा भी कई कक्षों को सजा-संवार दिया गया है। सीएमओ डॉ. संजय जैन ने बताया कि जल्द ही चिकित्सालय को शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है।




▸▸ दो साल बाद पुराने भवन में शिफ्ट होगा टीबी चिकित्सालय

चुनावी सियासत | खेल चाहे जैसा रहे चर्चा तो अयोध्या की ही रहती है

# ऊर्जा भूमि की सियासी जंग में अब तीसरे पर नजर

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के ऊर्जाभूमि की सियासी जंग में अब तीसरे पर नजर है। फतह के लिए सियासी दलों ने कप्तानों की तैनाती शुरू कर दी है। दो की तैनात कर दी गई। राजनीति के हल्के में अब इन दोनों में संतुलन बनाने वाले प्रत्याशी की उम्मीद की जा रही है। इसके लिए कई नाम चर्चा में शामिल हैं।

अब तक के चुनावों में ऊर्जाभूमि का अहम रोल रहा है। आंकड़े और विशेषज्ञ बताते हैं कि नब्बे के दशक से अब तक के चुनाव की पृष्ठभूमि में किसी न किसी रूप में अयोध्या हमेशा बरकरार रही है। जीत चाहे किसी भी दल के प्रत्याशी की हुई हो लेकिन इसकी पृष्ठभूमि में हमेशा भगवा दुर्ग के रूप में चर्चा की गई। सन 1991 से अब तक सात चुनाव हो चुके हैं। 1991 और 1996 में भाजपा, 1999 में सपा, 2004 में बसपा, 2009 में कांग्रेस, 2014 और 2019 में भाजपा के प्रत्याशियों ने अपनी जीत दर्ज कराई।

अब लोकसभा चुनाव 2024 के लिए सियासी मैदान सजने लगा है। टीमें तैयार की जा रही है। कप्तानों की तैनाती शुरू कर दी गई है। इंडिया गठबंधन ने पहले तो सत्तासीन भाजपा ने दूसरे नंबर पर जंग को फतह करने के लिए अपने कप्तानों का नाम घोषित कर दिया। चुनावी पंडित खेल और खेल के तीखेपन को लेकर चर्चा कर रहे हैं। चुनाव की चर्चा अब चौक चौराहों तक पहुंचने लगी है। सियासी जंग में इंडिया और भाजपा के बीच तीसरे वो पर लोगों की नजर है।



**फतह के लिए कप्तानों की तैनाती का काम शुरू**

दल कई हैं लेकिन बसपा पर सबकी निगाहें है। यह इसलिए भी प्रत्याशी की जीत हार की बात छोड़ दी जाए तो वह दलों के जातीय समीकरण को प्रभावित कर सकती है। जंग को आमने-सामने की बजाए तीसरा कोण बनाने की कोशिश कर सकती है। नाम कई चर्चा में है। इनमें जिले के एक बड़े पदाधिकारी भी शामिल हैं लेकिन बसपा की कार्यप्रणाली को लेकर मुतमईन कोई नहीं है। समीकरण साधने और किसी दल को पटकनी दने के लिए बसपा लीक से हटकर प्रत्याशी उतार सकती है। दूसरे दल के प्रत्याशी भी भाग्य आजमा सकते हैं।

# यूपी बोर्ड : 12471 ने दी परीक्षा, 1169 रहे गैरहाजिर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में मंगलवार को दोनों पालियों में कुल 12471 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1169 अनुपस्थित रहे। कंट्रोल रूम की ओर से जारी सूचना के अनुसार मंगलवार को प्रथम पाली की हाईस्कूल गृह विज्ञान की परीक्षा में 11327 परीक्षार्थी शामिल हुए और 765 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट प्रथम पाली की फल एवं संरक्षण की परीक्षा में 778 उपस्थित हुए जबकि 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली की हाईस्कूल की कम्पयूटर परीक्षा में 837 उपस्थित हुए और आठ गैरहाजिर रहे। इंटरमीडिएट की कृषि भौतिक, भूगोल की परीक्षा में 6529 उपस्थित हुए और 370 गैरहाजिर रहे। वहीं दोनों पालियों की परीक्षा में राजकीय इंटर कॉलेज में बने निगरानी सेल से लगातार सभी 116 परीक्षा केंद्रों की निगरानी की जाती रही। प्रभारी चंद्र प्रकाश सरोज, अशोक सरोज, नीरज सिंह, गायत्री, मनोज दूबे, शैलेश कुमार और शिवम कुमार ड्यूटी पर सभी केंद्रों की सीसीटीवी संचालन की जांच करते रहे। प्रभारी ने बताया कि केन्द्रों पर डीवीआर और सीसीटीवी संचालित पाए गए।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे । दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक। सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे,बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### अशेष एनटीपीसी टांडा के नए परियोजना प्रमुख

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ने एनटीपीसी टांडा के नए परियोजना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। चट्टोपाध्याय के परियोजना प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण करने पर परियोजना के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। चट्टोपाध्याय का एनटीपीसी में चयन 1987 इंजीनियर ट्रेनी अधिकारी के रूप में हुआ था। उन्होंने एनटीपीसी में अपनी 37 वर्षों की लम्बी सेवा के दौरान फरक्का, रिहंद और वेल्लूर में विविध दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वाह किया है।



### अभियुक्त गिरफ्तार

अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने करमपुर मोड़ के पास से अभियुक्त अजय कुमार पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी ग्राम करमपुर बरसावा थाना इब्राहिमपुर कोचापड़ के साथ गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ थाना स्थानीय पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### लापता अधेड़ की साइकिल मिली, मुकदमा दर्ज

आलापुर, अंबेडकरनगर। पड़ोसी जनपद संतकबीरनगर के लापता हुए अधेड़ की साइकिल घाघरा नदी बिड़हर घाट पुल पर मिली। भाई ने जहांगीरगंज थाने पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कराते हुए तलाश की मांग की है। नदी उस पार संतकबीरनगर के महुली निवासी 50 वर्षीय नरेंद्र कुमार चौधरी जो कि मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। 4 मार्च को साइकिल से निकले, लेकिन घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू किया। इसी दौरान लापता हुए नरेंद्र चौधरी की साइकिल संदिग्ध परिस्थितियों में बिड़हर घाट पुल पर मिली तो स्वजनों ने अनहोनी की आशंका जताई। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर लापता हुए अधेड़ की तलाश कराई जा रही है।

# निर्वाचन में मिली शिकायतों का समय से करें निस्तारण : डीएम

## अधिकारियों ने निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बारे में नोडल अफसरों को दी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत ई एसएमएस के डिस्ट्रिक्ट नोडल अधिकारी और एफएसटी टीम के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा विस्तार पूर्वक ए-स्टेप बाई स्टेप और निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने टीम के कर्मियों को बताया गया कि निर्वाचन के दौरान मिली शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण किया जाना है। प्रशिक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी और उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराए जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरारन डीएफओ प्रणव जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### छूटे हुए मतदाताओं को सूची में करें शामिल : जिलाधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्ह और छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं, युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि ऐसे पीडब्ल्यूडी जो पंजीकृत नहीं है, को चिन्हित किया जाए और उन्हें निर्वाचक नामावली में पंजीकरण की सुविधा सुनिश्चित किया जाए। चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए जनपद में सभी प्रशिक्षणों में पीडब्ल्यूडी की विशेष जरूरतों पर संवेदनशीलता पर एक घटक शामिल किया जाए। पीडब्ल्यूडी के नामांकन और संवेदीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाय। एक सक्रिय बाधा-मुक्त वातावरण बनाया जाए, जिसमें सुलभ पंजीकरण, सुलभ मतदान केंद्र और सुलभ मतदाता जागरूकता अभियान शामिल है। बैठक के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, डीपीआरओ, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी, संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची को लेकर बैठक करते डीएम व साथ में सीडीओ।

### जनपद को बाढ़ शरणालय के लिए मिले 5.82 करोड़ रुपए

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ संवेदनशील ग्रामों में बाढ़ शरणालय निर्मित कराए जाने की योजना के तहत प्रदेश में चार जनपदों अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी और गोरखपुर में 300 लोगों की क्षमता का बाढ़ शरणालय निर्माण कराए जाने की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक जनपद में 5.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार कुल धनराशि 23.28 करोड़ स्वीकृत हुआ है। बाढ़ संवेदनशील ग्रामों में बाढ़ शरणालय निर्मित कराने की योजना के तहत 300 लोगों की क्षमता का शरणालय निर्माण कराए जाने के लिए अप्रेजल कमेटी की बीते 15 दिसंबर को संपन्न बैठक की संस्तुति और राज्य कार्यकारिणी समिति की बीते 8 फरवरी को संपन्न बैठक में दी गई स्वीकृति के क्रम में कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा तहसील टांडा में 300 लोगों की क्षमता का बाढ़ शरणालय की योजना की अनुमानित लागत 5.64 करोड़ के सापेक्ष प्रायोजना रचना मूल्यांकन प्रभाव द्वारा उक्त जनपदों में प्रति बाढ़ शरणालय योजना की लागत 5.82 करोड़ आहरित की गई है, जो प्रायोजना प्रस्ताव में डीजी सेट के स्थान पर सोलर पावर वोल्टेज 30 केडब्ल्यूपी और जनपदों के लिए औसत कॉस्ट इंडेक्स 109 अनुमन्य किए जाने के कारण प्रस्तावित लागत के सापेक्ष आगणित लागत में वृद्धि पर परिलक्षित हुई है। शरणालय के निर्माण से बाढ़ के दौरान पीड़ितों को रहने की सुविधा प्राप्त होगी।

## सार-संक्षेप

### सपा लोहिया के विचारों से दूर हो गई है : विजय

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। डॉ. राज कुमार सांगवान को बागपत संसदीय क्षेत्र का और चंदन सिंह को बिजनौर संसदीय क्षेत्र का, योगेश चौधरी को एमएलसी का रालोद प्रत्याशी बनाने के लिए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चौधरी जयंत सिंह के निर्णय का रालोद के राष्ट्रीय सचिव विजय कुमार लाल श्रीवास्तव ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि रालोद एनडीए गठबंधन को 400 पार जिताने में अपनी पूरी ताकत ईमानदारी के साथ झोंकेगी। प्रधानमंत्री मोदी का विजन देश को 2047 में दुनिया में सबसे मजबूत बनाना है। आज प्रधानमंत्री मोदी की विकास के राजनीति की पूरी दुनिया कायल है। समाजवादी पार्टी लोकनायक जेपी, आचार्य नरेंद्र देव, चौधरी चरण, डॉ. लोहिया के विचारों से काफी दूर हो गई है। समाजवादी पार्टी सिर्फ सत्ता के लिए पिछड़ों, दलित और अल्पसंख्यक का नाम ले रही है।

### दिव्यांग फरियादी को डीएम ने वितरित किया ट्राई साइकिल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अविनाश सिंह शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिले के अनुरूप मंगलवार को सुबह जनता दर्शन के दौरान दिव्यांग फरियादी के आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल दिव्यांग जनकल्याण अधिकारी को ट्राई साइकिल के लिए निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने तत्काल दिव्यांगजन कल्याण विभाग से ट्राई साइकिल और बैसाखी मंगाकर दिव्यांग फरियादी को दिया। जिससे फरियादी के चेहरे पर मुस्कान आ गई। इस दौरान मौके पर अपर उप जिलाधिकारी और जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।


दिव्यांग फरियादी को ट्राई साइकिल और बैसाखी देते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

### अधिकारी अपने कार्यों के प्रति रहें सजग : उपजिलाधिकारी

आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। आलापुर से उपजिलाधिकारी सौरभ शुक्ला के स्थानांतरण के बाद गैर जनपद से आए सदानंद सरोज ने बतौर उप जिलाधिकारी अपना पदभार ग्रहण कर लिया और अपनी प्राथमिकताएं बताईं। उपजिलाधिकारी ने अपना कार्य भार ग्रहण कर तहसीलदार पद्मेश श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार राजकपूर और तहसील के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अपने कार्यों के प्रति सजग रहने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए अग्रसर रहने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप कार्य करना उनकी प्राथमिकता है। जन सामान्य को तहसील से सुलभ न्याय, जन समस्याओं के निस्तारण का पूरा प्रयास किया जाएगा और जनकल्याणकारी योजनाएं पूरी तरह से लोगों को मिलें यह सुनिश्चित किया जाएगा।


सदानंद सरोज, एसडीएम आलापुर।

### एसपी और एएसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ और अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पांडेय व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्याम देव ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकारियों ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जन सुनवाई के दौरान एसपी और एएसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए शत-प्रतिशत निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबन्धित थानाध्यक्ष, प्रभारी निरीक्षक को तत्काल फोन और वायरलेस के माध्यम से वार्ता कर निर्देशित किया। उन्होंने साथ ही समस्त जमीनी विवाद को चिह्नित कर पुलिस टीम को राजस्व टीम के साथ समन्वय बनाकर टीम गठित कर समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण के लिए निर्देश दिए हैं।

# विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों से लिए जाएंगे सुझाव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में विधानसभा अकबरपुर की संकल्प पत्र संकलन पेटिका को भाजपा ने लांच किया। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभियान जिला संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में कहा कि विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के माध्यम से भाजपा द्वारा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नागरिकों से सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। जिसके तहत 28 फरवरी से 15 मार्च तक अभियान चलेगा। जनपद स्तर पर 3 मार्च से 15 मार्च के बीच सभी गतिविधियां चलाई जाएंगी। 2 एलईडी वैन चलेगी और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में छोटी सभाओं का आयोजन भी किया जाएगा। भाजपा

▸▸ भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा-15 मार्च तक चलेगा अभियान

जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने कहा कि लोकसभा स्तर पर और विधान सभा मुख्यालयों में 1-1 सुझाव पेटी लगाकर लोगों से सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने कहा कि जो सुझाव पेटिका लोकसभा मुख्यालय से लेकर विधान सभा मुख्यालयों पर जो सुझाव पेटिका लगाए जाएंगे उन सुझावों को समाहित करते हुए भाजपा केंद्रीय नेतृत्व अपना संकल्प पत्र जनहित में जारी करेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा 8 से 10 मार्च तक लाभार्थियों से घर-घर सघन संपर्क कर 9090902024 पर मिस्ड कॉल और नमो ऐप डाउनलोड करवा कर सुझाव दर्ज कराया जाएगा।

# मतदान स्थलों पर उपलब्ध कराई जाएं सुविधाएं

▸▸ लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाओं और पहुंच सम्पर्क मार्ग आदि के संबंध में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया।

भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार मतदेय स्थलों पर भूतल पर मतदान केंद्र, रैंप का प्रावधान, पानी निकालने का प्रावधान, पर्याप्त फर्नीचर, उचित प्रकाश बिजली की व्यवस्था, उचित साइनेज, शौचालय, मतदान केंद्र में छाया, बच्चों के लिए क्रेच का प्रावधान, न्यूनतम सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि ईआरओ नेट से प्राप्त एएमएफ डिटेल से 5 फरवरी के अनुसार जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर सुनिश्चित न्यूनतम सुविधाएं पूर्ण करायी जा चुकी है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ईआरओ नेट पर उपलब्ध एएमएफ डिटेल का भौतिक सत्यापन कराया जाए। भौतिक सत्यापन के पश्चात यदि किसी मतदेय स्थल पर कोई कमी पायी जाती है तो समस्त उप जिलाधिकारी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ससमय पूर्ण कराया जाए।

### सम्पर्क मार्ग का कराया जाए सत्यापन

मतदेय स्थलों तक सम्पर्क मार्ग का सत्यापन कराया जाए। यदि किसी भी मतदेय स्थल पर मार्ग मरम्मत, अनुपलब्ध, मार्ग निर्माण वांछित है तो संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ससमय पूर्ण करा लिया जाए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी और संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लोगों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

आलापुर, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी निर्देशों के अनुसार मंगलवार को आलापुर के रामनगर में विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान संकल्प पत्र संकलन और एलईडी वैन का भाजपा नेताओं ने शुभारंभ किया। रसवती हाल में आयोजित उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया ने किया कि प्रदेशभर में 28 फरवरी से जारी अभियान 15 मार्च तक चलेगा।

जनपद स्तर पर सभी गतिविधियां 3 मार्च से 15 मार्च के बीच संपन्न की जानी है। इस दौरान निर्धारित रूट पर पहुंचने वाली एलईडी वैन के साथ संकल्प पत्र भी संकलित किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक त्रिवेणी राम ने केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को रेखांकित करते हुए कहा कि पीएम मोदी की योजनाओं का लाभ देश की जनता विशेष कर गरीबों को इसका लाभ मिलना मोदी की गारंटी की गारंटी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील किया कि योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर पार्टी के 400 पार की अपेक्षाओं को पूरा करने में तत्परता से जुट जाना है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रामनगर अभिषेक निषाद, गोविंद साहब के भगवान पांडे, जहांगीरगंज के महेंद्र प्रताप वर्मा, राजेसुल्तानपुर के अमित गिरी सहित वरुण सिंह, डॉ. पूनम राय, महिला मोर्चा की अंजू पांडे, विशाल सिंह, श्याम नाथ शुक्ला, आनंद गौतम, इंद्रेश निषाद आदि नेता उपस्थित रहे।


रामनगर में कार्यक्रम में मौजूद जिला महामंत्री सुरेश कनौजिया व साथ में अन्य।

# चौधरी हनुमान प्रसाद कृषक पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को बांटे गए स्मार्ट फोन

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। योगी सरकार की विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्तिकरण के लिए स्मार्ट फोन वितरण योजना के तहत मंगलवार को चौधरी हनुमान प्रसाद कृषक पीजी कॉलेज रुद्रपुर भगाही बरियावन में छात्र-छात्राओं स्मार्ट फोन वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा और विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्र-छात्राओं के उन्नयन के लिए समर्पित है। महाविद्यालय प्रबंध कमेटी की ओर से प्रबन्धक राजेंद्र कुमार वर्मा और सचिव सुशीला वर्मा ने मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा का स्वागत और आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय परिवार की तरफ से प्राचार्य डॉ. अवधेश कुमार चौधरी, रागनी त्रिपाठी, रुद्र वर्मा, सौरभ पटेल, कपिंजल वर्मा, मनोज वर्मा, साक्षी तिवारी, शानू पटेल, सैय्यदा, अंतिमा पटेल, सुषमा वर्मा, पवन मौर्य, मोनू राजभर, संजय त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार, सरोजा देवी आदि लोगों ने स्वागत किया। मौके पर सत्यप्रकाश वर्मा, तनवीर सलमानी जिला मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा, शुभम दूबे, दिवाकर वर्मा, संदीप सिंह, तरवेज प्रधान सम्मनपुर और अन्य लोग उपस्थित रहे।


छात्रा को स्मार्टफोन देते करते पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा व साथ में मौजूद अन्य।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं0 13/2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है।
क्र.सं. 1:- कार्य का विवरणः इज्जतनगर मंडल के समइं/काशीपुर के अन्तर्गत लालकुआँ-काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज-बाजपुर स्टेशन के मध्य ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी0-पी.एस.सी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,59,83,340.44, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,29,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 18 माह।
क्र.सं. 2:- कार्य का विवरणः रामपुर-चमरुआ एवं लालकुँआ-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रेश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण। (कुल 24.42 किमी.) 1.स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान। 2. स्वीकृत कार्य के अंतर्गत लालकुँआ-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य 130 किमी प्रति घंटे तक की गति बढ़ाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (37.88 किमी.) का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 11,54,79,343.72, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 7,27,400/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
क्र.सं.3:- कार्य का विवरणः चमरुआ-बिलासपुर रोड अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रेश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 40 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 18,93,68,324.54, बयाना राशि रूपयों में: 10,96,900/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
क्र.सं.4:- कार्य का विवरणः बिलासपुर रोड-रूद्रपुर सिटी अनुभाग के मध्य मैटल बीम क्रैश बैरियर सेफ्टी फेन्सिंग का निर्माण (कुल 31 किमी.)। (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रूद्रपुर सिटी-रामपुर अनुभाग के मध्य 130 किमी. प्रति घंटे तक की गति बढाने के तहत सेफ्टी फेसिंग (88.12 किमी.) का प्रावधान)। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 14,67,60,474.03, बयाना राशि रूपयों में: 8,83,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।
1. क्रम सं. 1 की ई- निविदा दिनांक 27.03.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. क्रम सं. 2, 3 एवं 4 की ई- निविदा दिनांक 02.04.2024 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे।
4. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखें।
मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी0), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू-568
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे0 वी0 फार्मा, मो0: 9452245400,
के0 एस0 फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ
इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क

## तैयारियां

सांसद रितेश पांडे के साथ दर्जनों लोगों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से की मुलाकात, पार्टी की मजबूती पर चर्चा

# भाजपा के कुनबे को और आगे बढ़ाया जाएगा : पाठक

जिला संवाददताा, अंबेडकरगनर।

अमृत विचार। सांसद रितेश पांडे के भाजपा में शामिल होते और उन्हें अंबेडकरगनर से लोकसभा का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद उनके समर्थकों ने भी भाजपा का दामन थामना शुरू कर दिया है। बता दें कि मंगलवार को जनपद के वर्तमान ब्लॉक प्रमुख और पूर्व जिला पंचायत सदस्य सहित दर्जनों की संख्या में सांसद रितेश पांडे के नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की।

मंगलवार को जनपद से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे के नेतृत्व में ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सहित दर्जनों लोगों ने सुबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान उपमुख्यमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करने पर विचार-विमर्श किया।

उन्होंने कहा सभी सम्मानित लोगों को जल्द ही भाजपा परिवार में ससम्मान स्वागत कर भाजपा के कुनबे को और आगे बढ़ाया जाएगा। उपमुख्यमंत्री से जलालपुर से ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ, जिला पंचायत सदस्य माखन निषाद, रविंद्र यादव, अंगद निषाद, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगदीश राजभर, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री मोहम्मद असगर, प्रमुख व्यवसायी इंतखाब आलम, अभिषेक सिंह, सभासद अनिल राजभर, अखिल भारतीय राजभर संगठन के अध्यक्ष प्रमोद राजभर आदि लोगों ने मुलाकात किया। इस दौरान सांसद रितेश पांडे ने सभी का आभार व्यक्त किया।


उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात करते सांसद रितेश पांडे साथ में जलालपुर से ब्लॉक प्रमुख त्रिभुवन नाथ व अन्य। अमृत विचार

### सात को जनपद में सांसद रितेश का होगा स्वागत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अंबेडकरनगर लोकसभा क्षेत्र के घोषित भाजपा प्रत्याशी सांसद रितेश पांडे के आगामी सात मार्च को प्रथम लोकसभा क्षेत्र में आगमन पर भाजपा कार्यकर्ता जोर-शोर से निर्धारित स्वागत स्थानों पर पहुंच कर स्वागत करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने सांसद रितेश पांडे के स्वागत के लिए कार्यकर्ताओं से आवाहन किया। उनके लोकसभा क्षेत्र में आगमन पर भाजपा के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ स्वागत के लिए निर्धारित समय और स्थान पर अपने सुविधा अनुसार पहुंचे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सूचित हो कि पहले मेरा नाम सुहैल अहमद था। अब मेरा नाम बदल कर सुहैल अहमद खान हो गया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।- सुहैल अहमद खान हुजूर आलम खान, पता - फ्लैट नंबर 1, तीसरी मंजिल, अवध पैलेस, 55 माथुर कंपाउंड, जगत नारायण रोड, लखनऊ

सूचना
सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मोहम्मद जावेद व उसकी पत्नी नाजरीन के चाल- चलन ठीक न होने और गलत- व्यवहार के चलते चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हुए संबंध विच्छेद करता हूं। मेरे पुत्र व उसकी पत्नी की ओर से किये गये। किसी भी अच्छे-बुरे कार्य से मेरा व मेरे परिवार का किसी तरह से वास्ता नहीं है। वह लोग स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। -मोहम्मद इलियास पुत्र मुख्त्यार, निवासी कुसुमखोर, थाना कोतवाली व जिला कन्नौज।

सूचना
सूचित हो कि मैं अंशुमान पाण्डेय पुत्र श्री वेंकटेश्वर प्रसाद पाण्डेय मूल निवासी ग्रा0- सोनापार (देवरहना) पो0- रेहरा बाजार, तह0 - उतरौला जनपद- बलरामपुर, मेरा हाईस्कूल मूल अंक पत्र सह प्रमाणपत्र जिसका अनुक्रमांक 2381738 वर्ष - 2018, तथा इण्टरमीडिएट मूल अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक - 2230530 वर्ष 2020 वास्तव में खो गया है।

सूचना
सूच्य हों कि मुझे पहले मो आसिम के नाम से जाना जाता था। परन्तु अभिलेखानुसार मेरा सही नाम आसिम खान है। भविष्य में मुझे आसिम खान के नाम से जाना व पहचाना जाए। - आसिम खान पुत्र मोहम्मद फारूक खान, निवासी- नि0 -ग्राम व पोस्ट असहन जगतपुर थाना शिवगढ़ -रायबरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस (डी0एल0) में मेरे पिता का नाम ऋुटिवश सरफराज आलम अंकित है जो कि गलत लिख गया है, सही नाम मोहम्मद सरफराज आलम (MOHAMMAD SARFARAZ ALAM) पढ़ा व माना जाये। दोनो नाम एक ही व्यक्ति के हैं। निवासी- शमवील आलम पुत्र स्व0 मोहम्मद सरफराज आलम म0नं0 19/113, इन्दिरानगर, लखनऊ, उ0प्र0, पिन-226016

सूचना
सूचित हो कि मैं फरमान अली पुत्र नौशाद अली, निवासी- मो0 आजाद नगर, कस्बा सौरिख, तहसील- छिबरामऊ, जनपद- कन्नौज, मेरा हाईस्कूल जिसका अनुकमांक 1656865 वर्ष 2016 व इण्टरमीडिएट अनुकमांक 1277896 वर्ष 2018 की मार्कशीट वास्तव में खो गयी है।

# हाथ में राइफल और बुलेट की सवारी..यह है छपिया का रेंबो गैंग

**दुस्साहस**

- इसी गैंग के सदस्य बताए जा रहे प्रधानाचार्य के हत्यारोपी
- छपिया बभनान से बस्ती जिले तक बोलती है गैंग की तूती

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** हाथ में राइफल और बुलेट की सवारी यह छपिया थाना क्षेत्र के रेंबो गैंग की तस्वीर है। 18 से 25 साल के युवा बिना किसी लाइसेंस के हाथ में राइफल लेकर बुलेट से फर्राटा भरते हैं और आम लोगों पर रौब गालिब करते हैं।


रेंबो गैंग के सदस्यों की बताई जा रही सोशल मीडिया पर वायरल फोटो।

स्कूल जाती छात्राओं से छेड़खानी करना इनका शगल है।

पुलिस की क्या मजाल जो इन्हें रोक सके। अगर किसी ने रोक टोक की तो उसे अपनी जान गंवानी पड़ सकती है। यह हम नहीं, बल्कि छपिया थाना क्षेत्र के हालात कह रहे हैं जो प्रधानाचार्य की हत्या के बाद सामने आए हैं। प्रधानाचार्य के हत्यारोपी इसी गैंग के सदस्य बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि छपिया और बभनान से लेकर बस्ती जिले के गौर, हर्रैया, पैकोलिया और परशुरामपुर तक उनकी तूती बोलती है। प्रिंसिपल हत्याकांड में इस गैंग का नाम सामने आने के बाद छपिया पुलिस गैंग के सदस्यों को खिलाफ कार्रवाई की बात कह रही है।

**हत्याकांड के बाद वायरल हुई गैंग की तस्वीर:** सोमवार को श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल दिनेश यादव की हत्या के बाद रेंबो गैंग का नाम सामने आया। मृतक दिनेश के परिजनों का आरोप है कि हत्या के आरोपी अजय वर्मा और राज सिंह इसी गैंग के सदस्य हैं। मारपीट और महिलाओं से छेड़खानी करना इस गैंग के सदस्यों के लिए आम है। वारदात के बाद अब इस गैंग के सदस्यों की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस वायरल तस्वीर के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मचा है। छपिया थाने की पुलिस पूरी तरह से बैकफुट पर है। छपिया एसओ सत्येंद्र वर्मा का कहना है कि वायरल फोटो को आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

**अंजान बनी रही पुलिस, बढ़ता गया कुनबा**

स्थानीय लोगों की मानें तो यह पहली बार नहीं है जब इस गैंग की शिकायत पुलिस तक पहुंची है। पहले भी इस गैंग के सदस्यों की करतूत की शिकायत होती रही है लेकिन पुलिस कार्रवाई करने के बजाय अंजान बनी रही। पुलिस की शिथिलता से इस गैंग का कुनबा बढ़ता चला गया। कार्रवाई न होने से इनके हौसले भी बढते गए और उसकी परिणति प्रिंसिपल हत्याकांड के रूप में सामने आई जब छेड़खानी का विरोध करने पर प्रधानाचार्य दिनेश यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी।

> हत्याकांड के बाद परिजनों ने रैंबो गैंग का नाम बताया है। सोशल मीडिया पर कुछ युवकों की तस्वीर भी वायरल हो रही है जिन्होंने हाथ में असलहा ले रखा है। फोटो में शामिल युवकों को चिन्हित कर लिया गया है और उनकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। – **राजेश सिंह**, सीओ –मनकापुर

## बिना परमिट पेड़ काटने पर मुकदमा दर्ज

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर थाना क्षेत्र के बल्दूपुरवा गांव में बगैर परमिट के 36 पेड़ सागौन के काट दिए गए हैं इस मामले में वनरक्षक की ओर से पेड़ मालिक व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक वेदप्रकाश शुक्ला ने बताया कि पड़री कृपाल रेंज के वन रक्षक समीर रंजन चौधरी की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। जिसमें कहा है कि रेंज के ग्राम पंचायत उज्जैनी कला के मजरा बल्दुक पुरवा में पेड़ मालिक रामराज की ओर से बगैर परमिट के पेड़ को बेच दिया गया और ठेकेदार की ओर से काट लिया गया है। मौके पर दस बोटा लकड़ी बरामद हुआ जबकि अन्य लकड़ी ठेकेदार ले गए। ठेकेदार दीपक सिंह व पेड़ मालिक रामराज के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है।

**एक नजर**

## हादसे में घायल पुत्र की मौत, पिता भर्ती

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रविवार को गोंडा–लखनऊ मार्ग पर कादीपुर के पास कार की टक्कर से बाइक सवार थाना कटरा बाजार क्षेत्र के पिपरी मांझा निवासी सम्मय प्रसाद (70) व मोहित (35) गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें करनैलगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया था। मोहित को नाजुक स्थिति में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। मंगलवार को ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मोहित की मौत हो गई।

## मारपीट का क्रॉस केस दर्ज

**वजीरगंज, गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज क्षेत्र के ढोढियापारा निवासी ननका ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि कहासुनी के विवाद को लेकर विपक्षी सुखराम गोस्वामी, फूलमता, सरिता व चंदा ने वादिनी व शिवपता को अभद्रता करते हुए मूका थप्पड़ लाठी– डंडे से मारापीटा। दूसरे पक्ष के सुखराम गोस्वामी द्वारा दी गई तहरीर में आरोप है कि कहासुनी के विवाद को लेकर विपक्षी सोनू गोस्वामी, मोती, मोनू व रोशन ने सहन दरवाजे पर आकर वादी व पत्नी फूलमती से अभद्रता करते हुए पीटा। साथ ही विपक्षी ने जान से मारने की धमकी भी दी है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दुष्कर्म का आरोपी दबोचा

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज पुलिस ने अपहरण पास्को समेत दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मंगलवार को उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार की टीम ने सुबह 7:15 बजे नवाबगंज कोल्ड स्टोर तिराहे से अनभुला निवासी आरोपित प्रिंस गुप्ता को गिरफ्तार कर अपहरण पास्को समेत दुष्कर्म के आरोपित को न्यायालय भेजा गया है। वहीं, बरामद किशोरी को चिकित्सीय परीक्षण के लिए वन स्टॉफ सेंटर भेजा गया है।

# प्रिंसिपल की हत्या पर भड़के छात्रों ने परिजनों के साथ लगाया जाम

## पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये मुआवजे की उठाई मांग


सड़क जाम कर प्रदर्शन करते छात्र। अमृत विचार


नाराज लोगों को समझाते एसपी। अमृत विचार

बभनान/मसकनवा,गोंडा

**अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव में सोमवार को हुई प्रधानाचार्य की हत्या के मामले में आरोपी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मंगलवार को परिजन सड़क पर उतर आए। परिजनों ने कालेज के छात्र छात्राओं संग प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। जाम हटवाने के लिए पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस अधीक्षक और मनकापुर एसडीएम के पहुंचने के बाद परिजन बात करने को तैयार हुए। इस दौरान करीब 6 घंटे तक सड़क जाम रही। पुलिस अधीक्षक ने फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लिये छपिया पुलिस को निर्देशित किया है।

छपिया थाना क्षेत्र के सिसहनी गांव स्थित श्री सीडी यादव इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रहे दिनेश यादव की सोमवार को गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। परिजनों ने इस मामले में सिसहनी गांव को रहने वाले राज सिंह व अजय वर्मा के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी अजय की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिजन मंगलवार को फूलपुर चौराहे पर धरने पर बैठ गए और शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। परिजनों के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही इंटर कॉलेज के सैकड़ों छात्र छात्राएं धरना स्थल पर पहुंच गए। इस धरना प्रदर्शन से बभनान मुख्य मार्ग पूरी तरीके से जाम हो गया और दोनों तरफ से आवागमन बंद हो गया। धरना प्रदर्शन की सूचना पुलिस तक पहुंची तो उसके हाथ पांव फूल गए। एसपी विनीत जायसवाल ने खुद मौके पर पहुंचकर कमान संभाली और स्थानीय लोगों की मध्यस्थता से परिजनों से बात की। एसपी ने मामले में और नाम बढ़ाने, परिवार की सुरक्षा और फरार हत्यारोपी के शीघ्र गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया तब जाकर परिजन धरने से हटे। इस दौरान करीब 6 घंटे तक सड़क जाम रही और सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही।

**घटनाक्रम पर एक नजर**

- सुबह 8.30 बजे : छात्र छात्राओं के साथ परिजन शव लेकर फूलपुर चौराहे पर पहुंचे।
- 8.45 बजे : बभनान मुख्य मार्ग पर शव रख धरने पर बैठे।
- 9.20 बजे : बभनान चौकी प्रभारी व छपिया एसओ मौके पर पहुंचे।
- 10 बजे : सीओ मनकापुर घटनास्थल पर पहुंचे।
- 11 बजे : मनकापुर एसडीएम यशवंत राव घटनास्थल पर पहुंचे।
- 11.40 बजे : एसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे।
- दोपहर 2.20 बजे : धरना समाप्त हुआ।

**यह है परिजनों की प्रमुख मांगे**

- मृतक दिनेश की पत्नी को कम से कम 50 लाख का मुआवजा।
- मृतक की पत्नी का सरकारी सेवा में समायोजन।
- आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक पीड़ित पक्ष के गवाहों की सुरक्षा।
- छपिया व खोड़ारे थाना क्षेत्र में संचालित रैंबो गैंग के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई।

**परिवार की पूर्ण सुरक्षा हो**

- जीरो टॉलरेंस की नीति को जनता में स्थापित करने के लिए आरोपियों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया जाए।
- हत्यारोपियों को फांसी या आजीवन कारावास की सजा।

**छात्र-छात्राओं ने सीएम से किया सवाल, क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है?**

धरना प्रदर्शन में शामिल कालेज के छात्र छात्राओं ने हाथ में पोस्टर ले रखा था जिसमें दिनेश सर को क्यों मारा जैसे सवाल लिखे गए थे। छात्र छात्राओं ने सीएम योगी से भी सवाल किया कि क्या बेटियों की सुरक्षा करना अपराध है। उन्होने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारे लगाए और हत्यारोपी की गिरफ्तारी की मांग की। दरअसल पिछले 26 जनवरी को हत्यारोपियों ने श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज की एक छात्रा से छेड़छाड़ की थी। प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने इसका विरोध किया था और आरोपियों को पुलिस के हवाले कर दिया था। लेकिन पुलिस ने मामले में शांति भंग की कार्रवाई कर मामले को रफा दफा कर दिया था।

# चौपाल लगा महिलाओं को किया जागरूक

करनैलगंज, गोंडा


चौपाल लगाकर महिलाओं को जानकारी देतीं टीएसए टीम की सदस्याएं।

**अमृत विचार :** मंगलवार को करनैलगंज क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में टीएसए ने सरयू नदी सहभागी संरक्षण कार्यक्रम के तहत चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक किया।

करनैलगंज क्षेत्र के सरयू नदी के निकट चैनपुरवा गांव में चौपाल लगाकर महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें गृह शाक वाटिका के लिए ग्रीष्म कालीन सब्जियों के बीज, पौधे एवं गृह वाटिका के लिए उपकरण भी वितरित किए। टर्टल सर्वाइवल एलाइंस फाउंडेशन इंडिया के भाष्कर दीक्षित व श्रीपर्णा दत्ता ने बताया कि कछुओं के संरक्षण के लिए विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम एवं वैकल्पिक जीविकोपार्जन के उपायों एवं उनसे संबंधित प्रशिक्षण के लिए सरयू नदी के किनारे के तीन गांवों को चिन्हित किया गया है। वहां उपस्थित लगभग 25 महिलाओं के साथ उनके लिए उपयुक्त रोजगार के क्षेत्रों की चर्चा में महिलाओं ने बताया कि वे मूंज के टोकरी, चटाई, डलियां आदि और क्रोशिया के झालर, लेस आदि बना लेती है लेकिन उनके बनाए गए प्रोडक्ट बाजार में बिकने वाले क्वालिटी के नहीं होते हैं, इसलिए उनके बनाए हुए समान खुद ही प्रयोग कर लिया जाता है। श्रीपर्णा दत्ता ने बताया कि संस्था जल्द ही उनके इस हुनर को बाजार के अनुरूप प्रोडक्ट बनाने के लिए सहायता करेगी। निदेशक डॉ. शैलेंद्र सिंह ने चैनपुरवा गांव में इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम को चलाते रहने के लिए गांव में ही एक सामुदायिक रिसोर्स सेंटर बनाने की बात की जिससे महिलाओं में उत्साह भर गया और जिसके लिए गांव में कोई छोटा सा स्थान देने के लिए एसडीएम करनैलगंज विशाल कुमार से बात कर ये सेंटर शीघ्र ही शुरू किया जाएगा।

## नाली निर्माण के लिए डीएम को दिया पत्र

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** गांव में जल निकासी की समस्या से आजिज ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर नाली निर्माण कराए जाने की मांग की है। विकासखंड हलधरमऊ की ग्राम पंचायत पहाड़ापुर के मजरा पूरे छिटई निवासी अखिलेश कुमार, दुर्गा प्रसाद, काली प्रसाद, कपिल देव, कृष्ण कन्हैया, लक्ष्मीकांत, राहुल कुमार व गुलजारी लाल आदि ग्रामीणों का कहना है कि उनके गांव में आज तक नाली का निर्माण नहीं कराया गया है। गंदा पानी आसपास व सड़कों पर भरा रहता है। खंड विकास अधिकारी को भी पत्र दिया गया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। अब ग्रामीणों ने डीएम को पत्र देकर नाली निर्माण कराने की मांग की है।

**सार-संक्षेप**

## 168 आसरा आवासों का हुआ आवंटन, गरीबों को मिली छत


आसरा आवास का आवंटन पत्र देते सिटी मजिस्ट्रेट। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को जिलाधिकारी नेहा के निर्देशानुसार डूडा विभाग में संचालित योजनान्तर्गत रिक्त 178 आसरा आवास में 10 आवास आरक्षित करते हुए 168 आवासों का आवंटन मंगलवार को टाउन हॉल गांधी पार्क में किया गया। जिलाधिकारी द्वारा नामित नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में आवासों का आवंटन किया गया। आवंटन में 04 आवास दिव्यांग को ग्राउंड फ्लोर पर आवंटित किया गया। आवास आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया गया। इस दौरान परियोजना अधिकारी डूडा संजय कुमार मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि रमा शंकर मिश्रा, डीआईईओ एनआईसी गिरीश कुमार, रोहित कुमार, महामंत्री भाजपा राकेश कुमार मिश्रा आदि रहे।

## स्मार्टफोन मिले तो खिल उठे छात्रों के चेहरे


स्मार्ट फोन के साथ छात्राएं। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** स्मार्ट फोन पाकर छात्र–छात्राओं के चेहरे खिल उठे। वजीरगंज कस्बे के भागीरथी सिंह पीजी कॉलेज में प्रदेश सरकार की योजना के तहत छात्र–छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए गए। फोन पाकर छात्र–छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। वक्ताओं ने छात्र–छात्राओं से फोन के माध्यम से ज्ञान अर्जन करने का आह्वान किया। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि व दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री राम बहादुर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार ने छात्रों के अध्ययन को सुगम बनाने यह कदम उठाया है। कॉलेज के निदेशक आशुतोष सिंह ने कहा कि 122 छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किए गए हैं। इस दौरान महाविद्यालय के रणविजय सिंह, आजाद शर्मा, महादेव यादव, जगन्नाथ जायसवाल सहित स्टॉफ उपस्थित रहे।

## गैस सिलेंडर में लीकेज से छप्पर में लगी आग


आग से जला छप्पर का घर। अमृत विचार

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** गैस सिलेंडर से खाना बनाते समय लगी आग में चार लोगों के छप्पर युक्त मकान जल गए। मंगलवार सुबह स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भटपी के मजरा ओरीपुरवा में राजेश गोस्वामी के छप्पर युक्त घर में गैस चूल्हे से खाना बनाया जा रहा था। जहां अचानक गैस लीकेज करने लगा और आग लग गई। घर की औरतें जब तक कुछ समझ पाती तब तक आग पूरे घर में फैल गई और पास के राम किशोर गोस्वामी, राम जी गोस्वामी व ओम प्रकाश गोस्वामी का छप्पर युक्त घर भी आग की चपेट में आकर जल गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## राम कृपाल सोनी बने सपा जिला उपाध्यक्ष

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन ने पार्टी व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों के प्रति निष्ठा व कर्मठता को देखते हुए मंगलवार को जवाहर नगर कस्बा मनकापुर के रहने वाले रामकृपाल सोनी उर्फ राहुल को समाजवादी पार्टी का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। उनके जिला उपाध्यक्ष बनने पर सपा नेता सूरज सिंह, पूर्व विधायक राम विशुन आजाद, सरफराज हुसैन, सोनू, जयसेन सिंह, बलराम यादव, सिद्धार्थ सिंह, पूर्व विधायक रमेश गौतम ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# धान खरीद सत्र का समापन 4 करोड़ का भुगतान अटका

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** धान खरीद सत्र का समापन हो गया। लेकिन अभी भी कई किसानों का भुगतान नहीं हो पाया है। करीब 4 करोड़ रुपये किसानों का भुगतान के लिए लंबित है जिसे लेकर किसानों ने अफसरों के यहां दौड़ लगानी शुरू कर दी है।

धान खरीद सत्र 2023- 24 का समापन 29 फरवरी को हो गया है। जनपद में करीब लक्ष्य के सापेक्ष 97 फीसदी की खरीद भी हो गई। जनपद में जितने किसानों ने अपना धान सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा है, उसका कुल देय भुगतान 22145.66 लाख रुपये बनता है जिसमें से किसानों को 21744.44 लाख का भुगतान कर दिया गया है। वर्तमान में 400.52 लाख रुपये होता है जो करीब 98 फीसदी बनता है जिसका भुगतान किया गया है। अफसरों का दावा है कि अधिकतर भुगतान कर दिया गया है। जिसका भुगतान लंबित है, इनमें से कई लोगों के खाता संख्या में तकनीकी दिक्कत है जिसे सही कराया जा रहा है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जितने किसानों ने अपनी उपज को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा था, उनमें से 98 फीसदी का भुगतान हो गया। कई का भुगतान लंबित है, उनके खाते में तकनीकी समस्या है। जल्दी सही कर भुगतान कर दिया जाएगा।

## बोलेरो सवार मां-बेटी को लोहे के रॉड से पीटा, केस दर्ज

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मिश्रन पुरवा सरैंया के रहने वाले मदन मोहन शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद चार आरोपियों के विरुद्ध मारपीट मामले में मुकदमा लिखवाया है। आरोप है कि सोमवार की सुबह गांव के ही अंकित मिश्रा ने उसके माँ से मारपीट किया। गाड़ी की व्यवस्था करके माँ राम लली व लड़की रूबी शुक्ला को लेकर दवा कराने व थाने पर सूचना देने परसपुर जा रहा था। तभी दिन में तकरीबन तीन बजे नरायनपुर साल में सहजराम मिश्रा की दुकान के समीप अंकित मिश्रा, श्रवण, सुंदर व राम दिवाकर ने टैक्सी के आगे बाइक लगाकर रास्ता रोक लिया। लोहे की रॉड व डंडे से गाड़ी का गेट खोलकर बेटी को बाहर खीच लिया। उसे व गाड़ी चालक सुरेंद्र पांडेय शाहपुर की विपक्षियों ने पिटाई कर दी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि नामजद चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया

इटियाथोक, गोंडा


कथा कहते संत नारायण दास।

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत सिसई बहलोलपुर स्थिति शिव बालेश्वर नाथ मंदिर में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 5वें दिन जगन्नाथपुरी से पधारे संत नारायण दास ने शिव व माता पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया। इससे पूर्व शिव-पार्वती और शिव महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना करने के बाद कथा शुरू हुई। इस दौरान सजीव झांकियां भी सजाई गईं।

महाराज ने बताया कि मां सती एक दिन कैलाशवासी शिव के दर्शन किए गईं और उनको भगवान शिव से प्रेम हो गया। लेकिन ब्रम्हा जी के समझाने के उपरांत प्रजापति दक्ष की इच्छा से सती ने भगवान शिव से विवाह किया। दक्ष ने एक विराट यज्ञ का आयोजन किया लेकिन उन्होंने अपने दामाद और पुत्री को यज्ञ में निमंत्रण नहीं भेजा। दक्ष ने पुत्री के आने पर उपेक्षा का भाव प्रकट किया और शिव के विषय में सती के सामने ही अपमानजनक बातें कही। सती बर्दाश्त नहीं कर पाईं और इस अपमान की कुंठावश उन्होंने वहीं यज्ञ कुंड में कूद कर अपने प्राण त्याग दिए। यह खबर सुनते ही शिव ने वीरभद्र को भेजा जिसने दक्ष का सिर काट दिया। दुखी होकर सती के शरीर को अपने सिर पर धारण कर शिव ने तांडव नृत्य किया। पृथ्वी समेत तीनों लोकों को व्याकुल देख कर भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र द्वारा सती के शरीर के टुकड़े करने शुरू कर दिए। इस तरह सती के शरीर का जो हिस्सा और धारण किए आभूषण जहां जहां गिरे वहां-वहां शक्तिपीठ अस्तित्व में आ गए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी, चन्दन तिवारी, बाबा हरिदास अंगद तिवारी, विजय शंकर तिवारी बृजेश शुक्ल अजीत मिश्रा, शिवम तिवारी, मनमोहन तिवारी श्रवण तिवारी, रामदीन तिवारी कमलेश श्रीवास्तव आदि रहे।

**वार्षिकोत्सव** सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज जिलाधिकारी ने मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

# यशी को ज्ञानस्थली रत्न, आयुषी को मिस ज्ञानस्थली का अवॉर्ड

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पीजी कॉलेज में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम ज्ञानोत्सव के रूप में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नेहा शर्मा रहीं।


कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं महाविद्यालय की छात्राएं। अमृत विचार


सम्मानित छात्राओं के साथ डीएम व प्रबंधक। अमृत विचार

संगीत विभाग की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। योगा विभाग छात्राओं ने सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत की। महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सचिव डा दीपेन सिन्हा ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी नेहा शर्मा को मोमेन्टो प्रदान करके उनका स्वागत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डा आरती श्रीवास्तव ने महाविद्यालय की प्रगति एवं उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सत्र् 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। वोकेशनल कोर्स सिलाई कढ़ाई की छात्राओं ने धमाकेदार प्रस्तुति दी। संगीत विभाग छात्राओं ने होली पर लोकगीत प्रस्तुत किया। पुरस्कारों की श्रेणी में यशी तिवारी को ज्ञानस्थली रत्न, आयुषी पांडेय को मिस ज्ञानस्थली, अल्फिया को बेस्ट फ्रेशर, पल्लवी शुक्ला को आदर्श छात्रा, सौम्या को ज्ञानस्थली कर्मयोगी, पलक श्रीवास्तव को कल्चरल प्रिंसेस, प्रिया तिवारी को कामर्स द बेस्ट, छाया पटवा को स्पोटर्स द बेस्ट से सम्मानित किया। इसके अतिरिक्ति छात्र परिषद की 20 छात्राओं को उनके उत्कृष्ट कर्तव्य पालन पर विशिष्ट अतिथि डूडा परियोजना निदेशक चन्द्रशेखर ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की व्यवस्थापिका डॉ. आनंदिता रजत ने सभी आगंतुकों व महाविद्यालय के स्टाफ के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन यशी तिवारी, आयुषी पांडेय, उन्नति द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम का समापन ज्ञानस्थली गीत एवं राष्ट्रगान गाकर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुंजन शाह, डॉ. त्रिलोचन सिंह, जानकी शरण द्विवेदी, अजय पाठक, अश्वनी श्रीवास्तव, बृजेश श्रीवास्तव, डॉ.सीमा श्रीवास्तव, डॉ. अमिता श्रीवास्तव, डॉ.रश्मि द्विवेदी, डॉ.आशू त्रिपाठी, डॉ.मौसमी सिंह, डॉ.नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव के लिए 600 वाहनों की पड़ेगी जरूरत

**तैयारी**

▸▸ वाहन स्वामियों की तैयार हो रही सूची

गोंडा कार्यालय



**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर टीमों के गठन, उनके प्रशिक्षण की तैयारी हो गई है। जिला प्रशासन ने सभी टीमों के सदस्यों को प्रशिक्षण देकर अलग-अलग दायित्वों के लिए, उन्हें तैयार कर रहे है। वहीं मतदान कार्मिकों, अर्धसैनिक बलों, पीएसी व पुलिस जवानों को चुनाव में सक्रिय भागीदारी के लिए जिले में करीब 600 छोटे-बड़े वाहनों की जरूरत होगी। जिला प्रशासन

जिले में गोंडा लोकसभा व कैसरगंज लोकसभा में सात विधानसभा क्षेत्रों में बनाए गए 1600 से अधिक मतदान केंद्रों पर टीमों को रवाना करने के लिए, सेक्टर, जोनल व अन्य टीमों के लिए भी छोटे वाहनों की जरूरत होगी। पिछले लोकसभा चुनाव में करीब 582 वाहनों को लगाया गया था। इस बार करीब 600 वाहन लगाए जाएंगे तथा कुछ वाहन रिजर्व में रखे जाएंगे। पीटीए शैलेंद्र तिवारी ने बताया कि अधिसूचना लागू होते ही वाहन स्वामियों को नोटिस भेजकर समय पर वाहन भेजने के लिए कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव एक राष्ट्रीय पर्व है इसके लिए सभी को तैयार रहने की जरूरत है। इसमें किसी की आनाकानी नहीं चलेगी। जरूरत पड़ने पर वाहनों की धरपकड़ भी की जाएगी।

### सीआरपीएफ की एक बटालियन पहुंची, 7 को दो और आएंगी

लोकसभा चुनावों को लेकर गाड़ियों की प्रबंधन व्यवस्था देख रहे परिवहन विभाग के यात्री कर अधिकारी शैलेन्द्र नाथ तिवारी ने बताया कि क्षेत्र अधिग्रहण के लिए एक बटालियन सीआरपीएफ की टीम जिले में पहुंच चुकी है जिसके लिए दो रोडवेज बसों, एक ट्रक और एक चार पहिया वाहन की व्यवस्था कराई गई है। बताया कि जनपद की सभी सातों विधानसभा में बनाए जाने वाले 2726 पोलिंग बूथों तक पोलिंग पार्टियों को पहुंचाने के लिए वाहनों की डिमांड विभाग को मिली है। इसके अलावा पुलिस फोर्स, केंद्रीय सुरक्षा बलों और रिजर्व में रखे जाने वाले वाहनों समेत लगभग 6 सौ वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है। चुनावी आचार संहिता लगने से पहले की तैयारियां पूरी की जा रही है।

### आज से शुरू होगा निर्वाचन संबंधी टीमों का गठन

**गोंडा :** जिले में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। लोकसभा चुनाव को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए 6 मार्च को दोपहर 3 बजे जिला पंचायत सभागार में विधानसभा वार गठित सहायक व्यय प्रेक्षक, वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम, उड़न दस्ता टीम, स्थैतिक निगरानी टीम तथा लेखा टीम को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डिस्ट्रिक्ट लेवल मास्टर ट्रेनर व व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मजिस्ट्रेट नेहा शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण में प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी को समय से उपस्थित होने के आदेश दिए गए हैं। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी ने लापरवाही या शिथिलता बरती तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## उधारी का पैसा मांगने पर पीटा तीन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** उधारी का पैसा मांगने पर दबंगों ने पीटपीट कर बेहोश कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के होलापुर तालिब गांव निवासी राहुल तिवारी ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि वह झाड़ू का धंधा करता है। चक शिवरहा गांव के सेखू पुरवा के पिंटू पुत्र नक्कू अली उससे उधार झाड़ू तथा तथा चटाई बेचने के लिए लेकर गए थे। जिसका 6625 रूपया बकाया था। कई बार मांगने पर नहीं दे रहे थे। सोमवार की शाम वह अयोध्या से अपने घर आ रहा था कि गांव के पास कासिम गंज चौराहे पर पिंटू, जीसान अली तथा इमरान निवासी चक शिवरहा सेखु पुरवा के साथ खड़े थे। उनसे उधारी का पैसा मांगा तो वह गाली-गलौज करने लगे। तीनों ने उसे लोहे के राड से पीटा। उसके पास रखे तीस हजार रुपये भी वहीं पर गिर गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

**एक नजर**

### मुआवजे को लेकर कांग्रेस नेता आज सौंपेंगे ज्ञापन

**गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर जनपद में ओलावृष्टि और आंधी पानी से गेहूं, तिलहन और दलहन के साथ आलू की फसल के नुकसान की भरपाई की मांग को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पर 12 बजे प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष प्रमोद मिश्रा ने बताया कि सभी कार्यकर्ता कलेक्टर में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करेंगे।

### तालाब में उतराता मिला अधेड़ का शव

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के दुर्गा माझा गांव में सरयू पुल के बगल स्थित तालाब में मंगलवार को 55 वर्षीय व्यक्ति का शव उतराता मिला। शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### 160 मरीजों की हुई जांच

**बहराइच, अमृत विचार :** आरोग्य भारती बहराइच एवं डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सबलापुर के संयुक्त तत्वाधान में स्वास्थ्य एवं आरोग्य शिविर का आयोजन ग्राम खैरा बाजार में किया गया। डॉ. शैलेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. पवन वर्मा, डॉ. संदीप वर्मा, डॉ. मनीष शुक्ला व खैरा बाजार प्रधान प्रतिनिधि रशीद अहमद एवं अन्य लोग मौजूद रहे। शिविर में करीब 160 मरीज का नि :शुल्क उपचार हुआ।

### वारंटी को भेजा जेल

**बहराइच, अमृत विचार :** हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कटका मरौढा गांव निवासी अंशु सिंह पुत्र वंशराज सिंह के विरुद्ध केस दर्ज है। न्यायालय ने गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार शुक्ला के निर्देश पर उप निरीक्षक रामकेश और सिपाही हनुमान यादव की टीम ने वरंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# 22 करोड़ के भुगतान को लेकर बीएसए व बीईओ आमने-सामने

## महानिदेशक को पत्र भेजकर खंड शिक्षा अधिकारियों ने मांगा सामूहिक तबादला

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचारः** वर्ष 1999 में तैनात हुए 51 बीएड शिक्षकों के बकाया 22 करोड़ रुपये के वेतन भुगतान को लेकर बीएसए व बीईओ आमने सामने आ गये हैं। खंड शिक्षा अधिकारियों ने बीएसए पर भुगतान के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है और स्कूली शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेजकर सामूहिक तबादले की मांग की है। खंड शिक्षा अधिकारियों ने इसकी शिकायत की प्रति जिला प्रशासन को भी भेजी है। अफसरों की यह लड़ाई शिक्षकों में चर्चा का विषय बनी है।

उत्तर प्रदेश विद्यालय निरीक्षक संघ को जिलाध्यक्ष कोमल यादव के मुताबिक जिले में वर्ष 1999 में बीएड डिग्री धारी 51 शिक्षकों की नियुक्ति की गयी थी। इनमें से 38 शिक्षक जिले के विभिन्न शिक्षा क्षेत्रों में कार्यरत हैं। इन सभी की नियुक्ति व कार्यभार ग्रहण तिथि विवादित है। हाईकोर्ट के आदेश पर इन सभी को वर्ष 2019 से वेतन भुगतान किया जा रहा है। हालांकि हाईकोर्ट के आदेश मे यह भी लिखा गया है कि वित्तीय निहितार्थों के कारण अंतिम निर्णय तक, बकाया का भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है।" इसके बावजूद इन सभी को वर्ष 2010 से वेतन भुगतान देने की साजिश रची जा रही है। यह धनराशि करीब 22 करोड़ रुपये है। बीएसए सभी खंड शिक्षा अधिकारियों पर बकाया वेतन भुगतान करने के लिए दबाव बना रहे हैं। अनुचित भुगतान में सहयोग न करने के कारण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एमडीएम के अन्तर्गत आईवीआरएस काल से प्राप्त औसत लाभार्थी छात्र संख्या के आधार पर कम उपस्थिति प्रतिशत को आधार बना कर खंड शिक्षा अधिकारियों के खिलाफ उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जा रही है। बीईओ संघ का कहना है कि कटरा बाजार में छात्रों की उपस्थिति को 28.38 प्रतिशत बताया जा रहा है जबकि इसका वास्तविक प्रतिशत 53.97 है। इस मनमानी के खिलाफ बीईओ संघ ने स्कूली शिक्षा महानिदेशक को पत्र भेजा है और सामूहिक स्थानांतरण की मांग की है।



कोमल यादव।

"इन अध्यापकों की नियुक्ति तिथि, कार्यभार ग्रहण तिथि एवं कार्य प्रमाणित नहीं है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में वेतन भुगतान को न्यायालय मे योजित रिट के अन्तिम निर्णय के अधीन भी बताया है। फिर भी लगभग 22 करोड़ का भुगतान कराये जाने का दबाव बनाया जा रहा है। जबकि उच्च न्यायालय में अभी रिट याचिका लम्बित है। ऐसे में भुगतान किये जाने से न्यायालय के आदेश की अवहेलना हो रही है। यदि इस रिट याचिका में अन्तिम निर्णय नियुक्ति के विपरीत जाता है तो उसकी रिकवरी भी हो सकती है। जबकि इसके लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी खण्ड शिक्षा अधिकारियों के ऊपर भुगतान कराने के लिए व्यक्तिगत दबाव बना रहे हैं।"

– **कोमल यादव, जिला अध्यक्ष,** उत्तर प्रदेश विद्यालय निरीक्षक संघ



प्रेमचंद यादव।

"वर्ष 1999 में 51 बीएड शिक्षकों की नियुक्ति हुई थी। हाईकोर्ट ने वर्ष 2010 में वेतन भुगतान का आदेश दिया लेकिन किसी अधिकारी ने वेतन देने में रुचि नहीं दिखाई। शिक्षकों ने अवमानना याचिका दाखिल की तो वर्ष 2019 में तत्कालीन बीएसए मनीराम सिंह ने वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया लेकिन यह भुगतान वर्ष 2019 से ही किया गया। जबकि हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में वेतन भुगतान 2010 से किया जाना था। इसी क्रम में वेतन भुगतान के लिए पत्र जारी किया गया है लेकिन बीईओ इस पत्र का जवाब नहीं दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त निपुण अभियान, छात्र उपस्थिति व अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में भी रुचि नहीं ली जा रही है जिससे जिले की रैंकिंग पिछड़ रही है। इस लापरवाही को लेकर शासन को रिपोर्ट भेजी गयी है। भुगतान के लिए दबाव बनाने का आरोप निराधार है।"

– **प्रेमचंद यादव,** बीएसए

### तहसील बार चुनाव में जगदीश अध्यक्ष व अजय बने महामंत्री

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को तहसील बार एसोसिएशन का चुनाव हुआ जिसमें अध्यक्ष पद पर जगदीश प्रसाद तिवारी व महामंत्री पद पर अजय कुमार शुक्ल विजयी हुए। कुल 144 मतों के सापेक्ष 142 मत पड़े। अध्यक्ष पद के दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। जगदीश प्रसाद तिवारी को 82 जबकि भानु प्रताप मिश्र को 57 मत मिले। इस प्रकार 25 मत अधिक पाकर जगदीश प्रसाद तिवारी विजयी घोषित हुए। महामंत्री पद पर तीन प्रत्याशियों में अजय कुमार शुक्ला को 71, सुधीर श्रीवास्तव को 51 व रमेश चंद्र श्रीवास्तव को 18 मत मिले। 20 मत अधिक पाकर अजय कुमार शुक्ला महामंत्री पद पर विजयी घोषित किए गए। समर्थकों ने जमकर नारेबाजी कर एक –दूसरों को मिठाई खिलाते हुए खुशी का इजहार किया। इस दौरान श्रवण कुमार शुक्ल, राज कुमार मिश्र, पंकज पाठक, उमाकांत शुक्ल आदि मौजूद रहे।



तहसील बार चुनाव में विजई प्रत्याशी व समर्थक।

## सेनानियों की तरह एकजुट होने की जरूरत

मनकापुर, गोंडा



क्षत्रिय युवा वाहिनी के कार्यक्रम में बोलते सांसद कीर्तिवर्धन सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** संगठित रहने से सभी लोगों का भला होता है जैसे कि अब से कई वर्ष पूर्व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने संगठित होकर अंग्रेजों को भारत देश छोड़ने पर मजबूर किया था। उक्त विचार भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह उर्फ राजा भैया ने मंगलवार को जिगना कोर्ट में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महाराजा देवी भगत सिंह के पंचमुखी शिवाला परिसर में क्षत्रिय युवा वाहिनी के बैनर तले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सम्मान समारोह के एक कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रहते हुए कही।

उन्होंने कहा कि राजा देवी बक्स सिंह को भुलाया नहीं जा सकता है। इसलिए लोगों से अपील करते हैं कि महाराजा देवी बक्स सिंह के क्रिया कलापों का स्मरण करते हुए हमें एकजुट रहने की जरूरत है। इसमें क्षत्रिय युवा वाहिनी की टीम द्वारा महाराजा देवी बक्स सिंह के सम्मान में विगत 10 वर्षों से जिगना कोर्ट परिसर में समय-समय पर महाराज के सम्मान में विविधि कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है जो सराहनीय है। टीम द्वारा जनपद के सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में उनके परिजनों को सम्मानित कराया जा रहा है। सांसद ने कहा कि युवाओं को पुराना इतिहास नहीं भूलना चाहिए। समय एक दम बदल गया। इतिहास को पढे और लोगों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में क्षत्रिय युवा वाहिनी के राष्ट्रीय संयोजक अमित सिंह, राष्ट्रीय वित्त सचिव अंकुर सिंह, मंडल संरक्षक प्रवीण सिंह आदि ने राजा देवी बक्श सिंह की जीवन शैली के बारे में बताया। इस मौके सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह, कमलेश पांडेय, भरत सिंह, बब्बू सिंह, पवन सिंह, दुर्गेश सिंह, वैभव सिंह, दृर्गपाल सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

### दूध बेचकर जा रहे युवक पर हमला

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम रेक्सड़िया के रहने वाले अजय प्रताप यादव ने थाने पर तहरीर देकर मारपीट मामले नामजद आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि मंगलवार को वह दूध देकर शाहपुर बाजार से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ता में गांव के ही राकेश यादव, वंशराज यादव, दिनेश यादव, मनोज यादव, मुलायम यादव ने गाली- गलौज की और भाला-फरसा से हमलावर हो गए। जानमाल की धमकी दी। उसके 50 हजार रुपये व मोबाइल गायब हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर आधा दर्जन नामजद लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

**सार-संक्षेप**

### सुरक्षा के लिए किया सचेत



महिला को सम्मानित करते आईटीआई के अधिकारी। अमृत विचार

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** आईटीआई लिमिटेड फैक्ट्री में 53 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। संस्थान में कार्यरत कामगारों, गृहणियों व स्कूली बच्चों के लिए सुरक्षा से सम्बन्धित वाद विवाद, टेलीफोनिक क्विज व निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने दुर्घटनाओं की रोकथाम, गृह व्यवस्था व सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। कारखाना प्रबंधक ओम प्रकाश ने सुरक्षा के क्षेत्र में उच्च मानदंड स्थापित किए जाने के लिए आश्वस्त किया व सुरक्षा के प्रति सचेत रहने के लिए बल दिया। उप प्रबंधक केन्द्रीय सेवाएं अवधेश कुमार ने स्वागत भाषण ज्ञापित किया तथा सुरक्षा विभाग की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### पति समेत तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** दहेज के खातिर थाना क्षेत्र की रहने वाली बेटी को ससुराली जनों ने विदा कराने से इनकार कर दिया। पिता शिकायत पर पुलिस ने पति सहित तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामपुर दबावल के मजरा बेचू पुरवा के रहने वाले हरिनाथ सोनी के मुताबिक बेटी काजल की शादी न्यू इंदिरा नगर निकट शहनाई मैरिज हॉल से की थी। दो साल बीतने के बाद भी उनकी बेटी को ससुरालीजन विदा नहीं कर रहे हैं। दहेज में 5 लाख रुपये व बुलेट की मांग कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि पिता की शिकायत पर काजल के पति संजय सोनी, ससुर ओमप्रकाश व सास के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कौड़िया थाना क्षेत्र के आशुतोष शुक्ला पुत्र सुधाकर शुक्ला निवासी ग्राम पौड़ीबरा ने थाना नगर मे सूचना दी थी कि अपने साथी विष्णुदेव तिवारी के साथ एससीपीएम हॉस्पिटल से वापस आ रहे थे कि गली के बाहर गाड़ी टकराने को लेकर कुछ लड़को से कहासुनी हो गई थी जिसमें स्थानीय लोगो ने बीच बचाव करवाया उसके बाद हम लोग डा रजिया मुश्फीक से मिलकर आरएन पाण्डेय हॉस्पिटल की तरफ जा रहे थे कि रास्ते में जाते समय सकसेरिया स्कूल के पास घात लगाकर बैठे लड़को द्वारा पिस्टल लहराते हुए मारपीट की व सुतली बम फेंक कर जानलेवा हमला कर दिया जिसमे हम लोग बाल-बाल बचे है। सूचना पर थाना नगर में कप्तान सिंह उर्फ भूपेन्द्र सिंह निवासी सहरिया वजीरगंज के खिलाफ केस दर्ज किया गया था आरोपी को कचहरी गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर करीब विभिन्न स्थानों में आधा दर्जन मुकदमा दर्ज है। नगर कोतवाल राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### एसपी के रीडर बनाए गए इंस्पेक्टर राय साहब यादव

**गोंडा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मंगलवार को एक बार फिर से पांच निरीक्षकों की तैनाती में बदलाव किया है। इस फेरबदल में मॉनिटरिंग सेल प्रभारी रहे राय साहब यादव को एसपी का रीडर बनाया गया है जबकि पुलिस लाइन में तैनात रहे चार अन्य निरीक्षकों को थानों पर तैनाती दी गयी है। निरीक्षक श्रीधर पाठक को पुलिस लाइन से मॉनिटरिंग सेल, चंद्र मोहन सिंह को अपराध शाखा से अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक तरबगंज, अरविंद कोरी को पुलिस लाइन से अपराध शाखा भेजा गया है। इसी तरीके से अरुण कुमार त्रिगुनायक को पुलिस लाइन से अपराध शाखा में नहीं तैनाती मिली है।

## मांगों को लेकर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष को दिया ज्ञापन

**बहराइच, अमृत विचार:** प्रांतीय निर्देश के क्रम में महानिदेशक स्कूल शिक्षा के दिए गए आदेश एमडीएम, छात्राओं की ऑनलाइन हाजिरी, बिना सिम दिए टैबलेट का संचालन, टैबलेट को स्कूल में न रखना व्यक्तिगत सुरक्षित रखने आदि अव्यावहारिक निर्देश के व शिक्षक समस्याओं का निस्तारण नहीं करने विरोध में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान नगर पालिका परिषद बहराइच के अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करण टेकरीवाल को ज्ञापन दिया।

शिक्षकों की समस्याओं मुख्यमंत्री तक हमारी आवाज बनकर पहुंचाने की बात कही। पूर्व जिलाध्यक्ष ने शिक्षक पदाधिकारी को आस्वस्थ किया कि वह शिक्षक समस्याओं की बात को मुख्यमंत्री तक जरूर पहुंचाएंगे और शिक्षक के हर समस्या में उनके साथ रहेंगे। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष यम सिराजुद्दीन न्यूटन, प्रांतीय संयुक्त मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष विद्या विलास पाठक, जिला महामंत्री डॉ प्रवीण श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष चित्तौरा अनीस अहमद, कोषाध्यक्ष कैसरगंज आसिफ, मंत्री तजवापुर एवं जिला उपाध्यक्ष अनुराग मिश्र, कोषाध्यक्ष शिवपुरी प्रेमकांत यादव, कोषाध्यक्ष एवं जिला प्रचार मंत्री आशुतोष वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष सरजू प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

### दिल्ली जा रही बस को रोककर चालक को पीटा

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के आटा बाजार में दिल्ली जा रही बस को रोककर कुछ लोगों ने अभद्रता, जानमाल की धमकी देते हुए बस चालक की पिटाई कर दी। थाना तरबगंज के भिखारी पुर कला के रहने वाले राम समुझ ने आरोप लगाया है कि वह वैशाली नामक बस का चालक है। सोमवार को वह मनकापुर से बस लेकर दिल्ली जा रहा था। परसपुर थाना क्षेत्र के आटा बाजार में शाम 6.15 बजे पहुंचा। तभी एक सवारी ने बस रोककर करनैलगंज जाने के लिए कहा तो उसने लोकल सवारी न बैठाने की बात कहकर मना कर दिया। जिस पर मां बाराही ऑफिस व ग्राम अकोहरी के रहने वाले सौरभ सिंह, विनीश सिंह, रमेश यादव व एक अज्ञात व्यक्ति ने अभद्रता कर पिटाई कर दी। बस में तोड़फोड़ की। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## मिल-जुलकर निपटाएं समस्याएं

संवाददाता, बहराइच





तेजवापुर में विकास कार्य की बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** विकासखंड तेजवापुर और आकांक्षी विकासखंड हुजूरपुर के ग्राम प्रधान राम कुमार सिंह रमपुरवा पंचायत और गजपतीपुर पंचायत के ग्राम प्रधान अबू अफसर की अध्यक्षता में पंचायत के सभी कर्मियों और जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ग्राम स्तरीय बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक मे उपस्थित लोगों ने पंचायत से संबंधित समस्याओं को रखा जिसमे शिक्षा और स्वास्थ्य, स्वच्छता, जल निकासी इत्यादि रही। वही पिरामल फाउंडेशन के सैफ रहमान नें बताया की कैसे हम अपनी समस्याओं को मिलजुलकर अपने स्तर पर सुलझा सकते है। परवेज़ खान और मोहम्मद् युसुफ ने ग्राम पंचायत विकास योजना के कम लागत और बिना लागत वाले क्षेत्रों की गतिविधियां जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य गतिविधियों के जरिए पंचायत में जागरूकता करने की बात कही गई जो की पंचायत के विकास के लिए अति महत्वपूर्ण हैं। यह सभी कार्य करने के लिए पंचायत के सभी ग्रामीणों की भागीदारी अति आवश्यक हो जाती हैं। इन सभी गतिविधियों को पंचायत के ग्राम प्रधान की भूमिका अति आवश्यक है। बैठक में पंचायत के ग्राम प्रधान अबू अफसर और राम कुमार सिंह, पिरामल फाउंडेशन के डीएल परवेज़ खान, डीपीएल मोहम्मद् युसुफ, एसपीएल सैफुर रहमान, गाँधी फेलो लोचन देवाडे और नितीश कुमार आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** नाबार्ड और पंख संस्था की ओर से किया गया आयोजन

## स्वालंबन की प्रेरक महिलाओं को किया सम्मानित

गोंडा कार्यालय





महिला को सम्मानित करते डीडीएम नाबार्ड व वरिष्ठ अधिवक्ता रुचि मोदी।

**अमृत विचार :** झंझरी ब्लॉक सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व मंगलवार को समारोह का आयोजन किया गया। इसमें डीडीएम नाबार्ड एवं पंख संस्था की ओर से समूह या एफपीओ का संचालन करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉक्टर किरण राव, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता रुचि मोदी ने सभागार में आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को संबोधित करते हुए नारी सशक्तिकरण पर बिंदुवार जानकारी दी। डॉक्टर किरण राव ने समूह की महिलाओं को उनके अधिकार के बारे में बताया। स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की सीख दी। रुचि मोदी ने मीटिंग हाल में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकार, कानूनी ज्ञान से रूबरू कराया व स्वनिर्मित प्रोडक्ट की सराहना की। अरगा ब्रांड की भी प्रशंसा की। कार्यक्रम के आयोजक डीडीएम नाबार्ड ने बताया कि नाबार्ड आगे इसी तरह से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मान देने व उनको स्वावलंबी बनाने के लिए तत्पर रहेगा। कार्यक्रम का टेक्निकल सपोर्ट पंख एनजीओ ने किया। संचालन कर रहे प्रोजेक्ट मैनेजर राजमंगल सिंह ने महिलाओं का सम्मान करते हुए बताया कि हम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न विभागों के माध्यम से कई प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। गोंडा में नाबार्ड द्वारा बनाए गए महिला एफपीओ को भी शील्ड के साथ सम्मान दिलाने का कार्य किया गया। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को डीपी एफपीओ के बारे में जानकारी देते हुए बताया महिला का यह एफपीओ प्रदेश का दूसरा एफपीओ है जो नाबार्ड द्वारा बनाया गया है।

## नेपाल में रिसिया के युवक की हादसे में मौत

रिसिया, बहराइच



**अमृत विचार:** नेपाल में रिसिया के एक युवक की देर शाम बस से कुचल जाने से मौके पर ही मौत हो गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह घर में सबसे छोटा था लेकिन नेपाल के कैसिनो के सामने हुई दुर्घटना में जान चली गई।

रिसिया नगर पंचायत के सरस्वती नगर वार्ड निवासी अनिल जायसवाल (25) पुत्र मोती लाल की नेपाल के नेपाल गंज में एक कैसिनो के पास सड़क पर एक बस ने कुचल दिया। घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। यह युवक दो दिन पूर्व घर आया था और सोमवार शाम को वापस नेपाल गया था और कैसिनो के बाहर सड़क पर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। अचानक विपरीत दिशा से निकली बस ने कुचल दिया। यह युवक डिवाइडर के पास खड़ा था और नेपाल में ही रहकर कार्य कर रहा था। अपने परिवार में पांच भाई दो बहनों में सबसे छोटा था। एक वर्ष पहले यह रिसिया में मोबाइल रिपेयरिंग शाप चलाता था। पिता की मौत के बाद इसने नेपाल का रुख किया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बछईपुर, विकास खण्ड मुजेहना, जनपद-गोडा**

पताकं : मेमो / अन्त्येष्ठीस्थल विज्ञापन /2023-24 दिनांक: 05/03/24

**निविदा सूचना**

वित्तिय वर्ष 2023 24 में VRGF / RGSA /राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष अन्तेष्ठि स्थल निर्माण कार्य हेतु सामग्री जैसे ईट, सीमेन्ट, बालू, मोरगं, गिट्टी, सरिया, मिट्टी ढुलाई व निर्माण कार्य में लगाये जाने वाले समस्त आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति कार्यस्थल पर करने हेतु दरे आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06/मार्च /2024 से 2.00 बजे तक अपनी दरे लेटर हेड पर संलग्न कर बन्द लिफाफा में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं।
नियम एवं शर्ते ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा खुलने की तिथि 11/मार्च/2024, दोपहर 2.00 बजे के बाद

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत-बछईपुर,
विकास खण्ड मुजेहना, जनपद-गोडा

**ग्रा0पं0अधि0/ग्रा0वि0अधि0**
ग्राम पंचायत-बछईपुर,
विकास खण्ड मुजेहना, जनपद-गोडा

## गुल्लाबीर, राम जानकी मन्दिर व धुरिया बाबा आश्रम का होगा पर्यटन विकास

बहराइच, अमृत विचार : जिले में स्थित तीन धार्मिक स्थलों का विकास पर्यटन स्थल के रूप में होगा। इसके लिए सरकार की ओर से बजट जारी कर दिया गया है। जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि बहराइच नगर में स्थित ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व के श्री गुल्लाबीर मन्दिर, विधानसभा क्षेत्र मटेरा अन्तर्गत स्थित धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर तथा विधानसभा क्षेत्र कैसरगंज अन्तर्गत स्थित श्री राम जानकी मंदिर बटुरहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए शासन द्वारा मुख्यमंत्री पर्यटन स्थलों का विकास मद अन्तर्गत कुल धनराशि 346.40 लाख रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। डीएम ने बताया कि श्री गुल्लावीर मन्दिर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 126.29 लाख रूपये के लिए उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। धुरिया बाबा आश्रम बलभद्रपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 88.23 लाख रूपये तथा श्री राम जानकी मंदिर बटुराहा फखरपुर के पर्यटन विकास के लिए स्वीकृत धनराशि 104.87 लाख रूपये के लिए भी शासन द्वारा उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। जल्द ही इन सभी स्थानों पर कार्यदाई संस्था द्वारा शुरू कर दिया जाएगा।


डीएम मोनिका रानी।

## 31 इंटरनेशनल बैरियर से होगी जिले की निगरानी

बहराइच/रूपईडीहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में पुलिस और प्रशासन की ओर से नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी भारती जाएगी। इसके लिए 31 अस्थाई इंटरनेशनल बैरियर लगाए जाएंगे। इन बैरियर को सीसीटीवी कैमरे से लैस कर सुरक्षा को मजबूती दिया जायेगा। जिससे कि लोकसभा चुनाव के समय सुरक्षा को लेकर कोई दिक्कत न हो।

बहराइच जिला नेपाल सीमा से सटा हुआ है। नेपाल सीमा के निकट जंगल भी काफी मात्रा में स्थित है। ऐसे में नेपाल सीमा से भारतीय क्षेत्र में राष्ट्र विरोधी ताकत प्रवेश न कर सके इसके लिए पुलिस और प्रशासन की ओर से इस बार कड़ी सुरक्षा बरती जाएगी। सुरक्षा के लिए जिले में पहले से 23 बैरियर स्थापित हैं। देवीपाटन मंडल के डीआईजी एपी सिंह ने बताया कि जिले का रुपईडीहा, नवाबगंज, मोतीपुर, सुजौली और मुर्तिहा थाना नेपाल सीमा से लगा हुआ है। इन क्षेत्रों में सशस्त्र सीमा बल पुलिस के साथ मिलकर सुरक्षा को मजबूती प्रदान कर रही है लेकिन अति संवेदनशीलता को देखते हुए सीमा क्षेत्र में लोकसभा चुनाव से पहले 31 अंतर्राष्ट्रीय बैरियर की स्थापना की जाएगी। मुख्य जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगाकर इसकी निगरानी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरा के द्वारा भारत से नेपाल और नेपाल से भारत जाने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी।


भारत-नेपाल सीमा पर स्थित मुख्य द्वार।

### 36 चौकियों से हो रही सुरक्षा


डीआईजी।

डीआईजी देवी पाटन मंडल ने बताया कि जिले में सशस्त्र सीमा बल की 36 चौकिया है जिन पर जवान 24 घंटे नजर बनाए रखते हैं पुलिस भी जांच में सहयोग करती है और सुरक्षा को मजबूती प्रदान करती है। लेकिन बदलते स्वरूप को देखते हुए सीमा पर नए इंटरनेशनल बैरियर स्थापित किए जाएंगे।

### 48 पिकेट ड्यूटी होगी

अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि सीमा क्षेत्र में जिन स्थानों पर अस्थाई बैरियर लगाई जायेगी। उन स्थानों पर पुलिस की 48 पिकेट ड्यूटी लगाई जायेगी। जिससे कि सुरक्षा को मजबूती मिले।

## निर्वाचन दायित्व के लिए अधिकारी हुए प्रशिक्षित

**बहराइच, अमृत विचार :** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा जनपद में गठित मीडिया टीम के सदस्यों को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मीडिया टीम के सदस्यों को निर्वाचन प्रकिया के दौरान मीडिया मानीटरिंग सर्टिफिकेशन(एमसीएमसी) के दायित्वों, पेड न्यूज, चुनाव प्रसार सम्बंधी विज्ञापन, आयोग के दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार, मीडिया प्रबन्धन, स्वीप गतिविधियों के प्रचार-प्रसार इत्यादि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ सीके वर्मा, जिला सूचना अधिकारी गुलाम वारिस सिद्दीकी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।


कार्यालय में बैठक करतीं नगर मजिस्ट्रेट।

# चारपाई के नीचे मिला पिता का शव, मां लापता

## बेटे ने संदिग्ध मौत की जताई आशंका, पुलिस कर रहीं जांच

बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के सुखनदिया गांव निवासी एक ग्रामीण का शव चारपाई के नीचे पड़ा मिला है। जबकि उसकी पत्नी रहस्य में हालत में लापता है। जिला मुख्यालय से गांव पहुंचे मृतक ग्रामीण के बेटे ने संदिग्ध मौत की आशंका जताई है। साथ ही उसने अन्य खुलासा भी किया।

रानीपुर थाना क्षेत्र के सुख नादिया गांव निवासी जयकरन (45) पुत्र मंगरे का शव चारपाई के नीचे पड़ा मिला है। वहीं जयकरन की पत्नी भी घर से लापता है। ग्रामीण के आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष आरती वर्मा पुलिस बल के साथ गांव पहुंची। उन्होंने मौके की जांच की आसपास के लोगों का बयान दर्ज किया। इसके बाद जिला मुख्यालय पर काम कर रहे मृतक के बेटे को सूचना दी। मृतक ग्रामीण का बेटा रंजीत भी लगते गांव पहुंचा उसने देखा कि पिता का शव चारपाई के नीचे पड़ा है। बेटे ने संदिग्ध मौत के आशंका जताते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


ग्रामीण की मौत के बाद गमगीन परिवार के लोग। अमृत विचार

### दो बार आए समूह के लोग

सुख नादिया गांव निवासी मृतक ग्रामीण जयकरण के बेटे रंजीत ने बताया कि उसके घर की हालत ठीक नहीं है जिसके चलते मां ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से संचालित समूह से पैसा लिया था। सोमवार को शाम पांच बजे के आसपास और नौ बजे के आसपास लोग समूह का पैसा लेने के लिए आए थे। ऐसे में उन लोगों से भी पूछताछ की जाए।

### चल रही तलाश, जल्द होगी बरामदगी

गांव में ग्रामीण के संदिग्ध मौत के आशंका बेटे ने जताई है तहरीर विधि है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी लापता महिला की तलाश की जा रही है, पुलिस टीम लगी हुई है।

-आरती वर्मा, थानाध्यक्ष

## पूर्व प्रधानाचार्य को सीजेएम ने किया न्यायालय में तलब

**बहराइच :** वैद्य भगवानदीन गांधी इंटर कालेज प्रबंध समिति की ओर से सीजेएम की कोर्ट में दायर किए वाद में पूर्व प्रधानाचार्य को न्यायालय में तलब किया है। कोर्ट द्वारा तलबी का आदेश प्राप्त होते ही पूर्व प्रधानाचार्य अब 29 मार्च को कोर्ट में पक्ष रखेंगे। वैद्य भगवानदीन गांधी इंटर कालेज प्रबंध समिति के प्रबंधक द्वारा कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य जगदीश कुमार सिंह व लिपिक विद्याप्रकाश श्रीवास्तव पर अनियमितता के गंभीर आरोप लगाते हुए सीजेएम शिवेंद्र कुमार मिश्रा की कोर्ट पर परिवाद दायर किया था। मामले में कोर्ट ने प्रबंधक द्वारा दायर किए गए परिवाद को स्वीकार करते हुए पूर्व प्रधानाचार्य को अपना पक्ष रखने के लिए 29 मार्च को न्यायालय में तलब किया है। न्यायालय से तलबी आदेश मिलने के बाद पूर्व प्रधानाचार्य अब 29 को कोर्ट में अपना पक्ष रखने की तैयारी में हैं। पूर्व प्रधानाचार्य ने बताया कि कोर्ट ने अभी मुकदमा दर्ज करने का आदेश दर्ज दिया है। महज अपना पक्ष रखने के लिए 29 को तलब किया है। उन्होंने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर वह कोर्ट द्वारा निर्धारित की गई तिथि पर उपस्थित होकर अपना पक्ष रखेंगे।

## विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन

बहराइच

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं न पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हो रही महिला विरोधी गतिविधियों को लेकर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। परिषद के कार्यकर्ता किसान पीजी कॉलेज में एकत्रित होकर नगर मंत्री नित्या पाठक के नेतृत्व में नारेबाजी की।

अभाविप के प्रांत सहमंत्री आदर्श शुक्ला ने कहा कि संदेशखाली में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की वोट बैंक की राजनीति कर रही हैं। कहा कि एक ओर राज्य सरकार संरक्षित भ्रष्टाचारीयों के हौसले बुलंद हैं संदेशखाली में जिन पीड़ितों के साथ ज्यादती हुई है। उनमें अधिकांश पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। जिला संयोजक मयंक अग्रवाल ने बताया संदेशखाली की महिलाओं के ऊपर हो रही हिंसा एवं उनकी सामूहिक अस्मिता के हनन पर अंकुश लगाया जाए। जिला सह संयोजक आशुतोष मिश्रा ने कहा राज्य सरकार की संलिप्तता को ध्यान में रखते हुए संदेशखाली के पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच केंद्र एजेंसी द्वारा कराई जाए एवं दोषियों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। वंशिका मिश्रा ने कहा कि वहां की महिलाओं को मनोचिकित्सकों द्वारा परामर्श सत्रों की भी सुविधा दी जानी चाहिए। प्रदर्शन में खेलो भारत सहसंयोजक अभय तिवारी, विभाग संयोजक अमित गोंड, अंकुर, रोशनी, कुंज बिहारी शुक्ला, अमरजीत, निखिल आदि थे।


धरने के बाद नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते विद्यार्थी परिषद के सदस्य।

## एनएसएस ने चलाया स्वच्छ पर्यावरण अभियान

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** सर्वोदय महाविद्यालय के एनएसएस शिविर का कार्यक्रम ग्राम पंचायत तंबोलिनपुरवा में निरंतर चल रहा है। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के छात्रों ने स्वच्छ पर्यावरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के तहत पूरे गांव में रैली निकाली तथा पौधे रोपे और लोगों को चौपाल लगाकर जागरुक करते हुए स्वच्छ पर्यावरण तथा जल संरक्षण का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर कार्यक्रम में पहुंचे मोहम्मद जमील कुरैशी ने सभी छात्र-छात्राओं को सामाजिक सेवा का पाठ पढ़ाया पढ़ाया। नम्रता श्रीवास्तव, कार्यक्रमाधिकारी डॉ .नम्रता श्रीवास्तव, मोहम्मद जमील कुरैशी, अंजू, मधु, दिव्यांशी खुशी सिंह, मीनाक्षी मौर्य, शिवानी गुप्ता, ज्योति यादव, अशफाक, रोहित, जुनैद अली, पुष्पेंद्र, राजन कुमार, रवि, वसीम मलिक, इस्लाम अली, अजय कुमार, मुस्कान प्रतिमा गुड़िया आदि थे।

## तीरंदाजी महिला व पुरुष टीम की विजेता बनी कुशीनगर की टीम

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के पुलिस लाइन में जोन के जिलों के महिला और पुरुष आरक्षी खिलाड़ियों के बीच तीरंदाजी प्रतियोगिता चल रही थी। मंगलवार को अंतिम दिन प्रतियोगिता की विजेता कुशीनगर और उपविजेता बहराइच की टीम बनी। गोरखपुर जोन के जिलों के महिला और पुरुष सिपाही खिलाड़ियों की आर्चरी प्रतियोगिता शहर के पुलिस लाइन में चल रही थी। 11 जिले के खिलाड़ियों को शामिल होना था। लेकिन श्रावस्ती और बलरामपुर के खिलाड़ी शामिल नहीं हुए। प्रतियोगिता का फाइनल मंगलवार को खेला गया। मुख्य अतिथि डीआईजी एपी सिंह रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुभारंभ किया। आयोजित तीरंदाजी प्रतियोगिता में महिला और पुरुष टीम की विजेता कुशीनगर और उपविजेता बहराइच की टीम बनी। डीआईजी ने पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के साथ विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा, ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, पयागपुर, प्रतिसार निरीक्षक, प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुपमा धानुक, अभिषेक धानुक समेत अन्य मौजूद रहे।


खिलाड़ियों को सम्मानित करते डीआईजी।

## प्लाईवुड फैक्ट्री में पार्टनरशिप के नाम पर डेढ़ करोड़ की धोखाधड़ी

बहराइच

**अमृत विचार:** सिद्धार्थ नगर के दो व्यक्तियों ने जिले के बौंड़ी इलाके में प्लाईवुड फैक्ट्री में भारी मुनाफा का झांसा देकर अपने ही जिले के पांच लोगों की डेढ़ करोड़ रकम लगवाई। कुछ दिनों बाद लगवाई गई रकम को फंसा कारोबार पर एकाधिकार कर लिया। पीड़ित पक्ष ने धोखाधड़ी व धमकी की धाराओं मे केस दर्ज कराया है।

सिद्धार्थ नगर जिले के देवरिया थाने के आर्यनगर निवासी संजय मित्तल के अनुसार उनके ही जिले के शोहरतगढ़ जिले के गांधी नगर निवासी पवन मित्तल ने बताया कि बहराइच के बौंड़ी थाने के खैरा बाजार में उनकी प्लाईवुड फैक्ट्री है। धनाभाव में जो मुनाफा होना चाहिए वह नहीं हो पा रहा है। डेढ़ करोड़ का निवेश को प्रेरित किया। इसके लिए पार्टनरशिप का आमंत्रण दिया। संजय मित्तल ने बताया की नजदीकी होने की वजह से विश्वास करके संजय ने दो अन्य व्यवसायिक साथी नंद किशोर शर्मा व गोविंद अग्रवाल ने पचास पचास लाख का निवेश किया। दरगाह थाने के परसौरा में 24 लाख की भूमि खरीदी गई। 1.26 करोड़ रुपये बैंक व अन्य माध्यम से पवन को दिया गया। कुछ दिनों तक तो इन तीनो पार्टनर को लाभांश मिला। फिर देनदारी बंद हो गई। यहां तक कि कंपनी पर पवन का एकाधिकार हो गया। बताया गया था कि पंकज टिम्बर मर्चेंट का लाइसेंस पवन के नाम है। बाद मे पता चला कि लाइसेंस पवन मित्तल के भाई राधेश्याम मित्तल के नाम है। डेढ़ करोड़ का निवेश फंसने पर पीड़ित संजय ने थाने में पंजीकृत डाक से तहरीर भेजी। उस पर पुलिस ने जब केस दर्ज नही किया तो पीड़ितों ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर दरगाह थाने मे केस दर्ज किया गया है।

## सार-संक्षेप

### संकल्प पत्र सुझाव पेटिका लांच, प्रधान मंत्री ने सारे वादे किए पूरे

**रिसिया बहराइच, अमृत विचार :** विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव पेटिका का लांच मटेरा विधान सभा के तहत रिसिया में किया गया है।जिसमे सभी से सुझाव मांगे गए है। इसके बारे में प्रेस वार्ता कर मुख्य अतिथि मंजू सिंह अध्यक्ष जिला पंचायत ने जानकारी दी है। रिसिया के पूर्व चेयर मैन राजेश निगम के आवास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित हुएकरते मंजू सिंह ने बताया कि जितने वादे 2014से 2024तक प्रधान मंत्री ने किया था,वे सभी पूरे हो गए,अब सीधे सुझाव पेटिका लांच कर सुझाव मांगे जा रहे है।सभी अपने विचार और सुझाव लिखकर दे सकते है।इस वार्ता का संचालन डा राजू निगम ने किया। इस अवसर पर पूर्व चेयर मैन नीरू श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष बलवंत सिंह नवाब गंज,कुश शुक्ला मटेरा,हेमंत वर्मा रिसिया,बृजेश निषाद राम गांव तथा,अरविंद गुप्ता भी मौजूद रहे।


मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष का स्वागत करते पदाधिकारी।

### शोभायात्रा में सजी झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

**जरवलरोड, बहराइच, अमृत विचार :** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर शिव जयन्ती के अवसर पर राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र जरवलरोड की ओर से शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें शिवबाबा रामदरबार और लक्ष्मी नारायण सजी धजी झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ब्रह्मा कुमार भाई एवं ब्रह्मा कुमारी बहनों के साथ शामिल सैकड़ों लोगों ने नगर क्षेत्र का भ्रमण कर ऊं शान्ति, के जयकारों से क्षेत्र गूंजायमान हो उठा तथा हाथों में तख्तियां में शदवाक्य लिखा, जागो जागो समय को पहचानो भारत में भगवान आए हैं, कलयुग जा रहा है सतयुग आ रहा है।


जरवल रोड में सजी झांकी।

### समाजवादी युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बने अफसाल

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर के रहने वाले अफसाल शानू को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी की संस्तुति पर समाजवादी पार्टी द्वारा जनपद बहराइच का युवजन सभा जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर अफसाल शानू ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद गिरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो हमे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है उसका निर्वाह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे और समाजवादी पार्टी कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों तथा विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंगे और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे।



### ग्रामीण को पिकअप ने मारी ठोकर, मौत

**बौंडी, बहराइच, अमृत विचार :** लखनऊ बहराइच मार्ग पर फखरपुर थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण को मंगलवार सुबह नित्यक्रिया से वापस आते समय पिकअप ने टक्कर मार दी। मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुंडासर के मजरा सुवाताली गांव निवासी रमजान (58) पुत्र रज्जाक मंगलवार सुबह नित्य क्रिया के लिए खेत को गए। इसके बाद वह वापस पैदल घर के लिए आ रहे थे। घर आते समय लखनऊ बहराइच मार्ग पर बहराइच से लखनऊ की ओर जा रही पिक अप वाहन ने ग्रामीण को ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही ग्रामीण की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक करुणा शंकर पांडेय ने बताया कि तहरीर मिलने पर हादसे का केस दर्ज किया जायेगा।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 को

**बहराइच :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें।

### वरिष्ठ कांग्रेस नेता का निधन

**बाबागंज, बहराइच :** पूर्व ग्राम प्रधान और वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिभुवन दत्त चौधरी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार को 96 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर है। कुछ समय से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी और सुबह निजि निवास ग्राम चितरहिया में उन्होंने अंतिम सांस ली। श्री चौधरी कई बार ग्राम प्रधान रहे तथा अपना सारा जीवन उन्होंने कांग्रेस पार्टी को समर्पित कर रखा था। अंतिम संस्कार शाम को ग्राम चितरहिया में किया गया। अंतिम संस्कार के अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष जय प्रकाश मिश्रा, सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, भाजपा पिछड़ा वर्ग जिला अध्यक्ष कृपा राम वर्मा, पूर्व विधायक माधुरी वर्मा, पूर्व विधायक शब्बीर अहमद, पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डा. एएम सिद्दीकी, जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख मो. रफी, हरिश्चंद्र बन्टू सहित काफी तादाद में ग्राम प्रधानगण, क्षेत्र पंचायत सदस्यगण क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

## टैबलेट से अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन के विरोध में शिक्षकों ने दिया धरना

**बहराइच, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ विकास क्षेत्र तजवापुर के ब्लॉक अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक के नेतृत्व में ब्लॉक के सैकड़ों शिक्षकों ने तीन बजे ब्लॉक संसाधन केंद्र पर एकत्रित होकर सभा की। खण्ड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव को अभिलेखों के डिजिटलाइजेशन के विरोध में ज्ञापन सौंपा। सभा को सम्बोधित करते हुए जिला मन्त्री विजय कुमार उपाध्याय ने कहा कि विभाग अर्ध आकस्मिक अवकाश, 30 अर्जित अवकाश तथा द्वितीय शनिवार का अवकाश नही देता है तथा सरकारी सिम नहीं उपलब्ध कराता तब तक शिक्षक टैबलेट प्रयोग करने के लिए तैयार नही है। संगठन शिक्षक समस्याओं को लगातार विभाग को अवगत करा रहा है, लेकिन विभाग शिक्षक समस्याओं के प्रति उदासीन बना हुआ है। सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष आनन्द कुमार पाठक ने कहा कि शिक्षक लगातार पूरे मनोयोग से अपना कार्य कर रहा है इसके बाद भी टैबलेट से उपस्थित लागू करना शिक्षकों पर अविश्वास करना है। इस दौरान ब्लॉक पदाधिकारी अध्यक्ष भुवनेश्वर पाठक, मंत्री अनिल कुमार सिंह कोषाध्यक्ष जयसुखलाल मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार मिश्र, उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र पाल श्रीवास्तव, चन्द्रशेखर नागवंशी, मृत्यंजय कुमार शुक्ल, जुबेर अहमद, अंजना रेबेका जॉनसन, रश्मि प्रभाकर, उदय शंकर त्रिपाठी, संतोष गुप्ता, सुरेश कुमार यादव-मीडिया प्रभारी सहित लगभग 400 शिक्षक उपस्थित रहे।


खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन देते शिक्षक।

## क्रिप्टो करैंसी के नाम पर श्रमिक से 16.30 लाख की ठगी

**बहराइच, अमृत विचार :** भवनियापुर रामगढ़ी निवासी श्रमिक से नटवरलाल ने क्रिप्टो करैंसी के जरिए भारी भरकम मुनाफा का झांसा दिया। उसे ही नही उसकी पत्नी व बेटे से भी भारी भरकम रकमे अपने खाते मे ट्रांसफर करा रफूचक्कर हो गया। पीड़ित श्रमिक ने अमानत में ख्यानत का केस दर्ज कराया है। नानपारा कोतवाली के भवनियापुर रामगढ़ी निवासी परशुराम पुत्र सांवल प्रसाद एक चीनी मिल मे संविदा पर नौकरी करते है। उनसे अजीम नाम के एक युवक ने नजदीकी बढ़ाई। उसे क्रिप्टो करैंसी के जरिए भारी भरकम लाभ का झांसा देकर परशुराम, उसकी पत्नी व दिल्ली में रहकर काम कर रहे बेटे से धन अपने खाते मे ट्रांसफर करा लिया। परशुराम के अनुसार कुल धन 16.30 लाख रुपये ठग लिए गए है। अजीम का मोबाइल नम्बर देते हुए कोतवाली में तहरीर दी गई है। जिसमें अजीम का पता भी नही है। पीड़ित की तहरीर पर अमानत में ख्यानत का केस दर्ज किया गया है।

## पूरा देश बोल रहा मोदी का परिवार: विधायक

राजीचौराहा, बहराइच

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह की ओर से मंगलवार को तेजवापुर ब्लॉक में प्रेस वार्ता की गई। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान विधानसभा के साथ जिले में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताया। एक सवाल के जवाब में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और रा जद नेता लालू यादव पर वार किया।

जिले के तेजवापुर विकासखंड में मंगलवार को महसी के भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। भाजपा सरकार की उपलब्धि बनाने के लिए आयोजित प्रेस वार्ता क्षेत्र में बने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण के बारे में बताया। विधायक ने कहा कि जिले के लोगों को काफी मात्रा में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास मिला है। उन्होंने कहा कि सभी का विकास बिना भेदभाव के हो रहा है। आरजेडी नेता लालू प्रसाद यादव के पीएम मोदी पर दिए गए बयान पर विधायक ने जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 मैं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी को चौकीदार है कह दिया, पूरे देश ने अपने आप को चौकीदार बताते हुए समर्थन दे दिया। अब लालू यादव ने जो बयान दिया, उस पर देश के लोग खुद जवाब दे रहे हैं। पूरे देश के लोगों कहना है कि वह मोदी के परिवार के हैं। प्रधानमंत्री मोदी मेरे परिवार के हैं। ऐसे में जनता खुद जवाब दे रही है। इस दौरान जिला प्रतिनिधि अखंड प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रमाकर पांडेय, भरत पांडेय ददुआ समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


प्रेस वार्ता करते विधायक सुरेश्वर सिंह। अमृत विचार

जानकारी — एक माह में हुए 71 हादसों में 42 लोगों की गई जान, चारों तरफ फैला अतिक्रमण भी हादसे को दे रहा बढ़ावा

# प्रतिदिन हो रहे दो सड़क हादसे, संकेतांक लगाने में भी ढिलाई

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले में सड़क हादसा का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते प्रतिदिन दो या इससे अधिक सड़क हादसे हो रहे हैं। हर दो सड़क हादसे में एक व्यक्ति जान गंवा रहा है। लेकिन आरटीओ विभाग हादसों को कम करने के लिए डग्गामार वाहनों के संचालन पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है।

जिले में सड़कों के जाल बिछने के साथ ही हादसों का ग्राफ भी बढ़ता जा रहा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के लाख प्रयास के बाद भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों से बचाव के लिए अधिकारी संकेतांक लगवाने में ढिलाई बरत रहे हैं। जिसका नतीजा लोगों को सामने दिख रही है। फरवरी माह में जिले के विभिन्न मार्गों पर सड़क हादसों की 71 घटनाएं हुई। इन सड़क दुर्घटनाओं में 42 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यह सड़क हादसे जिले के एनएच, एसएच, एमडीआर ओडीआर और वीआर मार्गो पर हुई है। सहायक संभागीय अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर फरवरी माह में सर्वाधिक 36 दुर्घटनाएं हुए हैं, इनमें 23 लोगों को जान गंवानी पड़ी है। वहीं जिले में बढ़ रहे सड़क हादसों पर नजर डालें तो इसका मुख्य कारण सड़क की पटरियों पर अतिक्रमण है। अतिक्रमण दुकानदार के साथ वाहन चालकों द्वारा किया जा रहा है। इसका खामियाजा आम लोगों को जान गंवाकर भुगतना पड़ रहा है।


मिहीपुरवा बिछिया मार्ग पर हुए हादसे में क्षतिग्रस्त वाहन। अमृत विचार

### अधूरे वाहन संचालन पर हुई कार्रवाई

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ओपी सिंह ने बताया कि फरवरी माह में नियमों को ताक पर वाहन का संचालन करने वाले चालकों के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। बिना सीट बेल्ट के 246, गलत साइड के लिए 19, नशे का सेवन करने वाले दो, मोबाइल से बात कर वाहन चलाने वाले 102, ओवरलोडिंग के 15 और बिना लाइसेंस के वाहन चलाने वाले 104 लोगों पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा मानक के अनुरूप न मिलने पर सात स्कूली वाहन, बिना फिटनेस के 19 वाहनों पर भी कार्रवाई हुई है।

### ब्लैक स्पॉट और पेंट के निशान बनाने के निर्देश

जिले के लोगों को भी जागरूक होना होगा। कोई भी दुकानदार अपने दुकान के सामने अतिक्रमण न करे। वाहन चालकों को सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। जिससे नुकसान को कम किया जा सके। तीव्र मोड़, ब्लैक स्पॉट और अन्य कस्बों में संकेतांक लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे सड़क हादसों को कम किया जा सके।

## हाईवे किनारे मिले अज्ञात मृतक की हुई पहचान

**बहराइच, अमृत विचार :** नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र में रविवार रात को सड़क हादसे में दम तोड़ने वाले अज्ञात युवक की पहचान हो गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया है। रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सोहरवा के पास रविवार रात में सड़क किनारे एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ था। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा और चौकी इंचार्ज नरेंद्र चौधरी ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पहचान करवाई। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी उस समय पहचान नहीं हुई। मंगलवार सुबह मृतक की पहचान खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर धोबियाहार गांव निवासी दिनेश श्रीवास्तव (35) पुत्र हनुमान श्रीवास्तव के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मृतक के बड़े भाई प्रदीप श्रीवास्तव ने पहचान की है। जिस पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया गया है। अभी तक पहचान के लिए शव मर्चुरी में रखा था।

## एक नजर

### 350 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**बलरामपुर।** जनपद में भगवतीगंज चौराहा के पास मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि मंच के अध्यक्ष अमन अग्रवाल ने लाल रिबन का फीता काट कर शुभारंभ किया। जिसमें डॉ सौफिक इस्लाम, फिजिशियन डॉ श्वोन राय डेंटल, हार्दिक गगलानी नेत्रालय, डॉ मीनल बेरा रेडियो लॉजिस्ट, डॉ शाहजहां अली लैब, डॉ नवीन गर्ग मैनेजर सहित डॉक्टर ने 350 के मरीजो को स्वास्थ्य जांच की। जिसमें मंच के अध्यक्ष अमन अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा के कार्यो में हमेशा ही अग्रणी भूमिका निभाता आया है। शिविर में लगभग 350 के लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था जिसमें सभी लोगों का डॉक्टर द्वारा इलाज करके दवाई वितरित की गई।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

**श्रावस्ती।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश के अनुपालन तथा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित 9 मार्च 2024 की सफलता हेतु मंगलवार को जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती के विश्राम कक्ष में विचार-विमर्श हेतु बैठक आहूत की गयी। जिसमें समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### होली को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

**महराजगंज तराई, बलरामपुर।** मंगलवार को महराजगंज थाना परिसर में पीस कमेटी के बैठक में थाना प्रभारी गिरजेश तिवारी ने कहा की त्योहार संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग होना जरूरी है। आपसी भाईचारे के साथ सौहार्द पूर्ण के साथ होली मनाए। अगर कोई गांव कस्बा में अराजक तत्व त्यौहार में व्यवधान डालने का प्रयास करता है तो उसकी सूचना पुलिस को दें। पुलिस गांव गांव में मुस्तैद रहेगी। उप निरीक्षक मुनीश दुबे ने कहा कि त्यौहार में अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर जगदंबा प्रसाद मिश्र, नंदकुमार वर्मा, मोहम्मद शब्बीर, अखिलेश्वर चैधरी, चरण वर्मा, कलाम प्रधान, हाजी अकबाल, गणेश प्रसाद सोनी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### लोकतंत्र सेनानियों के लिए अतिथि गृह की मांग

**संतकबीरनगर।** लोकतन्त्र सेनानियों के लिए अयोध्या में एक अतिथि भवन आरक्षित करने तथा पेंशन राशि बढ़ाने के सम्बन्ध में मंगलवार को लोकतंत्र सेनानी शिवकुमार कांदू ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। श्री कांदू ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मभूमि मन्दिर आदि धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए अयोध्या धाम में लोकतंत्र सेनानियों के लिए एक अतिथि भवन आरक्षित किया जाय। जिससे देश के कोने कोने से आरहे सम्मानित लोकतन्त्र सेनानियों को सपरिवार कम से कम एक सप्ताह रुक कर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर तथा माता अंजनी पुत्र भक्त शिरोमणि महाबली हनुमान जी महाराज, माता सीता जी की रसोई आदि धार्मिक स्थलों का दर्शन कर पुण्य के भागी बन सकें।

### एसपी ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जो भी कमियां मिलीं उसे अविलम्ब दूर कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। शिकायतकर्ताओं के साथ उचित व्यवहार को लेकर विशेष तौर पर निर्देशित किया।

# नाबालिग से दुष्कर्म के अभियुक्त पर लगा एनएसए

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पाक्सो एक्ट के मामले में अभियुक्त पुजारी उर्फ छोटू पुत्र चन्द्रदेव निवासी थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट ने 16 जनवरी को निरोधादेश पारित किया। जिसकी पुष्टि राज्यपाल द्वारा की गयी है। अभियुक्त को 16 जनवरी 2024 से 12 माह तक निरुद्ध रखने का आदेश पारित किया गया है।

बताते चलें कि उक्त अभियुक्त ने बीते 2 दिसंबर 2023 को वादिनी की साढ़े चार वर्ष की पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना कारित किया था। वादिनी ने 2 दिसंबर को कोतवाली खलीलाबाद में अभियुक्त के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया गया था। कोतवाली पुलिस ने घटना के दो दिन बाद 4 दिसम्बर को उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ समुचित साक्ष्य संकलन कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया था। जिला मजिस्ट्रेट संतकबीरनगर द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत निरोधादेश पारित किया गया।

## मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन

**रेहरा बाजार, बलरामपुर।** प्रधान संघ विकास खण्ड रेहरा बाजार ने ब्लाक अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव के अगुवाई में विकास खण्ड परिसर में प्रधानो के साथ बैठक कर जिलाधिकारी को संबोधित तीन सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ मनोज कुमार शर्मा को सौंप कर विरोध प्रदर्शन किया। मांग पत्र में प्रधानों ने आरोप लगाया है कि वर्तमान में जिनकी भी वर्क आईडी पक्के कार्यों पर स्वीकृत है उन पर हुए कार्यों का सत्यापन कराकर उनकी पत्रावलियों का शत प्रतिशत एमआईएस कराया जायें। विगत वर्षो में करायें गये कार्यों जिसका भुगतान शासन द्वारा इस वर्ष किया गया है उसको वर्तमान वित्तीय वर्ष में न जोड़ा जाये। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव, राजकरन वर्मा, रंजना, दुर्गावती, जमीला, उषा देबी, सुधाकर सिंह, मो इमरान, जैनब मौजूद रहे। बीडीओ रेहरा बाजार मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम प्रधानों के मांगों की सूचना उच्च अधिकारियों को भेजा जायेगा निर्देश मिलने पर कार्य किया जायेगा।

# डीएम ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

संवाददाता, श्रावस्ती



प्राथमिक विद्यालय में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने विकास खण्ड गिलौला के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय लखाही खास एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय सिहनिया का औचक निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान ज्ञात हुआ ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा इन विद्यालयों के जर्जर होने के कारण भवन के ध्वस्तीकरण के उपरान्त पुर्ननिर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में कराये जा रहे कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया तथा कार्यो को समय-सीमा के अन्दर पूरा कराये जाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने विद्यालय में बने समस्त कक्षों का भ्रमण निरीक्षण किया और मानक के अनुसार सभी अवशेष कार्यो को पूर्ण कराते हुए जल्द से जल्द हस्तगत कराने की कार्यवाही की जाए, ताकि समय से शिक्षण कार्य के संचालन की कार्यवाही करायी जा सके।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह सहित कार्यदायी संस्था के अभियंतागण उपस्थित रहे।

### जनता दर्शन में आईं 09 शिकायतें

जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने प्रतिदिन की तरह मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में आयोजित जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याओं को सुना, इस दौरान जिलाधिकारी को 09 शिकायतें प्राप्त हुई, जो विभिन्न विभागों से सम्बन्धित थी, इन शिकायतों को एक सप्ताह में निराकरण कर रिपोर्ट प्रेषित करने हेतु सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर अब अधिकारियों की जवाबदेही तय की जायेगी। इसलिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण अपने कार्यालय में समस्त कार्य दिवसों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक स्वयं जनसुनवाई करें एवं उनकी समस्याओं का समय सीमा के अन्दर निस्तारण कराना भी सुनिश्चित करें।

# संदेशखाली की घटना के विरोध में किया प्रदर्शन

## राज्य सरकार के संरक्षण में जघन्य अपराधों से महिलाओं, कमजोर वर्गों का जीना दुश्वार : माधवेन्द्र

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेश खाली में हो रहे महिला विरोधी कुकृत्यों के विरुद्ध हीरालाल रामनिवास स्नातकोत्तर महाविद्यालय ख़लीलाबाद के मुख्य द्वार पर मंगलवार को विरोध प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेश खाली में तृणमूल कांग्रेस नेताओं द्वारा महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार, जमीन कब्जाने तथा अपराध से भयमुक्त वातावरण निर्माण कर स्थानीय हिंदू परिवारों को पलायन करने को मजबूर करने के विरुद्ध प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। यह देशव्यापी प्रदर्शन देश के सभी राज्यों की राजधानियों तथा 500 से अधिक जिलों व महानगरों में हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता दर्ज कराई। बताते चलें कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुंदुचेरी में 27-28 फरवरी को आयोजित हुई अभाविप केन्द्रीय कार्यसमिति की बैठक में संदेश खाली की घटना के विरोध में निंदा प्रस्ताव पारित कर महिलाओं के विरुद्ध जघन्यतम अपराधों का केन्द्र बन चुके पश्चिम बंगाल की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग करने का निर्णय लिया था।

**▸▸ विरोध प्रदर्शन और ममता बनर्जी का पुतला दहन के बाद डीएम को सौंपा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन**

अभाविप के प्रान्त सहमंत्री माधवेन्द्र तिवारी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार जनविरोधी नीतियों को बढ़ावा दे रही हैं। संदेश खाली में जिन पीड़िताओं के साथ ज्यादती हुई उनमें से अधिकांशतः पिछड़े वर्ग तथा अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाएं हैं। इसके बावजूद वोट बैंक खिसकने की डर से कांग्रेस, वामपंथी, सपा और बसपा जैसे राजनैतिक दल चुप्पी साध लिये हैं। एचआरपीजी कालेज की छात्रा स्नेहा वर्मा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद पश्चिम बंगाल की महिलाओं की सुरक्षा तथा सम्मानपूर्ण जीवन सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। प्रान्त कार्यकारिणी सदस्य कृपाचार्य पाण्डेय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम पर है। प्रान्त एसएफएस सह संयोजक मारुति नंदन पाठक ने कहा कि आज पश्चिम बंगाल का आम जनमानस काफी डरा हुआ है। ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी सरकार पश्चिम बंगाल में मानवता को कुचल रही है। विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन के बाद कार्यकर्ताओं ने देश की माननीय राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। विरोध प्रदर्शन में अम्बेश कृष्ण, रितेश श्रीवास्तव, नेहा अग्रहरी, दिव्या, काजल गौतम, गुड़िया चौरसिया सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं शामिल रहे।



संदेशखाली की घटना के विरोध में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन करते अभाविप कार्यकर्ता। अमृत विचार

# एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने फूंका ममता बनर्जी का पुतला



एमएलके पीजी कॉलेज गेट के सामने पुतला फूंकते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 5 मार्च को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का एमएलके पीजी कॉलेज गेट के सामने पुतला फूंका। इस मौके पर विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं के साथ हो रहे अमानवीय कृत्यों पर रोक लगाने की मांग की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक अम्बुज भार्गव ने कहा पश्चिम बंगाल में निरंकुशता अपने चरम है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साध्वी द्विवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी सरकार सत्ता में होने का गलत फायदा उठा रही है। संदेशखाली में जो अन्याय महिलाओं के साथ हो रहा है वह किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। कार्यकर्ताओ ने पुतला फूंकते हुए बताया कि संदेशखाली में टीएमसी के गुंडे महिलाओं के साथ बुरा व्यवहार कर रहे हैं। इस मौके पर शिवम दूबे, आनंद, सौरभ, अफीफा, अंजली, विकास सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# परीक्षा में छात्रों ने हिन्दी का अंग्रेजी में किया अनुवाद




कन्वर्शेसन (बातचीत) वार्षिक परीक्षा में यूकेजी के छात्र। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में कक्षा यूकेजी में कन्वर्शेसन (बातचीत) वार्षिक परीक्षा का आयोजन कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी व उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय के नेतृत्व में कक्षा अध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव व रीना श्रीवास्तव की संरक्षता में कन्वर्शेसन की परीक्षा गतिविधि के माध्यम से कराया गया।

इस अवसर पर विषय अध्यापिका रीना श्रीवास्तव ने समस्त छात्रों से अपने वाक्यों को हिंदी में बोला जिसे बच्चे उसे तुरन्त अंग्रेजी में अनुवाद करते गये। कठिन से कठिन वाक्यों व शब्दों को अंग्रेजी में अनुवाद करते हुए बच्चों को जरा भी समस्या नही हुआ। इस अवसर पर हलाता, काव्या, अनघा, अयांश, वरूण, आदर्श, आराध्या, ऋत्तुविजा सहित बच्चों ने अपने-अपने दिये गये विषयों पर भली भांति अंग्रेंजी में संवाद करते हुये सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डा एमपी तिवारी ने सभी छात्रों के कौशल को देखकर उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय सहित कक्षा अध्यापिका अर्चना श्रीवास्तव व विषय अध्यापिका रीना श्रीवास्तव उपस्थित रहीं।

## तहसीलदार की मनमानी के विरोध में वकीलों ने किया हंगामा

**श्रीदतगज, बलरामपुर।** तहसीलदार उतरौला के मनमानी रवैए के विरोध में वकीलों ने जमकर हंगामा कांटा और उनके विरोध में नारे लगाए। उसके बाद वकीलों की समिति गठित करके एसडीएम उतरौला से वार्ता करने का निर्णय लिया है। तहसीलदार उतरौला शैलेश चन्द्र ने अपने न्यायालय पर मनमाने ढंग से मुकदमे की सुनवाई करना शुरू किया। इस पर वकीलों ने तहसीलदार उतरौला के रवैए पर नाराजगी जाहिर की। उस पर वकीलों ने तहसीलदार के खिलाफ उनके चैम्बर के सामने जमकर नारे बाजी की। वकीलों के आक्रोश को देखते हुए तहसीलदार उतरौला अपने आवास पर चले गए। उसके बाद वकीलों ने मामले की सूचना एसडीएम उतरौला अवधेश कुमार को दी। इधर वकीलों की आपातकालीन बैठक अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव की अध्यक्षता में वकीलों की बैठक की गई। इसमें तहसीलदार उतरौला के रवैए की निन्दा करते हुए एसडीएम उतरौला से वार्ता के लिए सात सदस्यीय समिति का गठन किया गया। समिति बुधवार को एसडीएम उतरौला से वार्ता करेगा और तहसीलदार के मनमानी रवैए की पूरी जानकारी देगी। अधिवक्ता संघ उतरौला अध्यक्ष प्रहलाद यादव ने बताया कि एसडीएम से वार्ता के बाद तहसीलदार के खिलाफ आन्दोलन की रणनीति तय की जाएगी।

# रोजगार मेले में 92 का किया गया चयन




रोजगार मेले में दिया जा रहा नियुक्ति पत्र। अमृत विचार

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** उप्र कौशल विकास मिशन व दीन दयाल उपाध्याय-ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयू जीकेवाई) योजनान्तर्गत कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन ब्लॉक जमुनहा कार्यालय में किया गया, जिसमें कुल 7 कम्पनी अमित एन्टर प्राइजेज प्रालि, वेल्सपन इण्डिया लि., क्वीस कार्प लि. दिल्ली, फ्लिप कार्ट जोमेटो लि, एलआईसी लि, हेवल्स इण्डिया प्रालि, डीवीजी इण्डिया प्रलि, गुरूकावा इण्डिया प्रालि, इत्यादि कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार किया गया। जिसमें 217 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से 92 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया है।

मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी जमुनहा सजंय कुमार राय द्वारा मेले में आये अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित कर मेले में चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।इस अवसर पर जिला सेवायोजन प्रेम नारायण शर्मा, जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन एनपी प्रजापति, जिला कौशल प्रबन्धक शुमम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### शक्ति बंधन अभियान के तहत नगर में निकली स्कूटी रैली



शक्ति बंधन अभियान के तहत स्कूटी रैली में शामिल महिलाएं अमृत विचार

**बलरामपुर।** शक्ति बंधन अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी की ओर से मंगलवार को स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रमण पार्क से स्कूटी रैली निकल गई जो की मेजर चौराहा अंबेडकर तिराहा से होते हुए तुलसी पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी महिलाओं के लिए विशेष कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह ने कहा कि शक्ति बंधन अभियान के तहत नगर में स्कूटी रैली निकल गई। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललित तिवारी क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा झूमा सिंह नगर अध्यक्ष सलिला सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### बाहरी प्रत्याशी की जगह स्थानीय को टिकट देने की उठी मांग



बैठक में शामिल समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर।** भाजपा ने इस बार पूर्व नौकर शाह व मूल रूप से देवरिया निवासी साकेत मिश्रा को अपना प्रत्याशी बनाया है। टिकट घोषित होने के बाद लोगो में नाराजगी दिख रहीं है। लोगों का कहना है की बाहरी लोग यहां पर आकर चुनाव जीत कर चले जाते हैं। 2019 के चुनाव में बाहरी व्यक्ति के चुनाव जीतने का खामियाजा जनता देख चुकी है। भाजपा से इस बात की आशा थी वो स्थानीय व्यक्ती को प्रत्याशी बनाएगी। लेकिन उसने भी बाहरी व्यक्ति को टिकट देकर जनमानस को निराश किया है। मंगलवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण जन कल्याण समिति के लोगो ने तुलसी पार्क में एक बैठक आहूत की जिसमे बाहरी प्रत्याशी की जगह स्थानीय प्रत्याशी को टिकट देने की मांग की गई। समिति के अध्यक्ष राम नरेश त्रिपाठी ने कहा कि किसी भी स्थिति में बाहरी प्रत्याशी को मंजूर नहीं किया जाएगा। सेतु बंधु त्रिपाठी ने कहां की जन भावना का सम्मान करते हुए पार्टी नेतृत्व को इस पर विचार करना चाहिए। रमेश पांडेय व विजय शुक्ला ने भी स्थानीय प्रत्याशी देने की मांग भाजपा नेतृत्व से की है। बैठक में सौरभ त्रिपाठी, अशोक आर्य, जय करन, अतुल तिवारी, चंद्र प्रकाश जायसवाल, महेश कुमार, हरिओम सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

### वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने को लेकर हुई क्विज प्रतियोगिता

**सादुल्लाहनगर, बलरामपुर।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए यूपीएस सहजौरा में विकास खण्ड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का एक दिवसीय आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा क्षेत्र रेहरा बाजार के सभी 56 यूपीएस विद्यालयो के 325 छात्र छात्राओं ने परिक्षा में प्रतिभाग किया। टाप 10 छात्रों को मुख्य अतिथि बृजनंदन सिंह प्रभारी निरीक्षक सादुल्लाहनगर ने प्रमाण पत्र, मैडल व ट्राफी पुरस्कार देकर हौसला आफजाई किया। आयोजक शिक्षक कमाल अहमद व श्रीराम ने बताया कि परीक्षा में वर्षा वर्मा, अबू ज़ैद, बंदना वर्मा, सोनू गुप्ता, आदर्श आदि मौजूद रहे।

**मांग** | ग्रामीणों ने तहसील पर पहुंचकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, चुनाव के बहिष्कार का किया एलान

# साहब! बनवा दीजिए सड़क, हम मेड़ के रास्ते पहुंचते हैं गांव

मेंहदावल, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** एसडीएम साहब! एक नजर मेंहदावल ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरवटिया-झलवा-टिकरा गांव के संपर्क मार्ग पर भी नजर डालिए, जहां कई वर्षों से ग्रामीण मेड़ के रास्ते आते जाते हैं। हर साल बारिश के मौसम में रास्ता लबालब हो जाने से छोटे-छोटे मासूम स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में जान जोखिम में डालकर जाना पड़ता है।

वैसे तो मरवटिया व झलवा गांव तक अधूरा खड़ंजा सड़क का निर्माण तो कराया गया है, लेकिन पड़री गांव के समीप भूमि विवादित होने के कारण रास्ता अधूरा पड़ा हुआ है। जहां आधा दर्जन से अधिक गांवों के ग्रामीण खेतों की मेंड़ पकड़ कर आते जाते हैं। इस मामले को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर सड़क बनवाए जाने की मांग किया है। सड़क नहीं बनाए जाने पर इन गांवों की जनता ने आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान किया है। बताते चलें कि मेंहदावल ब्लॉक के टिकरा, झलवा व मरवटिया गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने पक्की सड़क के निर्माण के लिए विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। मरवटिया गांव से लेकर टिकरी झलवा गांव तक का एक हिस्सा आज भी कच्चा रास्ता है। बाकी का रास्ता भी दशकों पुराना खड़ंजा मार्ग है, जो बेहद जर्जर हो चुका है।

**▸▸ मेंहदावल ब्लाक के मरवटिया-झलवा-टिकरा गांव को जोड़ने वाले रास्ते का मामला**



सड़क निर्माण की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

ग्रामीणों ने जनपद सहित राजधानी के जिम्मेदारों से गुहार लगाई, लेकिन पक्के सड़क मार्ग का सपना अभी तक पूरा नहीं हुआ है। बुधवार को विरोध प्रदर्शन की अगुवाई फौजदार मौर्या ने किया। विरोध प्रदर्शन के दौरान सर्वदा, सरिता, राजकुमारी, पप्पू, फौजदार मौर्य, कैलाशी, दुर्गावती, सीमा, गुड्डू, संदीप, रेनू, जनार्दन, परमात्मा, रिंटू, राजाराम, शिवकुमार समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

## धनघटा पुलिस के लिए कामधेनु साबित हो रहा अवैध शराब का कारोबार : शीला

**धनघटा, संतकबीरनगर।** कार्यकर्ता तन मन से लग कर संगठन को ग्राम इकाई तक मजबूत बनाएं। कार्यकर्ताओं के स्वाभिमान से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उक्त बातें धनघटा शिव मंदिर पर भारतीय महिला महासभा की एक बैठक को संबोधित करतीं प्रदेश अध्यक्ष शीला यादव ने कही। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में महिला उत्पीड़न की तमाम घटनाएं हो रही हैं। धनघटा पुलिस कच्ची शराब के कारोबार को रोकने में विफल है और अवैध शराब के कारोबारी स्थानीय पुलिस के लिए कामधेनु साबित हो रहे हैं। भारतीय महिला महासभा व्यापक रूप से अभियान चलाकर कच्ची शराब के कारोबार को पूर्ण रूप से बंद कराने का काम करेगी। बैठक की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष सुनीता गौतम तथा संचालन वंदना यादव ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से मुख्य संरक्षक इंद्रमणि गौतम, मीरा मिश्रा, सुनीता शर्मा, कुसुम चौहान, सुधा गौतम, संजू गोंड, शोभा देवी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय लोक अदालत नौ को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जनसामान्य को त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 मार्च को जनपद न्यायालय परिसर सुलतानपुर व जनपद सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट एवं अन्य संबंधित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिषेक सिन्हा ने दिया है।

### मामूली विवाद में युवक को पीटा, केस दर्ज

**कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह फुलौना गांव में दबंगों ने मामूली सी बात को लेकर एक युवक को मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। फुलौना गांव निवासी संतोष कुमार ने आरोप लगाया है की उसके पुत्र विकास पर गांव के आदर्श तिवारी व सीता देवी ने एकजुट होकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया की संतोष की तहरीर पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### महिला को ठोकर मार बाइक लेकर पलटा किशोर

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के मानापुर गांव के निवासी शिवकुमारी (45) पत्नी राम प्यारे सड़क पार करते समय एकाएक बाइक से जा टकराई। टक्कर में बाइक सवार भी गिर गया और दोनों जख्मी हो गए। ग्रामीणों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों को जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। बाइक सवार अर्जुन मौर्य (16) पुत्र लालबहादुर तातो मुरैनी का मूल निवासी है। जो सफीपुर अपने ननिहाल जा रहा था।

# डीएम से न मिल पाने पर आशाओं ने घेरा कलेक्ट्रेट

## एडीएम प्रशासन ने पांच सदस्यीय कमेटी के साथ बैठक कर समस्याओं पर किया विचार व लिया ज्ञापन

संवाददाता, सुलतानपुर



एडीएम प्रशासन को ज्ञापन सौंपतीं आशा संगिनी। अमृत विचार



बीआरसी पर बैठक करते प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को आशा बहु कल्याण समिति के बैनर तले तिकोनिया पार्क में एक बैठक हुई। बैठक के बाद सैकड़ों की संख्या में आशा व आशा संगिनी सीएम को संबोधित मांगपत्र देने कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंची तो मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा गेट बंद कर दिया गया। नाराज़ सैकड़ों की संख्या आशा व आशा संगिनी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगी। गेट पर प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार पहुंचे, लेकिन कोई बात नहीं बनी। उनकी मांग थी कि ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। मौक़े पर पहुंचे एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला ने बात चीत करते हुए एक दर्जन पदाधिकारियों को गेट से अंदर करवा उनकी बातों को सुनते हुए ज्ञापन लिया। लेकिन उनकी मांग डीएम से मुलाकात करने की थी। किसी तरह समझा बुझा कर एडीएम प्रशासन ने एक पांच सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल से वार्ता करते हुए उनके पत्र को सीएम तक भिजवाने की बात कही। वही कलेक्ट्रेट गेट पर आशा व आशा संगिनी का प्रदर्शन चलता रहा। इसी बीच एसपी सोमेन बर्मा कलेक्ट्रेट गेट पर पहुंच गए। किसी तरह मामले को शांत कराते हुए सुरक्षाकर्मियों को फटकार लगाई।

### क्या है आशा बहू कल्याण समिति की मांग

मुख्यमंत्री को संबोधित सौंपे गए मांगपत्र में उनकी मांग है कि उन्हें स्थायी और सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाय, साथ ही पीएम व सीएम जन आरोग्य योजना में लोगों को जागरूक करने में उन्हें स्थायी कर्मचारी बनाया जाय। एक निश्चित मानदेय मिले, टुकड़ों में नहीं। साथ कोविड काल में उनके द्वारा किए गए कार्य के चलते उज्ज्वल भविष्य के लिए निश्चित मानदेय दिया जाए। राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा देय प्रोत्साहन राशि विभागीय कार्यालयों द्वारा अवशोषित करने के बाद नाम मात्र की धनराशि उनके खाते आती है। प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का सहयोग न मिलना, आशा बहुओं व आशा संगिनी को प्रशासन से सहयोग व प्रोत्साहन राशि का विवरण विभाग द्वारा नहीं दिया जाता है। विभिन्न विभागों के कार्यों को बिना पारिश्रमिक के कराया जाता हैं। सीएम से मांग की है कि निश्चित मानदेय व स्थाई कर्मचारी का दर्जा दिए जाए। इस मौक़े पर प्रांतीय अध्यक्ष सीमा सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष इंदुबाला, प्रदेश कार्यकारणी विभा राय, जिला उपाध्यक्ष, कौशिल्या सहित सैकड़ों की संख्या में आशा बहु व आशा संगिनी मौजूद रहीं।

### आज से बंद करा देंगे कलेक्ट्रेट गेट

सीओ सिटी शिवम मिश्र ने बताया कि जिले में धारा 144 लागू है। फिर भी कई संगठन के लोग बार-बार कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करने पहुंच जा रहे हैं। बुधवार से कलेक्ट्रेट का मुख्य गेट बंद करा दिया जाएगा। बगल के गेट से एंट्री दी जाएगी। ज्ञापन देने के लिए मजिस्ट्रेट तिकोनिया पार्क चले जाएंगे या फिर पांच लोगों का प्रतिनिधिमंडल को अंदर जाने दिया जाएगा। आदेश का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

### ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में उतरा शिक्षक संघ

**कादीपुर, सुलतानपुर :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई कादीपुर के अध्यक्ष अनिल यादव के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी कादीपुर के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा को शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में ज्ञापन दिया गया। ब्लाक अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशचन्द्र शर्मा जी के नेतृत्व में आप सब द्वारा आनलाइन टैबलेट पर उपस्थिति आदि व्यवस्था का विरोध किया जा चुका है।संगठन अभी भी इस निर्णय पर कायम है पूर्व में ही कहा जा चुका है कि जब तक विभागीय स्तर से सरकारी सिम व डाटा एवं इस व्यवस्था में आने वाली व्यवहारिक कठिनाइयों का निराकरण नहीं हो जाता है, तब तक इसका विरोध प्रत्येक शिक्षक द्वारा जारी रहेगा। हम सरकार के सभी निर्णय को पूरा करने के लिए कटिबद्ध जरूर है, लेकिन हमारी भी कुछ समस्याएं हैं, उनका भी समाधान खोजना सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। समाधान तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर मंत्री लालचंद, कोषाध्यक्ष जगदम्बा गुप्ता विनोद कुमार ,राज बहादुर यादव, दिनेश चंद्रा ,बृजेश पासवान, सन्तोष त्रिपाठी व अरविंद वर्मा आदि समेत सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

### बंगाल में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर सौंपा ज्ञापन

▸▸ **अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कलेक्ट्रेट गेट पर किया प्रदर्शन**



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते एबीवीपी के पदाधिकारी।

**सुलतानपुर :** मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सुलतानपुर के प्रदेश सह मंत्री शुभेंद्रवीर सिंह सहयोगियों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम कार्यालय के सामने सड़क पर बैठ गए। सहयोगियों ने नारेबाजी शुरु कर दी तो अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार पहुंचे। लोगों से बात की। प्रदेश सह मंत्री शुभेंद्र वीर सिंह ने बताया कुछ समय में पश्चिम बंगाल के 24 परगना के संदेशखाली क्षेत्र में महिलाओं के साथ सामूहिक अस्मिता का हनन किया जा रहा है। राज्य सरकार के ही ये अपराधी है जो किशोरियों, युवतियों के साथ अत्याचार व दुराचार किया जा रहा है। जिसमें अधिकतर अनुसूचित जाति एवं गरीब तबके के है। मामले के निस्तारण कराये जाने के लिए राष्ट्रपति को संबोधित सात सूत्री मांग पत्र सौंपा।

# जिसकी बेटी की हुई हत्या, उसे ही गुनहगार मान रही पुलिस

▸▸ **जिलाधिकारी ने दिए मामले की जांच के आदेश**

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार:** गांव के ही बाप-बेटे ने अगवा कर एक किशोरी की हत्या कर दी। तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्र के खिलाफ हत्या का मुकदमा भी दर्ज कर लिया। आरोप है पुलिस आरोपियों को पकड़ने के बजाय मृतक किशोरी के परिजनों को ही धमका रही है। डरे सहमे किशोरी के परिजनों ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। डीएम ने जांच के आदेश दिया है।

मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के कटरा इसौली गांव से जुड़ा है। मंगलवार को डीएम के जनता दर्शन में परिजनो के साथ पहुंचे बसंत लाल निषाद ने बल्दीराय एसएचओ पर बड़ा आरोप लगाया है। उनका कहना कि बीते 10 फरवरी को गांव के ही बाप बेटे अर्जुन व राम रुप ने उनकी बेटी को अगवा कर हत्या कर दी। शव को रसूलाबाद मुसाफिरखाना जंगल में फेक दिया। तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोप है बल्दीराय पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने के बजाय मृतक किशोरी के परिजनों को प्रताड़ित कर रही है। थाना थानाध्यक्ष बल्दीराय परिजनों को ही आरोपी बना रही। बसंत लाल निषाद ने डीएम को बताया कि मंगलवार को थानाध्यक्ष बल्दीराय उनके बेटी व दामाद को थाने पर बैठाए है। डीएम ने जांच कराने का आश्वासन देते हुए परिजनों को घर भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### क्षेत्र पंचायत की बैठक में 1.80 करोड़ के कार्यों की मंजूरी

**चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र पंचायत प्रतापपुर कमैचा की बैठक में एक करोड़ 80 लाख रुपये से अधिक के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल ने किया। क्षेत्र पंचायत की बैठक में स्वास्थ्य, समेकित बाल विकास, पशुपालन विभाग के अधिकारियों ने विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया। खुली बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों एवं प्रधानों के एक करोड़ 80 लख रुपए की योजना को बैठक में स्वीकृति दी गई। इस मौके पर सीएचसी प्रभारी डॉ आरएस यादव, पशु पालन अधिकारी डॉ पीसी चौधरी, जिला पंचायत सदस्य माता प्रसाद के अलावा खंड विकास अधिकारी देवनायक सिंह, अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण हिमांशु पांडेय, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अरुण जयसवाल के अलावा ग्राम पंचायत अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### पुलिस ने 14 ग्राम स्मैक के साथ युवक को पकड़ा

**धम्मौर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार की सुबह धम्मौर थाने में तैनात उपनिरीक्षक श्रवण कुमार हमराहियों के साथ क्षेत्र में थे। जांच पड़ताल के दौरान जब वह लौहर पश्चिम के पूरे जिल्ला प्रथमिक विधालय के पास पहुंचे तभी एक व्यक्ति भागने लगा। शंका के आधार पर पुलिस वालों ने उसे पकड़ते हुए भागने का कारण पूछा तो उसने बताया कि उसके पास स्मैक है। तलाशी के दौरान उसके पास से 14 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए व्यक्ति की शिनाख्त करौदीकला थाना क्षेत्र के मगरसना कला गांव निवासी रोजियारी पुत्र फिरतू के रूप में हुई। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ़ धम्मौर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट भेज दिया।

### त्योहारों में न हो मूलभूत सुविधाओं का अभावः चेयरमैन



अधिकारियों के साथ की बैठक करते पालिकाध्यक्ष।

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** आगामी पर्वों की तैयारी को लेकर पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल मंगलवार को बैठक कर तैयारी के लिए निर्देशित किया। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के सभाकक्ष में पालिकाध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने पालिका कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान आगामी त्यौहार महाशिवरात्रि व रमजान के लिए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया। अभियान चलाकर शहर की सभी गलियों की साफ सफाई कराई जाए। साथ ही मन्दिर व मस्जिद के आस पास कूड़ा उठाने की तात्कालिक व्यवस्था की जाय। चूना छिड़काव के साथ विद्युत पोलो पर प्रकाश की भी व्यवस्था की जाय। ईओ लाल चंद्र सरोज ने कहा कि मन्दिर के पुजारी व मस्जिद के मौलाना से मिलकर जरूरतों को पूरी करते हुए समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही आपसी सहयोग से त्यौहार मनाए जाने की अपील भी की। इस मौक़े पर विपिन शुक्ला, प्रभारी कार्यालय अधीक्षक पुनीत कुमार गुप्ता, प्रभारी सफाई निरीक्षक हनुमान सिंह, प्रभारी मार्ग प्रकाश अजय तिवारी समेत अन्य कर्मचारीगण व सभासद मौजूद रहे।

### दो कारों की भिड़ंत में पांच घायल, चार रेफर

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के राहुल चौराहे पर दो कारे आमने सामने भिड़ गईं। जिसमें पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चार की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। दुर्घटना में अनमोल सिंह पुत्र जगजीत सिंह निवासी मल्होत्रा गली, रमन पुत्र राम प्रसाद सोनी, शुभम उपाध्याय पुत्र विजय उपाध्याय, अजय कुमार श्रीवास्तव पुत्र आदित्य नारायण श्रीवास्तव, अजय बरनवाल पुत्र कपिल देव निवासीगण गोलाघाट घायल हो गए। जिला अस्पताल से रमन,अजय कुमार,अजय बरनवाल व शुभम को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया है। नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर नहीं मिली है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट , क्रास केस दर्ज

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार की रात करीब दस बजे मामूली विवाद पर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने थाने पर शिकायती पत्र दिया जिस पर पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों पर केस दर्ज कर लिया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के डीहढग्गूपुर निवासी अयोध्या प्रसाद व प्रेमदास के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। बीच बचाव के बाद दोनों पक्षों ने स्थानीय थाने पर शिकायती पत्र दिया। गोसाईंगंज थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एक पक्ष से चार लोग तो दूसरे पक्ष से भी चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### अमेरिका में सनातन धर्म पर व्याख्यान देंगे एसपी ब्रजेश मिश्र

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** इंटरनेशनल सोसाइटी फ़ॉर स्पिरिचुअल एडवांसमेंट यूएसए तथा इंडो-अमेरिकन सोसाइटी वाशिंगटन डीसी एवं ग्रेटर शिकागो के आमंत्रण पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने पुलिस प्रशिक्षण संस्थान सुलतानपुर के पुलिस अधीक्षक ब्रजेश मिश्र अमेरिका जाएंगे। इस दौरान वह ग्लेन व्यू, ग्रेटर शिकागो में स्थित हनुमान मंदिर पर श्री रामनवमी तथा हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले सुन्दरकाण्ड महायज्ञ में 27 अप्रैल को मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। अमेरिका में आईपीएस ब्रजेश मिश्र का सनातन धर्म और संस्कृति पर व्याख्यान भी होगा। श्री मिश्र ने ऐसे गौरवशाली आयोजन में आमंत्रित करने के लिए संस्था के संरक्षक स्वामी रामानंद जी महाराज तथा जेपी बालाकृष्णन के प्रति आभार जताया है।

# डीएम की बैठक में चुनाव पर चर्चा

● **डीएम ने लोकसभा चुनाव को लेकर अधिकारियों के साथ की बैठक**

सुलतानपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करतीं डीएम कृतिका ज्योत्स्ना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सीडीओ की उपस्थिति में आगामी लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सभी नियुक्त 33 नोडल अधिकारियों/सहायक प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में मतदान, मतगणना, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति, प्रशिक्षण व्यवस्था, ईवीएम एवं वीवीपैट/सामान्य प्रशिक्षण व्यवस्था, आदर्श आचार संहिता का पालन करने। निर्वाचन शिकायत प्रकोष्ठ, कानून व्यवस्था का पालन, क्रिटिकल पोलिंग बूथ, प्रेक्षक, मतपत्र, कंट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ, प्रेस मीडिया सेल, परिवहन, फोटो/वीडियोग्राफी, प्रपत्र एवं लेखन सामग्री, सफाई, पेयजल, स्ट्रांग रूम, सी-विजिल एप वेब व्यवस्था आदि तैयारियों के सम्बन्ध में नोडल अधिकारी/सहायक नोडल अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान, मतगणना कार्मिक, सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रेटों, माइक्रोआब्जर्वर का प्रशिक्षण समय-समय पर कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा। मतदान ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारी अनावश्यक बिना किसी वैधानिक कारण के ड्यूटी आदि कटवाने का प्रयास न करें।

### चोरों ने उड़ाए नकदी और कपड़े

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र बल्दीराय की पुलिस चौकी वलीपुर के सुरेश नगर बाजार में सोमवार की रात खिड़की तोड़कर चोरों द्वारा रुपए व कपड़े की चोरी का मामला प्रकाश में आया है। तहरीर के मुताबिक दुकानदार राम प्रताप यादव निवासी मड़हा (खाझापुर) ने तहरीर दिया कि दुकान बंद करके शाम अपने घर चले गए और सुबह जब दुकान खोलने आए तो दुकान में देखा कि सारे समान इधर उधर विखरे हुए थे। दुकान के गल्ले से नगदी, बैटरी, इनवर्टर तथा कई अन्य सामान गायब मिले। चौकी इंचार्ज ने बताया की तहरीर मिली है, जांच की जा रही है।

# डाकघरों से होगा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का पंजीयन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचारः** अब डाकघरों के माध्यम से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए पंजीयन किया जा सकता है। इस योजना के पात्र लोगों का सर्वे केंद्र सरकार डाक विभाग के जरिए कर रही है।

वाराणसी एवं प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग के पोस्टमैन और ग्रामीण डाक सेवक घर-घर जाकर पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का लाभ बताते हुए सर्वे कर रहे हैं तथा जिन आवासीय घरों में लोग सोलर रूफ टॉप लगवाना चाहते हैं, उनका निशुल्क पंजीयन मोबाइल एप के माध्यम से तत्काल कर रहे हैं। पोस्टमास्टर जनरल ने बताया कि सुलतानपुर जिला प्रयागराज परिक्षेत्र में आता है। पोस्टमैन घर-घर जाकर अपने मोबाइल पर एप्लीकेशन क्यूआरटी पीएम सूर्य घर के द्वारा जानकारी जुटा रहे हैं। पंजीयन के लिए ग्राहक का मोबाइल नंबर, ग्राहक का नाम, राज्य, जिला, बिजली वितरण कंपनी, उपभोक्ता खाता संख्या, बिजली बिल की प्रति, घर के रूफटॉप की तस्वीर, सौर स्थापना के लिए उपलब्ध अनुमानित क्षेत्र इत्यादि जानकारी सम्बंधित साइट पर अपलोड कर सोलर रूफटॉप के लिए निशुल्क पंजीयन कर रहे हैं।



अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते भारतीय चमार महासभा के लोग। अमृत विचार

### भारतीय चमार महासभा ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को भारतीय चमार महासभा के दर्जनों लोग तिकोनिया पार्क में एकत्रित हुए। चर्चा परिचर्चा के बाद भारतीय चमार महासभा के दर्जनों लोग नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। पदाधिकारियों की मांग थी कि विकास खंड कूरेभार दखिनवारा गांव में उचित दर विक्रेता द्वारा फरवरी 23 में राशन वितरण न करने पर संबंधित अधिकारियों द्वारा उचित दर विक्रेता की दुकान निरस्त कर दिया गया। ग्रामीणों को 4 किलोमीटर दूर सैदखानपुर उचित दर विक्रेता के यहां अटैच कर दिया गया है। दूर होने के चलते दखिनवारा के ग्रामीणों की उचित दर विक्रेता की दुकान इस्माइलपुर अटैच किया जाए। भारतीय चमार महासभा के ज़िला प्रभारी तारकेश कोरी ने अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को सौपा।

### तमंचे के साथ युवक गिरफ्तार, गया जेल

**धम्मौर, सुलतानपुर अमृत विचार।** स्थानीय पुलिस ने अवैध तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। धम्मौर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बहादुरपुर गांव के नहर की पुलिया से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। भागने का कारण पूछा गया तो बताया उसके पास तमंचा है। पकड़े गए युवक की शिनाख्त करौंदी कला थाना क्षेत्र के मगरसन कला निवासी बृजेश कुमार के रुप में हुई। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने बताया कि उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ था। आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कोर्ट भेजा गया है।

# वेंडिंग जोन में नियमित रूप से लगाएं दुकानें

● **पालिकाध्यक्ष ने एसडीएम सदर व ईओ के साथ की बैठक**

संवाददाता, सुलतानपुर



व्यापारियों को संबोधित करते पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मंगलवार को जीआईसी के पीछे बने नवनिर्मित पथ विक्रय बाजार में पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, एसडीएम सदर व ईओ ने बैठक की।

पालिकाध्यक्ष व अधिकारियों ने पथ विक्रेताओं से वार्ता करते हुए कहा कि को सुविधाएं अभी नहीं है जल्द ही उपलब्ध कराई दी जाएगी। बैठक में शामिल 181 पथ विक्रेताओं ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हमे छत मिली है अब सम्मान के साथ जीवन यापन कर सकेंगे। पथ विक्रेताओं द्वारा अपनी दुकानें समुचित तरीके से न लगाने की समस्या पर चर्चा हुई जिस पर पालिकाध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि आप प्रतिदिन दुकानें लगाइये, हम सारी व्यवस्था आवश्यकतानुसार करते जायेंगे। अपर उपजिलाधिकारी द्वारा आगाह किया गया कि पालिका द्वारा निरन्तर तीन दिवस तक मुनादी करायी जा रही है। जिसमें सभी मुख्य मार्गों एवं चौक इत्यादि क्षेत्र में सड़क की पटरी पर किसी प्रकार से किया गया स्थायी/अस्थायी अवैध अतिक्रमण स्वयं हटा लिया जाये। वेंडिंग जोन में दुकानें नियमित रूप से लगायी जायें साथ ही दोनों पालियों में पथ विक्रेताओं की उपस्थिति भी ली जाये। दुकान न लगाने वालों का आवंटन निरस्त किया जाये व नगर में कहीं भी उन्हें पथ विक्रय कार्य न करने दिया जाये।

## अदालत से

**आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अभियोजन साक्षी संदीप सिंह ने दर्ज कराया बयान**

# पूर्व विधायक संतोष पांडेय के मामले में हुई गवाही

सुलतानपुर

**अमृत विचार।** लंभुआ विधानसभा सीट से पूर्व सपा विधायक संतोष पांडेय समेत 12 आरोपियों के खिलाफ आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में अभियोजन साक्षी संदीप सिंह ने मंगलवार को बयान दर्ज कराया।

एमपी/ एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने शेष साक्ष्य के लिए 14 मार्च की तारीख नियत की है। पूर्व विधायक के वकील संतोष पांडेय ने बताया कि लंभुआ के पूर्व सपा विधायक सन्तोष पांडेय व उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 में दो मुकदमे बीते विधानसभा चुनाव के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज कराया था। कोर्ट ने समन भेजकर संदीप सिंह को गवाही में तलब किया था जिस पर वह मंगलवार को हाजिर हुए और अपना बयान दर्ज कराया।

### अपहरण के आरोपी बरी व वादी पर केस



किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराने के बाद कोर्ट में झूठी गवाही देने पर न्यायाधीश पवन शर्मा ने वादी पर मुकदमा दर्ज कर नोटिस जारी की है। मुकदमे में बचाव पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा ने बताया कि कमरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी अनवर ने नाबालिक लड़की के अपहरण का मुकदमा 31 अगस्त 2019 को दर्ज कराया था। जिसमें सगे भाई तहब्बर, वसीम और नूर मोहम्मद पर चार्जशीट दाखिल हुई थी। अधिवक्ता ने बताया कि जिरह के दौरान अनवर ने घटना के संबंध में पक्षद्रोही बयान दर्ज कराया और आरोपों का समर्थन नहीं किया। जिस कारण आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया है।

### पेमापुर कांड में मोतिगरपुर थानाध्यक्ष को नोटिस

**सुलतानपुर :** मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पेमापुर में तीन माह पूर्व हुए विवाद में निष्पक्ष विवेचना के लिए दाखिल मॉनिटरिंग अर्जी पर न्यायिक मजिस्ट्रेट अंकिता सिंह ने विवेचक के नही आने पर थानाध्यक्ष को नोटिस जारी कर 15 मार्च तक जवाब तलब किया है। मोहम्मद इकबाल की पत्नी शाहिना ने अधिवक्ता शेख नजर अहमद के जरिए अर्जी दाखिल कर कहा कि घटना में विकास यादव की मौत हो जाने के बाद पुलिस एकतरफा कार्रवाई कर रही है।

### अबोध बच्ची के हत्यारे को उम्रकैद की सजा

**विधि संवाददाता :** दीवानी के बगल सात साल पूर्व बस में तीन साल की बच्ची से दुराचार कर हत्या करने के दोषी महेश तिवारी को न्यायाधीश एकता वर्मा ने उम्र कैद और 30 हजार के अर्थदंड की सजा सुनाई है। बढ़ैयावीर निवासी लालजी शुक्ल की बस में 18 जून 2017 को दीवानी के बगल शव मिला था जिसका मुकदमा अज्ञात में दर्ज कराया था। हालांकि मृतका की पहचान मुकदमे के दौरान नहीं हो सकी। विवेचना में पुलिस ने जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के मेहंदिया निवासी महेश तिवारी पुत्र राज बहादुर पर चार्जशीट दाखिल की थी। जिसे कोर्ट ने दोषी मानते हुए सजा सुना कर जेल भेज दिया।

### चिकित्सक हत्याकांड में अजय व ड्राइवर की जमानत खारिज

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर के संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी की हत्या के मामले में जेल में बंद मुख्य आरोपी अजय नारायण सिंह और उसके ड्राइवर दीपक सिंह की जमानत अर्जी सेशन जज जेपी पांडेय खारिज कर दी। शास्त्री नगर मोहल्ले में बीते 23 सितंबर की शाम चिकित्सक घनश्याम तिवारी को आरोपियों ने पीटकर मरणासन्न कर ई-रिक्शे पर लादकर घर भेज दिया था। घायल चिकित्सक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई थी। वादिनी के वकील संतोष पांडेय ने जमानत का विरोध कर अर्जी निरस्त करने की मांग की। कोर्ट ने आरोपियों का कृत्य गंभीर मानते हुए याचिका खारिज कर दी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत शफीपुर, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-04.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शफीपुर, वि0ख0 प्रतापपुर कमैचा, सुलतानपुर में पंचम वित्त/15वां वित्त/स्वच्छ भारत मिशन योजना अर्न्तगत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 05.03.2024 से दिनांक- 07.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत शफीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 07.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत शफीपुर में हैंड पम्प शोखता निर्माण कार्य। | ब्यास 1.7 मी ×गहराई 1.25मी , 23 नग जिसकी लागत 2,74,293.54 रुपये हैं। | सीमेंट, मोरंग, सफेद मोरंग, ईट, ईट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, रॉड पीवीसी पाइप |

**नोट-** शेष नियम व शर्ते लागू होगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**ग्राम प्रधान/सचिव**

ग्रा0पं0- शफीपुर, वि0ख0- प्रतापपुर कमैचा, जनपद-सुलतानपुर

अकामान् कामयति य : कामयानान् परित्यजेत् ।
बलवन्तं च यो द्वेष्टि तमाहुर्मूढचेतसम् ॥

जो व्यक्ति अपने हितैषियों को त्याग देता है तथा अपने शत्रुओं को गले लगाता है और जो अपने से शक्तिशाली लोगों से शत्रुता रखता है, उसे महामूर्ख कहते हैं।

## संपादकीय

# ऊर्जा में आत्मनिर्भरता

बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के चलते भारत 2030 तक दुनिया के तीसरे सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ता के रूप में यूरोपीय संघ से आगे निकल जाएगा। यानि भारत में वैश्विक स्तर पर किसी भी देश की तुलना में सबसे अधिक ऊर्जा मांग वृद्धि होने की उम्मीद है। इसलिए ऊर्जा का एक विश्वसनीय स्रोत होना बहुत जरूरी है। हम अब कोयले और अन्य स्रोतों पर निर्भर नहीं रह सकते। इसलिए हमें सौर ऊर्जा के लिए अपनी क्षमता का विस्तार करने की आवश्यकता है। पिछले सप्ताह मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। इस योजना में बिजली की पहुंच और देश की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धता की पूरी गतिकी को बदल देने की क्षमता है। करीब एक करोड़ घरों को शामिल करने की संभावना वाली इस योजना के लाभार्थियों को हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इससे गरीब और मध्यम वर्ग का बिजली का बिल तो कम होगा ही, वहीं भारत उर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बनेगा। इस योजना के माध्यम से, शामिल घर बिजली बिल बचाने के साथ-साथ डिस्कॉम को अधिशेष बिजली की बिक्री के माध्यम से अतिरिक्त आय अर्जित करने में सक्षम होंगे। तीन किलोवाट क्षमता वाली एक प्रणाली एक घर के लिए औसतन प्रति माह 300 से अधिक यूनिट उत्पन्न करने में सक्षम होगी। प्रस्तावित योजना के परिणामस्वरूप आवासीय क्षेत्र में छत पर स्थापित सौर ऊर्जा के माध्यम से 30 गीगावॉट की सौर क्षमता की बढ़ोतरी होगी, जिससे 1000 बीयू बिजली पैदा होगी और छत पर स्थापित सौर ऊर्जा प्रणाली के 25 साल के जीवनकाल में 720 मिलियन टन कार्बन डाइऑक्साइड के बराबर उत्सर्जन में कमी आएगी। अनुमान है कि यह योजना विनिर्माण, लॉजिस्टिक्स, आपूर्ति श्रृंखला, बिक्री, स्थापना, ओएंडएम और अन्य सेवाओं में लगभग 17 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगी।

करीब एक करोड़ गरीबों से लेकर मध्यम वर्ग के परिवारों को छत पर सोलर पैनलों से लैस करके, इस योजना का लक्ष्य पारंपरिक बिजली ग्रिडों पर उनकी निर्भरता को कम करना है। सार्वजनिक आंकड़ों से पता चलता है कि पूरे भारत में बिजली की औसत घरेलू खपत लगभग 100 यूनिट प्रति माह है, दिल्ली जैसे कुछ ही राज्यों में यह 300 यूनिट के करीब है। हालांकि नई सूर्य घर योजना पिछली योजनाओं के मुकाबले बेहतर लग रही है। जब तक सरकार बिजली वितरण कंपनियों की आपूर्ति और कीमत निर्धारण जैसी संरचनात्मक समस्याओं का समाधान नहीं करती, तब तक एक करोड़ घरों तक इसे पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करना मुश्किल होगा। फिर भी इस योजना के कार्यान्वयन के साथ ऐसे भविष्य की आशा की जा सकती हैं, जहां भारत नवीकरणीय उर्जा में वैश्विक लीडर बन जाएगा।

# भारत में अभी चालू है चेचक की सांस्कृतिक नैदानिक पद्धति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई।

सन 1963-64 में गांव के स्कूलों में चेचक से बचाव के टीके लगाए जाए थे। भारत के स्वास्थ्य तंत्र कर्मियों द्वारा खूब मेहनत करके करोड़ों बच्चों को तीसरी पीढ़ी का चेचक-प्रतिरक्षण टीका लगाया गया। तीसरी पीढ़ी के टीके क्षीण वैक्सीनिया वायरस पर आधारित होते हैं जो बहुत कम विषाणु जनित होते हैं और कम दुष्प्रभाव होते हैं। क्षीण वायरस, प्रतिकृति या गैर-प्रतिकृति हो सकते हैं। सन 1977 के अप्रैल महीने में संपूर्ण भारत को चेचक मुक्त घोषित कर दिया। यह कौतुक की बात है कि चेचक से मुक्त होने के बाद भी देश में चेचक से बचाव की देवी 'शीतला' माता की मान्यता जारी है और 1987 और 1992 के वर्ष में दौरान दो बार विज्ञान लोकप्रियकरण के लिए देशव्यापी आंदोलन चलाए जाने के बावजूद अभी तक चेचक से बचने के लिए लोकमान्यताएं पूरी शक्ति से लोगों के मन पर हावी हैं। ऐसी मान्यताओं की वैधता और अवैधता को मापने की जुर्रत किसी में नहीं है क्योंकि इससे अराजकता फैल सकती है।

चेचक की 'एटियलजि' को समझने और इस संक्रमण को नियंत्रित करने की कारगर विधि तलाश करने का पहला प्रयास सन 1796 में हालांकि ब्रिटिश फिजिशियन एडवर्ड जेनर ने शुरू किया था लेकिन वे सन 1798 तक एक कार्यकारी टीका बनाकर फील्ड-टेस्टिंग के लिए उपलब्ध करवा सके थे। बाद में ज़िंदा एनिमल्स की चमड़ी के जरिए टीका बनाया गया जो सुरक्षित नहीं थी। इसके बाद जब विषाणु को पृथक करने की टेक्नोलॉजी सुलभ हुई तो ज़िंदा विषाणु को ही टीके के बतौर इस्तेमाल किया गया। यह भी सुरक्षित विधि नहीं थी। 1970 आदि दशक तक विषाणु को क्षीण करके इसकी सर्फेस-प्रोटीन्स के जरिए एक सुरक्षित टीके का विकास संभव हुआ जिसे विश्व स्तर पर प्रयोग किया गया था ताकि चेचक के विषाणु के संपर्क के आने के बाद व्यक्ति को इन्फेक्शन हो जाए तो भी इसके दुष्प्रभाव उस पर न पड़ें। सन 1974 तक भी चेचक से भारत में ही हर साल 1.2-1.5 लाख लोग प्रभावित हो रहे थे और बहुत से मर भी जाते थे।

लंदन में कॉलेज ऑफ फिजिशियन के डॉ.जॉन जेड हॉलवेल ने सन 1767 में एक रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें बताया गया कि अठारहवीं शताब्दी



के आयुर्वेदिक डॉक्टरों के दिमाग को समझने के लिए भारत से उपलब्ध हुई प्राचीन पांडुलिपि एक उत्कृष्ट स्रोत है। हॉलवेल का कहना था कि एक इनोक्यूलेटर के हाथ भारत में रहते हुए ऐसी पांडुलिपि हाथ लगी जिसका अध्ययन करने से इसमें जो लिखा था उन्हें मालूम हुआ तो वे चौंक पड़े थे। मालूम हुआ था कि विश्व में सर्प्रथम टीका बनाने की विधि सन 1000-1200 के आसपास आयुर्वेदाचार्यों ने विकसित की थी। इसमें औषधि को नाक के जरिये व्यक्ति को दिया जाता था। इस विधि का प्रसार चीन, मध्य एशिया और अफ्रीका में हुआ। इस विधि में व्यक्ति को वास्तव में ही हलके रोंप में चेचक निकलती और फफोलों से सारा द्रव बाहर निकल जाता। चमड़ी पर चन्द्रमा की सतह जैसे क्रेटरनुमा निशान नहीं पड़ते थे। लेकिन 19 वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक भी यूनिवर्सल इम्यूनाइजेशन का न तो कांसेप्ट बना था और न ही वैक्सीन की इंडस्ट्रियल मैन्युफैक्चरिंग की जाती थी। भारत में सार्वजनिक टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत चेचक का प्रोफाइलेक्टिक टीका बच्चों को अब नहीं लगाया जाता। चेचक के आखिरी दौर में यह संक्रमण पूर्वी उत्तरप्रदेश और बिहार के संलग्न क्षेत्रों में ही व्याप्त था। अब कहीं नहीं है।

बच्चों और वयस्कों, दोनों को ही चेचक हो जाया करती। सभी वैद्यों और हकीमों को दवा या इलाज़ मालूम नहीं था। ब्रिटिश मेडिकल प्रैक्टिशनर्स को भी भारत में टीके के बारे में कम मालूमात थीं। इनके सिस्टम में यह दूसरे महायुद्ध के समय ही आया। भारत में तो आदिकाल से ही संक्रामक रोगों से बचाव के लिए कुछ दैवी शक्तियों की उत्पत्ति की गई जैसे कि बारहवीं सदी में उत्तर-पश्चिमी भारत और बंगाल में चेचक के लिए 'शीतला माता' का प्रतीकात्मक उदय।

समझने की जरूरत है कि इंडियन मेडिकल सर्विस के डॉक्टर अफसरों ने उस समय भारत में प्रचलित आयुर्वेद और सिद्ध मेडिकल सिस्टम्स के अलावा अरब चिकित्सा पद्धितयों का भी अध्ययन करके इसके साहित्य और वैद्यों और हकीमों की समझ और कार्यक्षमता पर भी अच्छी टिप्पणियां की थीं, लेकिन बहुत मामलों में इनकी नैदानिक पद्धति को पूर्णतः वैज्ञानिक करार नहीं दिया। शुरू में तो यूंही चलता रहा लेकिन उन्नसवीं सदी के उत्तराद्ध में ब्रिटिश इंडियन गवर्नमेंट ने कलकता, मद्रास और बॉम्बे प्रेसीडेंसीज में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की जो अभी तक चालू हैं।

भारत में यूरोपियन चिकित्सा पद्धितयों को धीरे-धीरे न केवल विस्तार दिया जाने लगा बल्कि एक खास बात यह हुई कि इसमें यूरोपियन लोगों का भारत की जलवायु, खान-पान और स्थानीय सांस्कृतिक जन-जीवन के करीब होने से संक्रामक रोगों के होने की संभावना पर पैनी दृष्टि रखने के अलावा जो आयुर्वेज्ञानिक अध्ययन हुए इनका बहुत फायदा भारतीय लोगों को भी मिला जैसे कि उन दिनों मद्रास प्रेसीडेंसी में नीलगिरी की पहाड़ियों में स्थित कुनूर कस्बे में डॉ.रॉबर्ट मैक्कैरिसन ने सन 1911 में न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज की स्थापना की थी जिसमें प्रारंभ में भारतीय खाद्यान्नों, फल, सब्जियों, खाद्य तेल और घी की 'न्यूट्रीटिव वैल्यूज' का पता लगाया गया था जिसका उद्देश्य फौजियों के लिए उपयुक्त आहार निर्धारित करने के लिए किया गया। सन 1950 आदि दशक के दौरान न्यूट्रीशन रिसर्च लैबोरेट्रीज को हैदराबाद शिफ्ट करके नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ न्यूट्रीशन बनाया गया जो आज तक चालू है। ऐसे काम के दौरान विलियम क्रूक जैसे ब्रिटिश ऑफिसर्स भारत का सांस्कृतिक अध्ययन करने में जुटे थे जिसने सन 1893 में 'एन इंट्रोडक्शन टू द पॉपुलर रिलिजन एंड फोकलोर ऑफ़ नॉर्थन इंडिया' प्रकाशित की। क्रूक महोदय ने अपनी पुस्तक के तीसरे अध्याय 'द गॉडलिंग्स ऑफ़ डिजीज' में पेज 78 से 88 तक सिर्फ शीतला माता की मान्यता और विश्वास के बारे में जिक्र किया है जिसकी पूजा चेचक से बचने के लिए उत्तर-पश्चिम भारत की महिलाएं करती है। क्रूक की किताब छपने के 130 वर्ष बाद भी अधिकांश भारत में रोग से बचने के लिए अंधविश्वास, झाड़-फूंक और देव-देवियों की मान्यता और पूजा-अर्चना चालू है और महिलाएं श्रृद्धापूर्वक चैत्र महीने की चंद्रोदय वाले पक्ष में आने वाली सप्तमी और अष्टमी में उन स्थानों पर जाती हैं जहां-जहां शीतला माता मंदिर हैं। क्रूक ने उस सभी स्थानों के नाम दिया है। रोहतक नगर में शीतला माता मंदिर में हज़ारों की संख्या में श्रृद्धालु महिलाएं अभी आती हैं और सरसों के तेल से तैयार 'पूड़े' (मीठा पराठा) नैवेद्य के रूप में देवी को प्रस्तुत करती हैं।

गुरुग्राम का शीतला माता मंदिर तो प्रसिद्ध है जिसमें पूजा-अर्चना के लिए हर साल लाखों श्रृद्धालु आते हैं। चैत्र का महीना इसलिए तय है कि ऋतु परिवर्तन के इसी समय पर चेचक के विषाणु का हमला मनुष्य पर होता है और अगले एक-दो महीना में प्रकोप के रूप में यह प्रकट होता था। यह जानना रोचक होगा कि बीमारियों से संबद्ध देवियां हिंदुओं के प्राचीन देवकुलों से बिलकुल अलग हैं। लोकविश्वास कायम रहने का ताज़ा उदाहरण 'कोरोना माता' का है जिसकी उत्पत्ति भारत में कोरोना संक्रमण काल में उत्तर प्रदेश के जिला प्रतापगढ़ में एक स्थान पर सन 2021 में की गई। इस बाबत एक शानदार शोधपत्र मेघा यादव ने स्विट्ज़रलैंड से प्रकाशित होने वाले'रिलिजन्स' जर्नल के लिए सन 2022 के अंक13 में पृष्ठ संख्या 1011-1023 पर लिखा है। संक्रामक बीमारियों को दैवी-प्रकोप मानने की रीति भारत और अफ्रीका महाद्वीप के मुल्कों में ही नहीं बल्कि यूरोपियन—खासतौर से ईस्टर्न यूरोप के देशों में भी व्याप्त रही। इसी बारे इंगलैंड के डॉ. जेडी रौलेस्टन को याद करना जरूरी है जिन्होंने 'फोकलोर ऑफ़ द डिजीजेज़' पर खूब काम किया और इस बारे में नेचर जैसी विख्यात पत्रिका में सन 1941 से लेकर 1945 तक, एक के बाद एक, शानदार टिप्पणियां प्रकाशित कीं जिसके अंतर्गत टीबी, चेचक, मिर्गी,अनजाने बुखार, यौन संक्रमण और दन्तदर्द पर लोक-विश्वास और वार्ताओं की प्रकृति और व्याप्तता पर इन्होंने सामग्री इकट्ठा की थी।

## प्रसंगवश

# आजा नाच लै

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफ्यूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

सत्तर के ऊपर निकले चार बरस हो चुके हैं बंदे को। मगर आज भी उसके पैर बैंड-बाजे के बेसुरे शोर पर थिरकने के लिए और जिस्म नृत्य की मुद्रा में आने को बेताब है। इसके साथ ही वो साठ व सत्तर के सालों के उस जमाने की याद में गुम हो जाता है जब तमाम मोहल्लों से बंदे की मंडली को लड़के की शादी में नाचने का न्यौता मिलता था। वे बारात के आगे-आगे 'कम सप्टेंबर' की धुन पर ट्विस्ट और 'नया दौर' के 'ये देश है वीर जवानों को अलबेलों का मस्तानों का' की बैंड-बाजे की बेसुरी धुनों पर जोशीला भांगड़ा करते थे। नागिन की बीन बजते ही बंदा ज़मीन पर लोट-पोट होकर सांप की तरह रेंगने और फुफकारने लगता था। हालांकि मंडली में इन मुद्दों पर अक्सर खासी बहस हुआ करती थी कि 'ये देश है वीर जवानों का' वाले डांस का बारात में क्या काम है? और इसके साथ ये 'दिल वाले दुल्हनिया ले जाएंगे' का क्या मतलब? अरे भाई सिर्फ मजबूत कद-काठी वालों को ही दुल्हनिया ले जाने का हक़ है? बेचारे दुबले-पतले और कमजोर को किस गली से दुल्हनिया हासिल होगी? कम से कम दुल्हनिया से तो पूछ लेते कि वो सेहरा सजाए दुल्हे के साथ जाने को तैयार भी है कि नहीं? सारे फैसले दुल्हा पक्ष के बुड्ढे-बुढियां ही किए जा रहे हैं। और फिर नागिन की तरह फुफकारने की क्या ज़रूरत है भाई? ये धुन तो दुल्हन की ओर से बजनी चाहिए।

यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र आदि में बारातों में यों खुल कर सड़क पर डांस करने की शुरूआत सन 1947 में पार्टीशन के बाद वहां आकर बस गए रिफ्यूज़ी पंजाबियां ने मस्ती और जोश के प्रतीक भांगड़ा से की थी। औरतों के बारात में सड़क पर खुलेआम नाचने की पहल भी पंजाबियों की देन है। उनके खुलेपन को शुरूआत में बड़ी हिकारत और संकीर्ण नज़र से देखा गया। चूंकि खुशी और मस्ती किसी एक वर्ग की नहीं बल्कि सांझी रवायत होती है और संगीत की धुन पर पैर स्वतः ही थिरकने लगते हैं। इसीलिए यह दिमागी सोच की संकीर्णता में बहुत दिनों तक सीमित नहीं रह पाई। तभी तो आज आलम ये है कि हरेक प्रदेश के हर वर्ग में शादी ही नहीं हर खुशी के मौके पर जमकर डिस्को डांस किए बिना जश्न पूरा नहीं होता है। छोटे से लेकर बूढ़े तक खूब नाचते-गाते-झूमते हैं। तकलीफ यह जरूर है कि ढोल काफी हद तक गायब हो गया है। आज से दस साल पहले तक तो बैंड-बाजे के साथ ढोल की थाप पर भांगड़ा करने वाले मस्तानों की टोली भी अलग से चलती थी। लेकिन वक्त और मौजूदा पीढ़ी की जरूरतों के साथ सब कुछ बदलता है। भांगड़ा भी अब डिस्को में गुम हो गया है। अब भांगड़ा डिस्को स्टाईल में उछलता, कूदता और थिरकता है।

बंदे का दौर गुज़रे आज लगभग तीस बरस हो चुके हैं। 'कम सेप्टेंबर' का ट्विस्ट गायब हो चुका है। मगर बंदे को फख्र है कि उस दौर की बाकी धुनें आज भी ज़िंदा हैं और बारातें इसके बिना अधूरी हैं। फिर बंदा याद करता है उस दिन को जब उसका बारातों में नाचने का दि एंड हुआ था। वो उसकी अपनी ही बारात थी। जैसे ही बैंड-बाजे ने 'ये देश है वीर जवानों का' की धुन छेड़ी, उधर घोड़ी पर बैठा बंदा भूल गया कि वो दुल्हा है। वो घोड़ी से कूद कर नाचने लगा था और खूब नाचा। दुल्हे का अपनी ही बारात में नाचना उस ज़माने में कौतुहल का विषय था। बड़े-बुज़ुर्ग बेहद नाराज़ और गुस्सा हुए थे।

अगली ट्रेजडी तो सुहागरात पर हुई थी। पत्नी गुस्से में फनफनाई और तमतमाई हुई थी। दरअसल, पति के भालू-बंदरों की तरह बारात में फूहड़ तरीके डांस की ख़बर से वो कतई खुश नहीं थी। उसे ये भी पता चल चुका था कि उसके पति यानी बंदे को नचनिया समझ कर बारातों में न्यौता मिलता था और खूब नचाया जाता था। उसे लगा था कि उसकी शादी किसी सड़क छाप नाचू से हुई है। उसकी सहेलियों ने जब इस बात पर उससे मज़ाक किया था तो उसे ये बहुत ही खराब लगा था।

बहरहाल वो बामुश्किल इस शर्त पर ठंडी हुई थी कि आइंदा से बंदा किसी भी बारात में किसी भी किस्म का डांस नहीं करेगा। वो दिन है और आज का दिन। इस दौरान बंदे ने सैकड़ों बारातें अटेंड की हैं। मगर पैर तक नहीं थिरका उसका।

# कैसे नियंत्रित हो सियासत में काला धन



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी।

बीते कुछ दिनों में देश की सियासत में जो कुछ हो रहा है, उससे भले ही सरकार बन और बिगड़ रही हो लेकिन इससे लोकतंत्र की मूल आत्मा पर कुठाराघात तो हुआ ही है। एक तो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्शन बांड से राजनीतिक दलों की चंदा लेने की प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी पाई और उसे अवैध घोषित कर दिया। फिर चुनाव आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध आंकड़ों के विश्लेषण के बाद एक समाचार पोर्टल ने बताया कि किस तरह राजनैतिक चंदे-सरकार और सरकार की जांच एजेंसियों के बीच मिलीभगत होती है। उसी दौरान चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव में महज 36 में से आठ वोट लूट गए, वह भी कैमरे के सामने और सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव परिणाम में दखल दिया। दूसरी बात स्पष्ट है कि संविधान निहित दलबदल कानून अब रद्दी का टुकड़ा है और यह केवल ताकतवर को और शक्ति देने के लिए ही दुरुपयोग का है। तीसरा अब मान लो कि लोकतंत्र का अर्थ है-जिसकी लाठी- उसकी भैंस-जिस राज्य में जिसकी ताकत है वह वोट लूट लेगा। आम लोग जो मत या वोट देते हैं वह नेता के लिए लाखों की कमी का जरिया मात्र है।

भारत में लोकतंत्रात्मक गणराज्य का सपना देखने वाले सेनानियों का मत था कि 'वोट के लिए निजी अपील करना संसदीय लोकतंत्र और सामूहिक हित की भावना के प्रतिकूल है। वोट मांगने का काम केवल सार्वजनिक सभाओं के जरिए होना चाहिए।' यदि कोई भी सरकार लोकतंत्र की इस मूल भावना को जीवित रखने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया में आमूल-चूल परिवर्तन करती है तो आम आदमी खुद को लोकतंत्र के करीब समझेगा। असल में यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनाव बहुत खर्चीले हो गए हैं। किसी भी दल से टिकट पाना हो या प्रचार के लिए समर्थकों को मैदान में भेजना या फिर मतदाताओं को रिझाना-लुभाना, सभी कुछ केवल धन पर आश्रित है और चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित सीमा में ये सब खर्च संभव नहीं होता। ऊपर के खर्चों के लिए ऊपर से ही कमाई होती है और इस राह में अनाचार, भ्रष्टाचार और दुराचार को विजेता की नैतिकता का जामा पहना दिया जाता है।

यह समय की मांग है कि एक जन कल्याणकारी और लोकतंत्रात्मक शासन के लिए चुनावी तंत्र में आमूल चूल परिवर्तन अनिवार्य है और इसकी शुरुआत वित्तीय तंत्र से ही करनी होगी। ऐसा नहीं कि चुनाव सुधार के कोई प्रयास किए गए नहीं, लेकिन विडंबना है कि सभी सियासती पार्टियों ने उनमें रूचि नहीं दिखाई। वीपी सिंह वाली राष्ट्रीय मोर्चा की सरकार में कानून मंत्री दिनेश गोस्वामी की अगुआई में सन 1990 में गठित चुनाव सुधारों की कमेटी का सुझाव था कि राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को सरकार की ओर से वाहन, ईंधन, मतदाता सूचियां, लाउड-स्पीकर आदि मुहैया करवाए जाने चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्तों को न केवल सरकार के अंतर्गत किसी नियुक्ति बल्कि राज्यपाल के पद सहित किसी अन्य पद के लिए अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। साथ ही किसी भी व्यक्ति को दो से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों पर चुनाव लड़ने की अनुमति न देने, निर्दलीय चुनाव लड़ने पर जमानत राशि बढ़ाने की बात भी इस रिपोर्ट में थी।

राजनैतिक दलों का चंदा एकत्र करने का तरीका चुनाव के दौरान और बाद में भ्रष्टाचार को बेहिसाब बढ़ावा देता है। 1970 में प्रत्यक्ष कर जान के लिए गठित वांचू कमेटी की रपट में कहा था कि चुनावों में अंधाधुंध खर्चा काले धन को प्रोत्साहित करता है। अगस्त-98 में एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि उम्मीदवारों के खर्च में उसकी पार्टी के खर्च को भी शामिल किया जाए। आदेश में इस बात पर खेद जताया गया था कि सियासती पार्टियां अपने लेन-देन खातों का नियमित ऑडिट नहीं कराती हैं। अदालत ने ऐसे दलों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही के भी निर्देश दिए थे। लेकिन हुआ कुछ भी नहीं।

असल बात तो यह है कि अब चुनाव आम आदमी की पहुंच से दूर होता जा रहा है, उसी का परिणाम है कि उससे उपजा प्रतिनिधि भी जनता से बहुत दूर है। तभी उसके समाज से सरोकार नहीं है और जनता भी वोट देने के बावजूद उसे अपना 'प्रतिनिधि' नहीं मानती। दिनों दिन बढ़ती यही दूरी लोकतंत्र को नए किस्म की राजशाही में परिवर्तित कर रही है। चुनाव प्रक्रिया में शुचिता, पारदर्शिता और खर्च काम करना आज लोकतंत्र के सशक्तिकरण की अनिवार्य जरूरत है।

## सोशल फोरम

# राजनीति की गंगा



डॉ . अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक पार्टी के बारे में अक्सर विपक्षी कहते हैं कि वह राजनीतिज्ञों के पापों को भी पुण्य में बदल देती है। दरअसल मोक्षदायिनी गंगा में पहले यही गुण था। वैज्ञानिकों के अनुसार गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कभी खूब थे जो हानिकर रोगाणुओं का भक्षण कर जल को रोगमुक्त करते थे। मगर इसकी भी एक सीमा थी। अब गंगाजल में बैक्टेरियोफेज कमतर हो चले हैं और कई जगह तो गंगाजल इतना अशुद्ध हो चला है कि पीने की कौन कहे, वह स्पर्श लायक भी नहीं है।

लोकसभा चुनाव के लिए एक पार्टी के हाल के आबंटित टिकटों के कुछ चेहरे भी ऐसे हैं जिनके बारे में विपक्षियों का यह आक्षेप कि इस पार्टी में आकर जघन्य पाप भी धुल जाते हैं, सही लगता है। आखिर इस राजनीतिक गंगा की भी दोष प्रक्षालन की कोई तो सीमा होगी? और यह भी ध्यातव्य है कि इस समय यह पार्टी अपनी लोकप्रियता के चरम बिन्दु पर है। और चरम बिन्दु के तदनंतर क्या होता है कहने की जरुरत नहीं।

कथित पार्टी की सफलता का मूल कारण केवल एक है-हिन्दू माईंड सेट को सेट कर लेना। उसके मन की बात को भांपना और तदनुसार रणनीतियां बनाना। राम जी तो सभी का बेड़ा पार करते हैं और इस पार्टी के यूसपी तो राम जी ही है। जन जन, जन मन में व्याप्त राम जी। राम जी राजनैतिक नैया पार कराने के भी शर्तियां माध्यम बन गए हैं। और राम नाम की इसी बहती गंगा में हाथ धोने कथित पार्टी में शामिल हो रहे हैं लोग, जो पापों को धो देने की गारंटी देती है। मगर जनता सब देख रही है। राम जी तो ठीक हैं मगर आखिर में काम, किया गया जमीनी काम ही आएगा। यह यूफोरिया, यह नशा हमेशा के लिए नहीं है। उत्कर्ष पर पहुंच कर संभलना बहुत मुश्किल होता है। तनिक भी संतुलन बिगड़ा बस सीधे नीचे।

यह संभलने का वक्त है। टिके रहने का वक्त है। अन्यथा जिस जनादेश ने अर्श तक पहुंचाया वही फर्श तक भी पहुंचाने का काम अंजाम देगी। समय रहते इस पार्टी के आलाकमान को चेतने का समय है।

-फेसबुक वॉल से

# कुबेर का घमंड



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

कुबेर को घमंड हो गया था कि वो ब्रह्मांड में सबसे अमीर है। आप भी जानते हैं कि कुबेर रावण के सौतेले भाई थे। काम था लोगों के धन को अपने पास रखने का। तकनीकी भाषा में कहें तो वो खजांची थे। लेकिन उन्हें लगने लगा था कि उनके पास जो कुछ है, वो सब उन्हीं का है। वो रात-दिन लोगों को अपनी संपत्ति दिखलाते थे। जताते थे कि वो ब्रह्मांड में सबसे दिमागदार हैं, इसीलिए उनके पास इतनी संपत्ति है।

एक बार रावण ने शिव से कुबेर की मुलाकात कराई। कुबेर के सिर पर दौलत की सनक देख शिव ने कहा कि तुम्हारे पाल इतनी दौलत है। लेकिन क्या फायदा? तुम अपने वैभव का प्रदर्शन ठीक से नहीं कर पा रहे हो। ऐसा करो कि तुम तीनों लोकों के देवताओं को अपने बसाए किसी नगर (लंका) में भव्य पार्टी दो। लोगों को दिखला दो कि तुम क्या हो। दौलत हो तो उसका प्रदर्शन भी होना चाहिए। कुबेर को बात भा गई। सही बात है, इतना है तो इसका प्रदर्शन तो बनता है। कुबेर ने पार्टी की तैयारी कर ली। तैयारी क्या करनी थी? उनके पास तो पूरा देश था सोने (गोल्ड) का। उन्होंने सभी को न्योता भेजा। शिव को भी न्योता भेजा।

शिव थोड़ा व्यस्त थे। वो खुद पार्टी में नहीं गए, लेकिन व्यवहार निभाने के लिए अपने पुत्र गणेश को उन्होंने भेज दिया। घर से कोई जाए, व्यवहार दे आए तो उपस्थिति दर्ज हो जाती है। गणेश तो गणेश थे। खाना परोसा गया। सभी देवता भोजन शुरू करते उससे पहले ही गणेश सारा भोजन चट कर गए। भोजन खत्म हो गया लेकिन गणेश का पेट भरा नहीं था। बाकी मेहमान अभी भूखे ही थे। गणेश ने कहा कि और खाना लाओ। कुबेर हतप्रभ। सारा खाना अकेले गणेश हजम कर गए? उन्होंने हाथ जोड़ दिए। कोई इतना खाता है क्या? सबके हिस्से का खाकर भी कह रहे हैं, और खिलाओ।

गणेश अभी भूखे थे। उन्होंने कहा कि खाना खत्म हो गया, इस बात से उनका कोई मतलब नहीं। उन्हें तो भूख लगी है, खाना चाहिए। और उन्होंने कुबेर को दौड़ा लिया।

आप कहानी में लॉजिक मत तलाशिएगा कि गणेश ने ऐसा कब कहा, कहां कहा? गणेश का क्रोध देख कर कुबेर जान बचा कर भागे। आगे-आगे कुबेर। पीछे-पीछे गणेश। भागते-भागते कुबेर हिमालय पहुंचे, शिव के पास। 'प्रभु रक्षा कीजिए। गणेश पूरा खाना खाने के बाद भी तुष्ट नहीं हुए हैं। अब मेरे पीछे पड़ गए हैं।' शिव मुस्कुराए। उन्होंने पार्वती की ओर देखा। पार्वती ने एक मोदक गणेश के मुंह में डाला। गणेश तुष्ट हो गए। शांत होकर बैठ गए। कुबेर हैरान थे। इतने पकवान खा कर जिसका उदर शांत नहीं हुआ था, मां के हाथों एक मोदक में शांत हो गया? वो शिव के चरणों पर लेट गए। 'प्रभु, ये क्या है?'

'ये मन है। जब मन संतुष्ट हो गया तो गणेश शांत हो गए। पेट भरना कुछ नहीं होता। महत्वपूर्ण है मन का भरना। जिसका मन तुष्ट वो संसार में सबसे अमीर। सुनो कुबेर, तुम सबसे अमीर नहीं हो। क्यों नहीं हो क्योंकि तुम्हारा मन तुष्ट नहीं है। और जिसे तुम अपना कहते हो, वो तुम्हारा है क्या?' कुबेर को अहसास हो गया था कि जिस दौलत का वो प्रदर्शन कर रहे थे, जिस पर इतरा रहे थे, वो असल में कुछ भी नहीं। असल में वो दौलत उनकी थी ही नहीं। दौलत किसी एक ही होती ही नहीं है।

# खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है।



निधि नित्या
जबलपुर

वो तब सबसे अधिक मजबूत होती है जब दुनिया उसे कमजोर करने की कोशिश करती है। वो भीड़ में कभी गुम नही होती और तन्हाई में भी आत्मविश्वासी बनी रहती है। पुरूषों को आकर्षित करने की बजाय वो खुद को फूल देती है। वो अपनी मनपसंद है। बुरा बर्ताव करने वालों को वो कतई बर्दाश्त नहीं करती और उनकी तरफ ध्यान भी नही देती जो उसे काबू करना चाहते हैं। वो एक लच्छेदार बालों वाले गोरे लड़के पर फिदा है और चुपके-चुपके उसे जी भर कर दुआ देती है। अपनी गल्तियों पर वो शर्मिंदा नहीं होती बल्कि उनको सीख की तरह इस्तेमाल करती है। पछताने का उसे वक्त नहीं मिलता। वो खुद को स्त्री होने का आदर देती है ।

वो जानती है 'चेहरे' दुनिया का सबसे बड़ा झूठ और 'नाम' महज पुकार हैं। उसे यकीन है मुस्कुराती हुई लड़की दुनिया की सबसे खूबसूरत और रहस्यमयी पहेली है। पहले से किसी रिश्ते में रह रहा पुरुष या विवाहित पुरुष किसी और स्त्री के पास इसलिए चला जाता है क्योंकि वो दूसरी स्त्री उसके ईगो को फीड करती है। ज़्यादातर पुरुष उस स्त्री के साथ रहना पसंद करते हैं जो उसके आधीन रहना सहजता से स्वीकार कर लेती है। ज़्यादातर पुरुष सक्षम और मज़बूत स्त्रियों के साथ रहना नहीं चाहते हैं। दूसरे शब्दों में कहूं तो पुरुष रिलेशनशिप में उस स्त्री को अधिक पसंद करता है जो मानसिक रूप से कमज़ोर होती है या जो पुरुष पर अपनी मेन्टल डिपेंडेंसी दिखाती रहती है।

इस बात को थोड़ा सा विश्लेषित करेंगे तो समझ आएगा कि जो पुरुष स्वयं मानसिक रूप से और वैचारिक रूप से कमज़ोर होते हैं वे ऐसी स्त्रियों को पसंद करते हैं जो उनको भगवान या तारनहार बने रहने का सुख देती है। इसके विपरीत समक्ष स्त्री उनकी पसंद तब होती है जब वो उनके ज़िम्मेदारी के बोझ को कम कर सकती हो। चाहे वो ज़िम्मेदारी परिवार, समाज या कमाई, कर्तव्य की हो। दोनों विपरीत बात और आंकलन हैं। ये मेरा व्यक्तिगत अनुभव है जो लोगों से मिलने पर मिला।

## एक नजर

### खूब फलफूल रहा कच्ची शराब का धंधा, प्रशासन मौन

**सिद्धार्थनगर।** जनपद के विभिन्न थानों में कच्ची दारू का धंधा कुटीर उद्योग के रूप में फलफूल रहा है। जहां एक तरफ इस धंधे में लिप्त होने के कारण युवा पीढ़ी दिशाहीन हो रही है वहीं अवैध दारू का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसके लिए विभाग कभी-कभार छापा डालकर लोगों को पड़कर खुद ही पीठ ठोंक लेती है। जानकारी के मुताबिक उसका थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव जो नदी के किनारे हैं वहां पर अवैध दारू बनाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसी क्रम में मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के कई गांव में अवैध ढंग से कच्ची दारू बनाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसके लिए हल्का सिपाही और पुलिस की मिलीभगत से या धंधा जोरों पर चल रहा है जो विभाग के अतिरिक्त आय का स्रोत बना हुआ है।

### ब्लाक इकाई के मंत्री बनाए गए आशुतोष

**उस्का बाजार, सिद्धार्थनगर।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई उस्का बाजार के मंत्री पद पर आशुतोष उपाध्याय को नियुक्त किया गया है। यह पद कृपाशंकर पांडेय के निधन के बाद से रिक्त चल रहा था। साथ ही संयुक्त मंत्री पद पर रामचन्द्र यादव को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राधेरमण त्रिपाठी ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी शिक्षक हित में कार्य करते हुए शिक्षक समस्या के समाधान हेतु समर्पित रहेंगे। संगठन शिक्षक हित में लगातार संघर्ष कर रहा है। डिजिटलाइजेशन के विरोध में संगठन सोमवार को प्रदेश के समस्त ब्लाक संसाधन केंद्रों पर धरना देकर ज्ञापन सौंप चुका है। कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता दिखानी चाहिए।

### पीस कमेटी की हुई बैठक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** आगामी त्योहार महाशिवरात्रि, होली के दृष्टिगत थाना कठेला समय माता, कपिलवस्तु, चिल्हिया, मोहाना, शिवनगर डिड़ई व थाना इटवा पर थाना क्षेत्र के धर्मगुरु, ग्राम प्रधान, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की गोष्ठी की।

# बाल अपराध रोकने को सभी मिलकर करें प्रयास

गोरखपुर

**पहल**

▸▸ गोरखनाथ थाने में बाल मित्र केंद्र का एसएसपी ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार।** समाधान अभियान की पहल पर मंगलवार को गोरखनाथ थाने में बाल मित्र केंद्र का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, विशिष्ट अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं एडीजे राम कृपाल सिंह और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने फीता काटकर इस केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एसएसपी डॉ. ग्रोवर ने कहा कि बाल अपराधों को लेकर पुलिस संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। जरूरत समाज को जागरूक करने की है। इसके लिए संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने इस बात पर खुशी व्यक्त की समाधान अभियान बाल यौन शोषण के खिलाफ समर्पित भाव से काम कर रही है। एडीजे राम कृपाल सिंह और मुख्य विकास अधिकारी संजय मीना ने भी थानों में बाल मित्र केंद्र स्थापित करने की पहल को सराहनीय बताया। समाधान अभियान की निदेशक शीलम वाजपेयी ने बताया बाल यौन शोषण की रोकथाम के लिए संस्था इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बाल मित्र केंद्र में बाल यौन शोषण से प्रभावित बच्चों एवं उनके


गोरखनाथ थाने में बाल मिश्र केन्द्र का उद्घाटन करते एसएसपी।

परिवार को आवश्यक जानकारी व मदद, शांत वातावरण में उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के सीएसआर हेड रामाकृष्णन सुब्रमण्यम ने कहा कि बाल मित्र केंद्र की स्थापना के अच्छे परिणाम आ रहे हैं।

कार्यक्रम में आगतों का स्वागत अर्चना अग्निहोत्री व आभार ज्ञापन सौम्या द्विवेदी ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष दुबे, एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई, जिला प्रोबेशन अधिकारी समर बहादुर सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी वशिष्ठ नारायण सिंह, क्षेत्राधिकारी अंशिका वर्मा, योगेंद्र सिंह, बाल कल्याण अधिकारी वंदना सिंह की सहभागिता रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने बाल मित्र केंद्र के निर्माण में सहयोग देने वालों का सम्मान किया एवं चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

# एसएसबी, पुलिस व एपीएफ नेपाल ने की संयुक्त बैठक

सिद्धार्थनगर

▸▸ बार्डर पर अवैध गतिविधियों पर मिलकर लगाएंगे रोक

**अमृत विचार।** एसएसबी ने स्थानीय पुलिस और एपीएफ नेपाल के साथ समन्वय बैठक कर सुरक्षा बिन्दुओं पर चर्चा किया। 43वी वाहिनी एस.एस.बी के सीमा चौकी बजहा द्वारा स्थानीय पुलिस और नेपाल ए.पी.एफ के साथ समन्वय बैठक का आयोजन उज्जल दत्ता, कमान्डेंट, 43वी वाहिनी के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

इस बैठक के दौरान सीमावर्ती के मौजूदा हालत के साथ साथ दोनों देशों के सुरक्षा विभागों द्वारा सीमा पर सतर्कता बरतते हुए तस्करों से समबन्धित आसूचना साँझा करने एवं सीमा पर अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु संयुक्त गश्ती किये जाने पर जोर दिया गया। साथ ही मानव तस्करी एवं बाल श्रम आदि जैसे अपराधों में संलिप्त सक्रीय तस्करों के कार्यवृत पर पैनी नज़र बनाते हुए अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए संयुक्त प्रयास पर सहमती जताई गई। उक्त बैठक में एस.एस.बी की सीमा चौकी बजहा से निरीक्षक अशोक कुमार मीना, पुलिस चौकी बजहा से हवालदार विक्रमजीत यादव तथा नेपाल ए.पी.एफ से ए.एस.आई. भूप बुधाथोकी के साथ आरक्षी शिव पूजन मौजूद रहे।

# सांसद ने 22 सड़कों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

## लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड एवं सांसद निधि योजना के अंतर्गत सड़कों का बिछाया जा रहा जाल

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड एवं सांसद निधि योजना के अंतर्गत शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र की 76 करोड़ की 22 सड़कों का सांसद जगदंबिका पाल, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने किया शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि सड़क से ही क्षेत्र का विकास होता है सड़के ही विकास की कड़ी हैं। सड़क ही विकास को मुख्य धारा से जोड़ती है।

शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र में कोई भी सड़क अब मुख्य सड़क से बिना जुड़े नहीं रहेगी। पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। योगी सरकार में विकास ही प्राथमिकता है। इस मौके पर अनिल अग्रहरि, राजकुमार पान्डेय, साधना चौधरी, कूलदीप द्विवेदी, रमेश मणि, एसपी अग्रवाल, दिलीप चतुर्वेदी, रवी अग्रवाल, बबलू चौधरी, शिवा तिवारी, मो. मुस्तफा इरशाद, गुलाम चौधरी, मनोज सिंह, गंगा मिश्रा, देवेन्द्र पाल, संजय श्रीवास्तव, मुन्नी देवी, पवन मिश्रा, सुनील अग्रहरि, सुधांशु बोरा, एडीएम शोहरतगढ़ कमेन्द्र कुमार, हरीश वर्मा, रिंकू चौधरी, शिवा तिवारी, रघुनाथ चौधरी, महेश यादव, शफीक बरसाती,यादव राम मूरत यादव रत्नेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।


सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास करते सांसद व विधायक। अमृत विचार

### जगदंबिका पाल के पास भाजपा से हैट्रिक लगाने का मौका

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** लोकसभा 2024 के चुनाव का डंका बज चुका है जिसमें लोकसभा डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल को पार्टी ने टिकट देकर तीसरी बार मैदान में उतारा है। वहीं विपक्ष की बात करें तो कांग्रेस और सपा के गठबंधन के बाद लोकसभा डुमरियागंज की सीट पर सपा अपना प्रत्याशी उतारेगी। लेकिन सपा की तरफ से अभी तक प्रत्याशी नहीं उतारा है। मालूम हो कि इसके पूर्व वर्ष 2009 में जगदंबिका पाल ने कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 में भाजपा में शामिल हो गए और लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज की। 2019 में भाजपा से दूसरी बार टिकट पाकर जीत दर्ज की। इस बार फिर से भाजपा ने उन्हीं पर भरोसा जताकर डुमरियागंज से प्रत्याशी बनाया है। श्री पाल के पास भाजपा के टिकट पर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है। उधर चुनावी बिगुल बज जाने के बाद भी सपा ने अभी तक अपना प्रत्याशी तय नहीं किया है, जिसके चलते कई दावेदार अपनी उम्मीदवारी को लेकर सपा पार्टी कार्यालय में गणेश परिक्रमा कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा गठजोड़ में आफताब आलम प्रत्याशी रहे, लेकिन काफी मेहनत के बाद भी उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा और भाजपा प्रत्याशी जगदंबिका पाल लाखों वोट से विजयी रहे। इस बसपा यहां पूरी तरह से चुनाव से गायब दिख रही है। यहां तक की बसपा चर्चाओं में भी नहीं है। इस कारण यहां का मुकाबला आमने-सामने होने का असर लग रहा है। फिलहाल चुनाव सिर पर है, सपा प्रत्याशी आने के बाद कुछ चुनावी समीकरण के बारे में कहा जा सकता है।

### अंतर्जनपदीय तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जनपद के गोल्हौरा थाना क्षेत्र में बीते दिनों पुलिस और गो तस्कर के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें जहां एक तस्कर को गोली लगी वहीं सर्विलांस प्रभारी सुरेश सिंह के हाथ में भी गोली लगी है। पकड़े गए तस्करों के पास से पुलिस ने असलहा, कारतूस तथा गो तस्करी में प्रयुक्त डीसीएम भी बरामद की है। जानकारी के अनुसार सर्विलांस और एसओजी की मदद से पुलिस ने अंतर्जनपदीय तस्कर अब्बास को घेर लिया। अपने को पुलिस की गिरफ्त में आता देख अब्बास ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायर किया। जिससे यहां अब्बास को गोली लगी। वहीं सर्विलांस प्रभारी सुरेश सिंह को भी हाथ में गोली लगी। पकड़ा गया गो तस्कर अब्बास गोलौरा थाने का गैंगस्टर भी है।

# कोच अटेंडेंट कर रहे यात्रियों से उगाही

सुनील मिश्रा, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलयात्रा करते हुए अगर बर्थ क्लियर नहीं है तो सावधान रहिए। कहीं आप अटेंडेंट के बहकावे में न आ जाए। गोरखपुर से लखनऊ नई दिल्ली जाने वाली ज्यादातर गाड़ियो में एसी कोच में तकिया कंबल देने वाले अटेंडेंटो का बोलबाला दिख रहा है। अपने मनमानी ढंग से यात्रियों से वसूली करना इनकी दिनचर्या बन गई है। पैसा लेकर यात्रियों को इधर-उधर बैठा देना तथा अपनी सीट को बेच देना रोज की कहानी है। गत दिनों गाड़ी 15007 कृषक एक्सप्रेस बोगी नंबर एम 3 में अटेंडेंट विवेक यादव द्वारा तीन चार लोगों को बाथरूम के पास बैठाकर यात्रा कराने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि इस मामले में कई बार अटेंडेंट तथा टीटीई में कहा सुनी और मारपीट भी हुई है। अटेंडेंट झुंड में रहते हैं और वहीं टीटीई कम रहते हैं। टीटीई की शिकायत करने पर उनको उस गाड़ी से उतारकर दूसरे गाड़ी पर लगा दिया जाता है। कार्यवाही के नाम पर इतना होकर ही रह जाता है। जबकि इतना ही दंड काफी नहीं इस मामले में ठेकेदार के खिलाफ कठोर करवाई होनी चाहिए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह भी बताया जाता है कि विवेक यादव द्वारा बड़े गर्व के साथ यह कहा गया कि हम इटावा के रहने वाले हैं।


आराम करने के लिए उपलब्ध कराई गई अपनी सीट (ऊपर) के नीचे यात्रियों को बैठाकर ले जाता कोच अटेंडेंट।

### लेनिन बॉक्स में यात्री छिपाकर यात्रा करा रहा था अटेंडेंट, पकड़ा गया

कोच अटेंडेंट द्वारा यात्रियों को चोरी छिपे यात्रा कराकर धन उगाही वाली घटनाएं ज्यादातर बिहार से आने वाली गाड़ियों बरौनी-सहरसा एक्सप्रेस आदि में होती हैं, जो गोरखपुर होते हुए दिल्ली जाती हैं। कृषक एक्सप्रेस, बिहार सप्त क्रांति वैशाली एकसप्रेस आदि ट्रेनों में अटेंडेंट दबंगई करते हुए अवैध यात्रा कराकर रेलवे को चूना लगा रहे हैं। सोमवार की रात भी ऐसा ही एक मामला कानपुर रेलवे स्टेशन पर भी प्रकाश में आया। जहां अटेंडेंट द्वारा लिनन बॉक्स में यात्री को छिपाकर सफर कराते हुए पकड़ा गया। जब टीटी ने देखा तो यात्री को नीचे उतारकर अटेंडेंट को फटकार लगाई।


ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# क्विज प्रतियोगिता में 10 बच्चे सफल

उसका बाजार, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय उसका बाजार में आयोजित हुई। इसमें कक्षा छह से आठ तक के 201 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विकास क्षेत्र के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से कक्षा छह के एक, सात के दो व आठ के तीन छात्रों ने क्विज में हिस्सा लिया।

प्रथम चरण की परीक्षा में 28 छात्र सफल हुए, इनमें चुरिहारी के सभी छह प्रतिभागी प्रथम चरण की परीक्षा में सफल हुए। इसी तरह मैनखाही, सजनी के चार। भिटिया, परसा खुर्द, बरदहा, उटिया के दो-दो छात्र के अलावा परसपुर, मरवटिया माफी, सिहोरवा, फुलवरिया, बकैनिहा और सुगही के एक-एक छात्र-छात्रा सफल घोषित हुए। द्वितीय चरण की परीक्षा के 20 छात्र-छात्राएं सफल हुए इसके बाद हुए साक्षात्कार में 10 बच्चों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया। इन्हें जिले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने लिए भेजा जाएगा। डायट मेंटर अनुराग श्रीवास्तव, बीईओ महेंद्र कुमार ने सफल छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व विज्ञान फोल्डर दिया। इस मौके पर हरिशंकर सिंह, शिव कुमार शुक्ला, राकेश सिंह, एआरपी विज्ञान सुभाष चंद्र मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### दो बंद मकानों से अनाज व अन्य सामान चोरी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** चिल्हिया थाना क्षेत्र के महदेवा में दो घरों का ताला तोड़कर अनाज, कपड़ा सहित अन्य सामान चोरी हो गया। घर में सफाई करने पहुंचे ग्रामीण ने दरवाजे के ताले टूटे देखे तो जानकारी हुई। उसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर चोरी हुई घटना की जानकारी ली। क्षेत्र के शकूर व रशीद दोनों भाई मुंबई में रहते हैं। दोनों के मकान महदेवा में बरगदवा जाने वाले हाईवे मार्ग के किनारे हैं। दोनों भाई घर बंद कर मुंबई चले जाते हैं। हर वर्ष मार्च माह में घर आते हैं। दोनों भाई परिवार सहित मुंबई से सोमवार को चले हैं। इस दौरान उन्होंने अपने भतीजे शमीम को फोन कर कहा कि घर की सफाई कर दो। हम लोग आ रहे हैं। समीम मंगलवार को दोनों घर की सफाई करने पहुंचा तो देखा कि ताला टूटा है और समान बिखरे हैं। शमीम ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। इस संबंध में चिल्हिया एसओ अमित कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी है। पुलिस टीम जांच कर रही है। अभी यह पता नहीं चल सका है कि घर से क्या क्या चोरी हुआ है। यह दोनो भाइयों के आने से ही पता चल सकेगा।

### निमंत्रण से लौट रहे अधिवक्ता पर हमला

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उपनगर बांसी के गांगुली चौराहे पर अधिवक्ता पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। देर शाम हुए हमले में अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार की है। अधिवक्ता की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के इंदिरानगर गांगुली मोहल्ला निवासी एडवोकेट फिरोज खान ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार रात लगभग 8 बजे वह एक निमंत्रण से अपने घर के लिए लौट रहे थे, जैसे ही यह गांगुली रोड पर स्थित हॉस्पिटल के पास पहुंचे। इसी समय साजिश के तहत उनके मोहल्ला निवासी फैसल ने लाठी डंडा और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे वह अपनी बाइक से गिर गए उसके बावजूद भी उन्हें आरोपी पीटता रहा। फिरोज ने तहरीर में कहा है कि आरोपी काफी मनबढ़ किस्म का युवक है। इस संबंध में कोतवाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया है कि तहरीर के आधार पर जानलेवा हमले का मुकदमा पंजीकृत करके आरोपी की तलाश की जा रही है। फिलहाल वह घर से फरार बताया जा रहा है।

### कर्मचारियों का रुका हुआ वेतन दिलाया

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री विनोद राय ने बताया कि सेल वेल्डिंग शॉप के कार्यरत 24 कर्मचारियों का माह का फरवरी वेतन खाते में नहीं आया है। यांत्रिक कारखाना के मंडल मंत्री आरपी भट्ट के नेतृत्व में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल सहायक कार्मिक अधिकारी और लेखा अधिकारी से इस संबंध में वार्ता की। जिसके बाद अधिकारियों ने तकनीकि त्रुटि को ठीक कराते हुए कर्मचारियों का वेतन उनके बैंक के खाते में भेजा गया। इस अवसर पर संयुक्त मंत्री दीपक चौधरी, संयुक्त मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, संयुक्त मंत्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर, जयप्रकाश सिंह, अंशुमाल पाठक, निशांत यादव, संजय सिंह, सूरज गुप्ता, अमित गुप्ता, सतीश श्रीवास्तव, राजेश जायसवाल, दीपक प्रजापति, राजेश चंद्र पांडे, अल्बर्ट पीटर, बृजेश यादव, परमात्मा सिंह, धीरज यादव, चंद्रिका विनय इत्यादि लोग उपस्थित थे।

### महाप्रबन्धक ने तीन रेलवे कर्मियों को संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाप्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे सौम्या माथुर ने मंगलवार को महाप्रबन्धक सभा कक्ष में तीन कर्मचारियों को संरक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए मैन आफ द मंथ घोषित कर नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले कर्मचारियों में लखनऊ मंडल के इंजीनियरिंग विभाग में ट्रैक मेन्टेनर के पद पर कार्यरत अमित कुमार, वाराणसी मंडल के औड़िहार में गेट मैन के पद पर कार्यरत संदीप जायसवाल और इज्जतनगर मंडल के मथुरा कैंट में की-मैन के पद पर कार्यरत श्याम बाबू शामिल रहे। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### ट्रेनों के संचालन में रहेगा परिवर्तन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता के लिए गाड़ियों के ओरिजिनेटिंग एवं टर्मिनेटिंग स्टेशन में परिवर्तन किया गया है। 19401 अहमदाबाद-लखनऊ एक्सप्रेस 01 अप्रैल से अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से, लखनऊ से 02 अप्रैल से चलने वाली 19402 लखनऊ-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती तक, 19409 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस 28 मार्च से अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती से तथा गोरखपुर से 30 मार्च से चलने वाली 19410 गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस अहमदाबाद के स्थान पर साबरमती तक चलाई जायेगी।



### बिलासपुर स्टेशन पर ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा के लिए 15016/15015 लालकुंआ-अमृतसर-लालकुंआ एक्सप्रेस का बिलासपुर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा। लालकुंआ से 5 मार्च से चलने वाली 15016 लालकुंआ-अमृतसर एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 14 .33 बजे पहुंच कर 1435 बजे छूट रही है। वापसी यात्रा में अमृतसर से 6 मार्च से चलने 15015 अमृतसर-लालकुंआ एक्सप्रेस बिलासपुर रोड स्टेशन पर 16 .23 बजे पहुंच कर 16 .25 बजे छूटेगी। इसके अलावा 15059/15060 लालकुंआ-आनन्द विहार टर्मिनस-लालकुंआ एक्सप्रेस का रोशनपुर स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव 7 मार्च से अगली सूचना तक प्रदान किया जायेगा।

### सांसद निधि से स्कूलों में डेस्क व बेंच उपलब्ध कराएंगे बृजलाल

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सांसद राज्यसभा बृजलाल ने 1 से 3 मार्च तक जनपद सिद्धार्थनगर में प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने कई परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया। कई विद्यालयों में बच्चों के लिए फर्नीचर डेस्क-बेंच की व्यवस्था नहीं थी। बृजलाल ने विकास खण्ड-बर्डपुर, नौगढ़, शोहरतगढ़ के छह विद्यालयों में अपनी सांसद निधि से रुपए 9,81,110 की धनराशि स्वीकृत की है। इससे विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चो को बैठने में सुविधा होगी तथा शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे।

**कार्यक्रम** गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

# आयुर्वेद के सिद्धांत अपनाकर रहा जा सकता है स्वस्थ

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में मंगलवार को तीन अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए। आईटीएम आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज, महराजगंज के प्राचार्य प्रो. पहले व्याख्यान में प्रो.एचएन डे ने कहा कि आयुर्वेद के सिद्धांतों और नियमों को अपनाकर तमाम बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।

प्रो. डे ने विद्यार्थियों को आयुर्वेद में वर्णित पदार्थ विज्ञान के सिद्धान्तों और दैनिक जीवन में उन सिद्धान्तों की स्वस्थ रहने के लिए उनके ज्ञान की उपयोगिता को समझाया। उन्होंने दिनचर्या, सदवृत, संतुलित आहार आदि की महत्ता को समझने वाले बीमारियों से दूर रहते हैं। दूसरे व्याख्यान में आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज मऊ के सह आचार्य डॉ. जय प्रकाश दूबे ने कहा कि अगर विद्यार्थियों को कुशल वैद्य बनना है तो उन्हें अपने व्यक्तित्व को सुदृढ़ करना होगा। व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाने के लिए आयुर्वेद के साथ मॉडर्न पैथी का भी ज्ञान अर्जित करने में हिचक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एक कुशल वैद्य रोगी की प्रकृति को देखकर चिकित्सा करता है। तीसरे व्याख्यान में आयुर्वेद के प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई पूरी होने के बाद क्लिनिकल ज्ञान अर्जित करना भी जरूरी है। विद्यार्थियों का प्रयास होना चाहिए कि वे किसी एक विषय में विशेषज्ञता भी हासिल करें। इस अवसर पर गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस ने अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया।


गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) में व्याख्यान देते विशेषज्ञ व मौजूद छात्र-छात्राएं।

# यात्रियों का छूटा सामान लौटाया

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्वोत्तर रेलवे एवं राजकीय रेलवे पुलिस गोरखपुर ने संयुक्त रूप से 3 मार्च को गोरखपुर के प्लेटफार्म संख्या-1 से यात्रियों का मोबाइल चोरी करने वाले एक चोर को पकड़ा। उसके पास से चोरी किए हुए दो मोबाइल भी बरामद किए गए। आरपीएफ छपरा द्वारा गाड़ी संख्या-14524 में यात्रा कर रहे पीठ दर्द से पीड़ित यात्री को डाक्टर से उपचार कराकर छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसी तरह छपरा स्टेशन से मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

13 वर्ष की लावारिस हाल में मिली किशोरी को रेलवे सुरक्षा बल गोण्डा को सुपुर्द किया गया। इसी तरह रेलवे सुरक्षा बल ऐशबाग को ऐशबाग स्टेशन पर 13 वर्ष की किशोरी लावारिस हालत में मिली। जिसे रेलवे चाइल्ड हेल्प लाइन लखनऊ को सुपुर्द किया गया। हथुआ रेलवे स्टेशन के टिकट काउण्टर से एक व्यक्ति को एक अदद् तत्काल टिकट तथा अनेक आरक्षण फार्म के साथ गिरफ्तार किया गया। रेलवे सुरक्षा बल पीलीभीत द्वारा गाड़ी संख्या-05385 से 14 वर्ष के एक लड़के को गाड़ी से उतारकर पीलीभीत पोस्ट पर ले जाया गया। जिसे उसके परिजनों के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया।

रेलवे सुरक्षा बल आजमगढ़ द्वारा प्लेटफार्म संख्या-3 से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर आजमगढ़ पोस्ट पर जमा किया गया। गाड़ी संख्या-19716 के स्कोर्ट पार्टी द्वारा गाड़ी से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर फर्रूखाबाद पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, बढ़नी द्वारा गाड़ी संख्या-12572 से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर यात्री को लौटाया गया। रेलवे सुरक्षा बल बस्ती द्वारा गाड़ी संख्या-15708 से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर यात्री को लौटाया गया। रेलवे सुरक्षा बल औड़िहार द्वारा गाड़ी संख्या-15008 से महिला यात्री का छूटा हुआ बैग प्राप्त कर औड़िहार पोस्ट पर जमा किया गया। रेलवे सुरक्षा बल कासगंज द्वारा गाड़ी संख्या-05348 से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर कासगंज पोस्ट पर जमा किया गया। रेलवे सुरक्षा बल देवरिया सदर द्वारा गाड़ी संख्या-15047 से यात्री का छूटा बैग प्राप्त कर देवरिया पोस्ट पर जमा किया गया, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# मंडलायुक्त-आईजी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** मंगलवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल व पुलिस महानिरीक्षक परिक्षेत्र अयोध्या प्रवीण कुमार ने अमेठी पहुंचकर लोक सभा चुनाव को तैयारियों कस जायजा लिया।

इस दौरान आईजी ने पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में पुलिस की समस्त शाखाओं, लोक शिकायत प्रकोष्ठ, वाचक कार्यालय, डीसीआरबी, स्थानीय अभिसूचना इकाई, चुनाव सेल, प्रधान लिपिक कार्यालय, आंकिक शाखा, अपराध शाखा, मानीटरिंग सेल आदि शाखाओं एवं दस्तावेजों को चेक किया। निरीक्षण में खामियां पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की और सुधार के निर्देश दिए। पुलिस उपमहानिरीक्षक के पहुंचते ही पुलिस कर्मियों ने एसपी कार्यालय में उनको सलामी दी। मान प्रणाम स्वीकार कर वे गौरीगंज पुलिस कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे। शाखा शिकायत प्रकोष्ठ में शिकायत रजिस्टर को चेक किया।

कर्मियों को आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने एवं उनकी समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी के साथ कार्यालय में विभिन्न शाखाओं को चेक किया और जो भी खामियां देखने को मिली उनका सुधार करने तथा दस्तावेजों का रख रखाव को दुरूस्त रखने के निर्देशित किया। कार्यालय परिसर, आंकिक शाखा, रीडर कार्यालय, मॉनिटरिंग सेल व मानवाधिकार सेल आदि का निरीक्षण कर साफ सफाई दुरुस्त रखने हेतु निर्देशित किया गया। वहीं मंडलायुक्त और आईजी ने पोलिंग पार्टी रवाना स्थल जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज का भौतिक निरीक्षण कर सत्यापन किया। साथ ही पोलिंग पार्टियां रवाना होने के समय रुट डायवर्जन कर यातायात व्यवस्था सुदृढ करने के लिए संबंधित को निर्देश दिए। इस दौरान डीएम निशा अनंत, एसपी अनूप कुमार सिंह व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


पोलिंग पार्टी स्थल का निरीक्षण करते मंडलायुक्त, आईजी, डीएम व अन्य। अमृत विचार


तहसील परिषर में वृक्षारोपण करते मंडलायुक्त व मौजूद अन्य।

### चुनाव के मद्देनजर पुलिस व अर्धसैनिक बलों ने किया फ्लैग मार्च

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतु सुरक्षा के दृष्टि से थाना अध्यक्ष भाले सुल्तान शहीद स्मारक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में केंद्रीय अर्ध सैनिक बलों व स्थानीय पुलिस के जवानों के साथ क्षेत्र की प्रमुख बाजारों व कस्बों में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। मंगलवार दोपहर थानाध्यक्ष की अगुवाई में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों व पुलिस के जवानों के साथ रानीगंज वारिसगंज और थौरी सहित विभिन्न चौराहो पर फ्लैग मार्च किया गया।

### आशाओं का 5 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत आशाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र अधीक्षक की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इसमें होम बेस्ड न्यूबार्न केयर विषय पर प्रशिक्षण टीम द्वारा आशाओं को प्रशिक्षित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मुसाफिरखाना विकास खंड के अन्तर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में होम बेस्ड न्यूबार्न केयर एचबीएनसी विषय पर आशाओं का प्रशिक्षण शुरू हुआ। अधीक्षक डॉ. आलोक मिश्रा ने बताया कि प्रशिक्षण 1 से 5 मार्च तक चलाया गया। इसमें 30 आशाओं को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण समापन पर एचइओ अभय प्रताप सिंह ने आशाओं को प्रमाण पत्र भी दिए। कार्यक्रम में डॉ. शैलेश गुप्ता, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अभय प्रताप सिंह, बीसीपीएम राजीव पांडेय रत्नेश श्रीवास्तव, संदीप एनजीओ से आलोक कुमार तिवारी व शशिकांत द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार :** 4 दिन पूर्व कार की चपेट में आने से बाइक सवार घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। भाले सुलतान शहीद स्मारक (वारिसगंज) थानाक्षेत्र के अंतर्गत निहालपुर निवासी शोएब (22) जो बीते शुक्रवार को समय करीब साढ़े 12 बजे घर से किसी काम से बाइक से रानीगंज बाजार जा रहे थे। जब वह गांव के नजदीक पहुंचे तो सामने से आ रही अज्ञात अनियंत्रित कार ने जोरदार टक्कर मार दी। सड़क दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया था। घायल की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गई। परिजनो ने बताया कि पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

### बाइक-कार की भिड़ंत में पिता और पुत्री घायल

**मुसाफिरखाना, अमेठी, अमृत विचार :** हाईवे नागेश्वरगंज ओवर ब्रिज के पास बाइक व कार की भिडन्त में बाइक सवार पिता पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के मानशाहपुर निवासी राकेश शुक्ला अपनी पुत्री प्रांजल को पेपर दिलाकर बाइक से घर जा रहे थे कि हाईवे नागेश्वरगंज ओवर ब्रिज के पास कार संख्या यूपी 44 बीडी 9490 ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार राकेश शुक्ला व उनकी पुत्री प्रांजल घायल हो गए जिन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# अनियंत्रित होकर सड़क किनारे ईंट के ढेर से टकराई बाइक, एक की मौत

## निमंत्रण से लौटते समय रेवड़ा गांव के पास देर रात हुई घटना, दो लोग घायल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** पीपरपुर थाना क्षेत्र के रेवड़ा गांव के पास पीपरपुर कल्याणपुर मार्ग पर सोमवार की देर रात्रि एक बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा टकराई। घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी ले जाने पर डॉक्टर ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो युवकों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। घटना से मृतक के परिजनों में हाहाकार मचा है।

पीपरपुर थाना क्षेत्र के भेवईं गांव निवासी सुशील कोरी पुत्र नंदलाल (20), आकाश पुत्र रामकुमार (18) व शनिकुमार (18) सोमवार की देर रात धम्मौर थाना क्षेत्र के लौहर भाईं गांव से निमंत्रण कर एक ही बाइक से वापस घर लौट रहे थे। रास्ते में पीपरपुर-कल्याणपुर मार्ग पर रेवड़ा गांव के पास बाइक एक कार को आवेरटेक करने के चक्कर में सड़क किनारे रखे ईंट के ढेर से जा भिड़ी। घटना में बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सीएचसी भादर ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने सुशील कोरी को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल आकाश व शनि कुमार को इलाज के बाद डाक्टरों ने अस्पताल से छुट्टी दे दी। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के शव का परिजनों ने मंगलवार की सुबह अंतिम संस्कार किया। एसओ पीपरपुर संदीप राय ने बताया कि मृतक के परिजन कार्रवाई नहीं चाहते हैं।

### कार-बोलेरो में जोरदार भिड़ंत, 6 लोग घायल

**भेटुआ, अमेठी, अमृत विचार :** बारात से लौट रहे बोलेरो सवार लोगों की सोमवार रात टिकरी चौराहे पर अमेठी की ओर से आ रही कार से भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने रात में ही एंबुलेंस बुलाकर सी एच सी में इलाज के लिए भेजा। सोमवार रात जामो-भादर मार्ग से भादर की ओर से आ रही बोलरो यूपी 44 डब्ल्यू 1245 की अमेठी सुल्तानपुर मार्ग पर टिकरी चौराहे पर अमेठी की ओर से आ रही स्विफ्ट कार यूपी 32 एमएन 1944 से टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर चौराहे के आस पास रहने वाले जब बाहर आकर देखे तो दोनो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे और उस पर सवार लोगों के चीखने की आवाजे आ रही थी। चौराहे पर लगी हाई मास्ट लाइट के उजाले में लोगों ने किसी तरह घायलों को दोनो गाड़ियों से बाहर निकाल कर तत्काल एंबुलेंस से नजदीकी सीएचसी नौगिरवा भेजा। सीएचसी नौगिरवा में प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल गौरीगंज रिफर कर दिया गया। सीएचसी के चीफ फार्मासिस्ट, आरसी वर्मा ने बताया कि छह घायलों में ऊंचगांव बंधुआ के राजेंद्र कुमार, मिल एरिया रायबरेली के रिंकू तिवारी,कुड़वार के राज करन, कोतवाली देहात के सुरेश कुमार, गोसाईगंज के देवराज गुप्ता सुलतानपुर के रामचेत थे। बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बोलेरो सवार भादर मार्ग की ओर से बालीपुर से किसी बारात से लौट कर जामो की ओर जा रहे थे जबकि कार सवार अमेठी की ओर से सुलतानपुर जा रहे थे।


टक्कर में सड़क किनारे खड़ी छत्तिग्रस्त बोलेरो व कार। अमृत विचार

#### गति अवरोधक का न होना बनी दुर्घटना की वजह

स्थानीय लोगों में रोहित सिंह, आलोक तिवारी के साथ दर्जनों लोगो ने बताया कि कोई ऐसा दिन नहीं बीतता है कि जब यहां दुर्घटना न हो, लेकिन अभी तक कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इन लोगो ने कहा कि अनेकों बार लोक निर्माण विभाग से ब्रेकर और चौराहे को इंगित करने वाले बोर्ड को लगवाने की बात की गई। लेकिन किसी बड़े हादसे का इंतजार लोक निर्माण विभाग कर रहा है। सैकड़ों लोगों ने इस हादसे को देखकर गति अवरोधक बनवाए जाने की मांग उठाई है।

# रस्साकशी में दिखाई जोर आजमाईश

फुरसतगंज, अमेठी

**अमृत विचार :** मंगलवार को फुरसतगंज कस्बे के मेला मैदान में सांसद स्मृति जुबिन ईरानी की सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें न्याय पंचायत ब्रहमनी, मोहैया केसरिया, सराय महेशा, निगोहा, ओदारी की महिलाओं ने बढचढ कर भाग लिया।

16 से 30 वर्ष की 100 मीटर दौड़ में प्रथम लक्ष्मी, द्वितीय परवीन बानो तीसरे तीसरे स्थान पर दीपांशी विजयी रही। सभी विजेता न्याय पंचायत पीढ़ी की मूल निवासी थी। रस्सी कूद में प्रथम सावित्री देवी, द्वितीय प्रतिभा, तीसरे स्थान पर प्रीति रही। लंबी कूद में प्रथम रिया, द्वितीय परवीन बानो, तृतीय पुष्पा खालिसपुर रही। रस्साकशी में कृतिका, स्वाती, यशस्वी, पलक की टीम विजई रही। महिला पैदल चाल 200 मीटर में प्रथम रही रेनू पूरे बाबा महमदपुर, द्वितीय स्थान पर सुनीता मौर्य, तीसरे स्थान पर रेखा खालिसपुर रही। कुर्सी दौड़ में पहले स्थान पर सुनीता, दूसरे स्थान पर महमदपुर की रेखा और तीसरे स्थान पर रेखा खालिसपुर रही। नींबू दौड़ में प्रथम शकुंतला ब्रहमनी, रेनू द्वितीय, तृतीय सावित्री महमदपुर रही। मटका फोड़ में प्रथम शिवपरी ब्रहमनी व द्वितीय देवपति फुरसतगंज रही। विजेताओ को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान गीता तिवारी, राम नाथ भारती, उमा शंकर तिवारी, दुखी लाल, राम कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।


रस्साकशी प्रतियोगिता में जोर आजमाईश करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### केंद्रीय मंत्री से अमेठी की जनता करना चाहती है खुली बहसः दीपक सिंह

**अमेठी, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी के पूर्व एमएलसी ने एक पत्र जारी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर कहा है कि अमेठी सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से खुली बहस करना चाहती है। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने पत्र जारी कर वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर कहा है कि अमेठी सांसद व केंद्रीय स्मृति ईरानी ने मोदी जी और राहुल जी के बीच बहस करने की इच्छा प्रकट की थी। लेकिन शायद उन्हें नहीं जानकारी है कि राहुल जी पहले ही मोदी जी को बहस की चुनौती दे चुके हैं। दीपक सिंह ने कहा कि यह भरोसा देता हूं कि मंहगे सिलेंडर, आपके 13 रुपये किलो चीनी वाले वादे, बेरोजगारी, पेपर लीक, मंहगाई, भाजपा से आई भ्रस्टाचारी नेताओं की बाढ़ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर बहस के दौरान नहीं लाऊंगा। बहस सिर्फ अमेठी के हित और विकास, आपके सांसद और महिला एवं बाल विकास मंत्री के तौर पर अमेठी में जो विकास अवरुद्ध हुआ है, वहीं तक केंद्रित रहूंगा, हिम्मत साथ दे तो समय और स्थान बता दीजिएगा।

## एक्सप्रेस वैन को एडीएम ने किया रवाना


एक्सप्रेस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एडीएम अर्पित गुप्ता।

**अमेठी, अमृत विचार :** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत स्वीप योजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा भेजी गई मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को मंगलवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (वि.रा.) अर्पित गुप्ता ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में उक्त मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों रणंजय इंटर कॉलेज गौरीगंज प्रांगण, सगरा तिराहा अमेठी, रणवीर रणंजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अमेठी, अंबेडकर तिराहा अमेठी, धम्मौर रोड पर परितोष तिराहे तक, एचएएल कोरवा, मुंशीगंज चौराहा, मुसाफिरखाना तहसील प्रांगण, खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदीशपुर प्रांगण, बीएचईएल, विधानसभा तिलोई के सिंहपुर विकासखंड के इन्हौना चौराहा, तिलोई बस स्टॉप, मोहनगंज, शाहमऊ, बहादुरपुर चौराहा, जायस कस्बा, विकास भवन गौरीगंज अमेठी में संचालित रहकर मतदाता जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन करेगी।

# व्यक्ति को कुसंग से दूर और सत्संगतोन्मुखी होना चाहिए

संवाददाता अमेठी

**अमृत विचार:** व्यक्ति को कुसंग से दूर और सत्संग की ओर ध्यान देना चाहिए। अमेठी के भेटुआ ब्लॉक के गोवर्धनपुर निवासी संतोष सिंह के यहां चल रही 9 दिवसीय श्री राम कथा के 7वें दिन मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक राम कथा मर्मज्ञ आचार्य शान्तनु जी महाराज ने श्रद्धालुओं को राम कथा रस पान कराते हुए ये बात कहीं।

उन्होंने कहा कि एक क्षण की भी कुसंगति व्यक्ति के जीवन को बर्बाद कर सकती है। मंथरा के बारे में बताते हुए कहा कि मंथरा कुसंग है और साथ ही दहेज का सामान इन दोनों से बचना ही चाहिए। कुसंग का फल बहुत भयानक होता है। कुसंग को कभी छोटा नहीं समझना चाहिए। उन्होंने मंथरा के उदाहरण के साथ ही बताया कि षड्यंत्रकारी को सब जानकारी रहती हैं। मंथरा जब षडयंत्र रचने आई तो उसे महराज दशरथ द्वारा कैकेयी को दिए गए दो वरदान के वचनों की जानकारी थी। उन्होंने कहा कि वह कैकेयी मां जो भारत को राम से ज्यादा प्यार करती थीं वह इतनी निष्ठुर हो गईं कि उन्होंने भगवान के वन जाने जैसे महराज दशरथ के प्राणघातक वरदान को मांगने में संकोच न किया। उन्होंने कहा इस देश की माताओं की छाती में वह शक्ति है और क्षमता है वह पराक्रम है सहनशीलता है जो इस देश की धर्म संस्कृति परंपराओं को जीवित रखी है। कौशल्या माने एक प्रकार से पारिवारिक एकता का संकेत किया है कि मां के प्रति भगवान राम को भड़काया नहीं, अपितु मां का दर्जा दिया है और मां और पिता यदि दोनों की आज्ञा तो तुझे जाना चाहिए। श्रृंगवेरपुर घाट पर निषादराज से मिलन और संवाद के साथ कथा का विराम हुआ। बता दें कि कथा अगले दो दिन यानी गुरुवार तक चलेगी।

### भक्तों के विश्वास की प्रभु स्वयं करते हैं रक्षाः व्यास अलोकानंद

**बाजारशुक्ल, अमेठी, अमृत विचार :** नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की के जयघोष के साथ सोमवार को पन्ही में चल रही श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव पर बैंड-बाजे के साथ नन्हे बालक श्रीकृष्ण के रूप में सजाए गए थे। वासुदेव के रूप में बालक को सिर पर उठा कर लाए। भगवान श्रीकृष्ण को पालने में झुलाया और भक्तों ने भगवान का आशीर्वाद लिया। भगवान कृष्ण के जन्म व कृष्ण लीलाओं का सुंदर वर्णन कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। जन्मोत्सव में भक्त झूम कर नाचे और प्रसाद के रूप में सोठौरा प्रसाद बंटवाया। भक्त और भगवान के बीच विश्वास की डोर है और भक्तों के विश्वास की रक्षा भगवान स्वयं करते हैं। भगवान जब भक्तों के भक्ति प्रेम समर्पण देखते हैं तो स्वयं दौड़े चले आते हैं। यह बात ग्राम सभा मांझ गांव के पन्ही में शर्मा परिवार चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह परायण यज्ञ के चौथे दिन अयोध्या से पधारे कथा व्यास अलोका नंद व्यास ने भक्त प्रहलाद के चरित्र की कथा कहते हुए कही। अलोका नंद व्यास जी ने भक्त प्रहलाद की कथा को विस्तार से सुनाते हुए कहा कि जब भक्तों के अंदर विश्वास, अनुराग और समर्पण का भाव होता है, तब ईश्वर क्षण भर भी भक्तों को प्रतीक्षा नहीं कराते और भक्त को दर्शन देते हैं। उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप प्रहलाद को खंभे में बांधकर मारने की कोशिश किया तो भगवान विष्णु ने नृसिंह का अवतार लेकर हिरण्यकश्यप को मारकर भक्त और भगवान के इस विश्वास को साबित किया। व्यास जी ने कहा कि भगवान भक्त के वश में होते हैं तो बहुत सारी लीलाओं का दर्शन कराते हैं। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम वामन अवतार कृष्ण अवतार के चरित्र को बहुत ही विस्तार से सुनाया। यजमान राम अभिलाष शर्मा, बसंत शर्मा, विजय शर्मा अध्यापक, आशीष शर्मा अध्यापक, अजय शर्मा बीडीसी, राजन सिंह वकील, जयसिंह प्रधान, श्याम सांवले पांडे समेत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान कर पुण्यलाभ अर्जित किया।

# नशे में महिला के घर पहुंचे दरोगा हंगामा होने पर टोपी छोड़ भागे

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार :** जामो थाना क्षेत्र में एक गांव की दलित महिला ने वहां के थाना प्रभारी सहित कुछ सिपाहियों पर उससे अभद्रता करने, उसके व बेटी से मारपीट करने, वीडियो बनाने पर मोबाइल छीनने और दुष्कर्म की कोशिश करने का आरोप लगाया है। घर में बेटी के साथ अकेली मौजूद महिला ने बताया कि पति एक मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। पड़ोसी के घर दरोगा और सिपाही ने शराब पी और पार्टी की। उसके बाद अकेले पाकर छेड़छाड़ की। हो-हल्ला सुन ग्रामीण बढ़ते देख दरोगा दुम दबाकर खिसक लिए। इस दौरान दरोगा की टोपी महिला के हाथ में ही छूट गई। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच एक पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) को सौंपी है। अमेठी के पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित महिला ने उन्हें जन सुनवाई में शिकायती पत्र दिया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पूरे मामले की जांच गौरीगंज के सीओ मयंक द्विवेदी को सौंपी गई है। एसपी ने कहा कि जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसके गांव के एक व्यक्ति के घर जामो थाना के प्रभारी निरीक्षक एवं कुछ अन्य सिपाहियों ने शराब पीने के बाद 3 मार्च की रात करीब 11 बजे जबरन उसके घर में घुस गए और निरीक्षक के साथ पुलिसकर्मियों ने बदसलूकी की। शोर-शराबा सुन बेटी बचाने और वीडियो बनाने लगी तो पुलिसकर्मियों ने मोबाइल छीन लिया। मारपीट करने का आरोप भी लगाया है। जब ग्रामीण इकट्ठा होने लगे तो पुलिसकर्मी दुम दबाकर वहां से खिसक लिए। इस दौरान दरोगा की टोपी महिला के हाथ में ही छूट गई। जन सुनवाई के दौरान दलित महिला ने हाथ में दरोगा की टोपी लिए पुलिस अधीक्षक के पास पहुंची। गांव के लोग दौड़े और दरोगा अपनी टोपी छोड़कर भाग निकले।

# विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित करेंगी स्मृति ईरानी

**अमेठी, अमृत विचारः** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति ईरानी 6 मार्च को संसदीय क्षेत्र की महिलाओं के लिए गांव-गांव आयोजित हुए सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को अलग-अलग पांचों विधान सभा क्षेत्रों में पहुंचकर सम्मानित करेंगी। वहीं अमेठी में महिलाओं के सम्मान के साथ करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास भी करेंगी।



केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि दीदी स्मृति आज सुबह 10 बजे सलोन विधान सभा क्षेत्र में सांसद महिला खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को नगर के विशाल टाकीज के करीब मैदान में पुरस्कार वितरण करेंगी। दोपहर 12 बजे वह तिलोई विधान सभा क्षेत्र की महिला प्रतिभागियों को खेल का मैदान रमई में पुरस्कृत करेंगी। 1:15 बजे जगदीशपुर के मन्नत मैरिज लान, रामलीला मैदान के बगल आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचेंगी। ढाई बजे गौरीगंज के मनीषी महिला महाविद्यालय में विधान सभा क्षेत्र के विजयी प्रतिभागियों के बीच पहुंचेंगी।


## कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली

पत्रांक :– 1595/न0प0प0/पी0एम0 स्वनिधि/2023–24 दिनांक : 04.03.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली, में वर्ष 2023–24 में ''पी0 एम0 स्वनिधि योजना'' के अंतर्गत सामाजिक आर्थिक रूप रेखा (Socio Profiling of PM Svanidhi Beneficiaries) की प्रोफाइलिंग कार्य हेतु दक्ष संस्था या फर्मो से ऑफ लाइन विधि के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गए कार्यो हेतु निविदायें दिनाँक 11/03/2024 को अपरान्ह बजे 2:00 तक कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिनांक को अपरान्ह 2:30 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जाऐंगी, जिसके निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 11/03/2024 को दोपहर 1.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली से निर्धारित मूल्य जमा कर प्राप्त किये जा सकते है। अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली को पूर्ण अधिकार होगा कि किसी अथवा समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये अस्वीकृत कर दे। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदा की कार्यवाही अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जाएगी। निविदा के सम्बन्ध में विश्तृत शर्तो एवं विवरण की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित पटल से प्राप्त की जा सकती है कार्य का विवरण निम्न्वत हैं –

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | आगणन की धनराशि जी0एस0टी0 सहित | धरोहर राशि | टेंडर का मूल्य 18% GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | पी0 एम0 स्वनिधि योजना के लाभार्थियों एवं उनके परिवारों की आर्थिक रूपरेखा, आवास अन्य संपत्ति स्वास्थ्य योजनाओ से आच्छादन विकलांगता की स्थिति शिक्षा कौशल रोजगार इत्यादि तथा अन्य प्रसांगिक श्रेत्रो से सम्बंधित सूचनाओं के सर्वे कार्य। IEC Activities like installation of hording banners etc. Mobilization Of vendors, imparting of Training To data collectors. Local Transport, Any other expenditure related to programme. | 5,00,000.00 | 10,000 | 500+90=590.00 | 01 माह या कार्य पूर्ण होने तक |

निविदा हेतु शर्ते–
1– सशर्त/ कटिंग/ओवरराइटिंग निविदा मान्य नहीं होगी और स्वत: निरस्त समझी जाएगी।
2– 10 रु के एकल गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निवीदा दाता का न तो कोई अपराधिक रिकॉर्ड है और न ही किसी गैर सरकारी संस्था में पंजीकृत है, इस आशय का शपथ पत्र निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा।
3– उपरोक्त कार्य को कराये जाने हेतु दक्ष संस्था को अनुभव प्रमाण पत्र सलग्न करना अनिवार्य करना होगा
4– निविदा प्रपत्र के साथ उपरोक्त कार्य करने हेतु 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि नकद, एन.एस.सी./ एफ.डी.आर./ के रूप में अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ, रायबरेली के नाम बंधक होगा , को सलग्न करना अनिवार्य होगा।
5– अनुबंध हेतु शासन द्वारा निर्धारित दर पर स्टाम्प पेपर देय होगा।
6– निविदा कोई बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत डलमऊ रायबरेली को होगा।
7– भविष्य न्यायालय के आदेशों के क्रम में अतिरिक्त स्टाम्प पेपर फर्म/ठेकेदार द्वारा देय होगा।
8– बिल के नियमो अनुसार करो आदि की कटौती।
9– शासन निदेशालय द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत डलमऊ
रायबरेली

अध्यक्ष
नगर पंचायत डलमऊ
रायबरेली

## एक नजर

### सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सूचना आयोग के पदों पर नियुक्ति के लिए समिति गठित हो गयी है। प्रमुख सचिव, प्रशासनिक सुधार के. रविंद्र नायक द्वारा अवगत कराया गया है कि राज्यपाल द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-15 की उपधारा (3) के अन्तर्गत उप्र. सूचना आयोग में राज्य मुख्य सूचना आयुक्त के एक पद और राज्य सूचना आयुक्त के 10 पदों पर चयन की संस्तुति देने के लिए समिति गठित की गई है। इस समिति के अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे। जबकि दो अन्य सदस्यों में विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना शामिल हैं।

### 9 से शुरू हो सकती हैं पांच जिलों के लिए उड़ान सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद सहित पांच जिलों के लिए 2 मार्च से शुरू होने वाली उड़ान सेवाओं को स्थगित कर दिया गया। अब इन्हें 8 या 9 मार्च को शुरू किया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उड़ान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने की घोषणा हुई थी।

# अनपरा में 800 मेगावाट की दो इकाइयों को मंजूरी

**50** महीनों में तैयार हो जाएगी पहली यूनिट

**56** महीनों में क्रियान्वित होगी दूसरी यूनिट

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में हुए थे एमओयू

**मंत्रिमंडल बैठक**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्य सरकार ने मंत्रिमंडल की बैठक में मंगलवार को बड़ा निर्णय लेते हुए अनपरा में एनटीपीसी की मदद से 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बताया कि 2023 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एनटीपीसी के साथ दो बड़े एमओयू किए गए थे। इसमें ओबरा डी में 800 मेगावाट की दो इकाइयां लगाने के प्रस्ताव को पिछले वर्ष ही मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है और अब अनपरा में भी 800 मेगावाट के दो प्लांट एनटीपीसी की मदद से लगाए जाएंगे।

राज्य सरकार और एनटीपीसी के बीच 50-50 प्रतिशत की सहभागिता के साथ यह प्रोजेक्ट आगे बढ़ेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ है और इसकी पहली यूनिट लगभग 50 महीनों में तैयार हो जाएगी, जबकि दूसरी यूनिट 56 महीने में क्रियान्वित हो जाएगी। इसमें 30 प्रतिशत इक्विटी होगी, जो राज्य सरकार और एनटीपीसी आपस में वहन करेंगे, जबकि 70 प्रतिशत ऋण लेकर इसको क्रियान्वित किया जाएगा। कोयला एनसीएल से लिया जाएगा, जो नजदीक में है। इससे सस्ती बिजली मिलने का रास्ता साफ होगा।



मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी व अन्य मंत्री। अमृत विचार

- प्रोजेक्ट की कुल कीमत 8624 करोड़ रुपये
- 416.34 करोड़ से बनेगा मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब

**नोएडा में बोडाकी मल्टी मॉडल हब परियोजना का होगा विस्तारः** नोएडा से ग्रेटर नोएडा सफर करने वाले लाखों यात्रियों के लिए खुशखबरी है। अब नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेटर नोएडा के जैतपुरा डिपो तक चलने वाली मेट्रो अब बोड़ाकी तक दौड़ेगी। कैबिनेट ने 416.34 करोड़ से एमएमटीएच (मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब) परियोजना हेतु ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट हब साइट तक एनएमआरसी की मौजूदा एक्वा लाइन का 2.6 किमी विस्तार के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए जल्द ही टेंडर निकाला जाएगा।

प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दादरी और बोड़ाकी के आसपास से नोएडा-ग्रेटर नोएडा के बीच सफर करने वाले लाखों यात्रियों को आसानी होगी। ग्रेटर नोएडा के बोड़ाकी में मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब का बनना है। यहां पर रेल, मेट्रो, अंतर्राज्यीय बस अड्डा और स्थानीय ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं विकसित होंगी। इसके बनने से पूर्व की ओर जाने वाली अधिकतर ट्रेनें यहीं से चलेंगी। ग्रेटर नोएडा और उसके आसपास रहने वालों को पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल के लिए ट्रेनें यहीं से मिल जाएगी। उन्हें दिल्ली, नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं, अंतरराज्यीय और लोकल बस अड्डा बनेगा।

### इनको भी मिली मंजूरी

- कुशीनगर में महात्मा गौतमबुद्ध कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को ईपीसी मोड में निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी, 434 करोड़ 60 लाख से दिसंबर 2026 तक निर्माण करने का लक्ष्य।
- जनपद पीलीभीत मेडिकल कालेज में नए नर्सिंग कॉलेज स्थापना हेतु 4500 वर्ग मीटर भूमि का चिकित्सा शिक्षा विभाग को नि :शुल्क हस्तांतरण ।
- लखनऊ के केजीएमयू में जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन निर्माण, 377 करोड़ की लागत से निर्माण होगा, शिक्षण, प्रशिक्षण व चिकित्सा तीनो कार्य होंगे।
- पॉवर कॉर्पोरेशन के घाटमपुर में 660 मेगावाट सुपर क्रिटिकल पॉवर की 3 यूनिट हेतु स्टाम्प ड्यूटी व रजिस्ट्रेशन में फीस छूट।
- जनपद लखनऊ में आउटर रिंगरोड के अंडर पास से पीएम मित्र टेक्सटाइल्स पार्क तक 4 लेन निर्माण (14.28 किमी)।
- आईआईएम लखनऊ से आउटर रिंग रोड अंडर पास हेतु 8.4 किमी के दो लेन चौड़ीकरण।
- उप्र राज्य आबकारी बकाया पर एक मुश्त समाधान योजना 2023-24 का प्रस्ताव।
- आगरा में पेयजल परियोजना हेतु रिवाइज्ड कॉस्ट को लेकर प्रस्ताव को मंजूरी।

### इन प्रस्तावों पर भी लगी मुहर

- नजूल भूमि के सम्बंध में प्रस्ताव को मंजूरी दी गई, इससे अब नजूल भूमि किसी निजी व्यक्ति या संस्था को आवंटित नही की जाएगी, केवल सरकारी कार्ययोजना हेतु इसका आवंटन होगा, इसको अध्यादेश के रूप में लाया जाएगा। नजूल भूमि को फ्री होल्ड करने के लिए जिन लोगों ने पहले से धनराशि जमा की है उन्हें उनकी रकम ब्याज सहित वापस कर दी जाएगी।
- मातृभूमि अर्पण योजना को मंजूरी दी गई। इससे विदेश में रहने वाले लोग अपने गांव या शहर में सामुदायिक उपयोग के लिए विकास कार्य करवा सकेंगे। 40 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार देगी, 60 प्रतिशत प्रवासी देगें। इससे नगरीय विकास को मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री इसकी गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष होंगे।
- कृषि क्षेत्र ने अनुसंधान हेतु प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर बनेगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा।
- आयुर्वेद निदेशालय, यूनानी निदेशालय, होमियोपैथी निदेशालय व उत्तरप्रदेश आयुर्वेदिक यूनानी एवं तिब्बती चिकित्सा पद्धति बोर्ड व उत्तरप्रदेश होमियोपैथी मेडिसिन बोर्ड (उक्त तीनो निदेशालय और दोनों बोर्ड) अब संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। इसके लिए नया पद सृजित किया जाएगा।
- मथुरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गुण अनुसंधान संस्थान के शिक्षकों-कार्मिको को केंद्रीय वेतनमान की संस्तुतियों के आधार पर पुनरीक्षित वेतनमान एरियर भुगतान को मंजूरी, 2016 से 2019 तक के भुगतान का रास्ता साफ।
- यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित अंतराष्ट्रीय फ़िल्म सिटी फेज़ वन निर्माण हेतु ई टेंडर माध्यम से हायर बिडर का चयन किया गया, फेज़ 1 की अनुमानित लागत 1510 करोड़, हायर बिडर को लेटर ऑफ कंफर्ट निर्गत किए जाने का अनुमोदन।
- मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जाएगा।
- जनपद प्रयागराज में वीवीआईपी गेस्ट हाउस प्रस्ताव को मंजूरी, सिविल लाइंस क्षेत्र की 10,000 वर्गमीटर नजूल भूमि (नजूल भूखण्ड संख्या 112) राज्य संपत्ति विभाग पक्ष को हस्तांतरित किए जाने को मंजूरी।
- शराब बिक्री के नियमों में संशोधन को भी मंजूरी दी गई है। इसके जरिए विदेशी शराब को भरने की बोतलों की नियमावली-2020 के संशोधन का प्रस्ताव पास ।
- आयुष डीजी पद को मंजूरी। सचिव स्तर के आईएएस अफसर को मिलेगी तैनाती। आयुष महानिदेशक के अधीन होंगे विभाग के तीनों निदेशालय और दोनों बोर्ड।

# ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी से बढ़ेगा स्टार्टअप

- पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी के तहत राज्य सरकार प्रदेश में स्टार्टअप को बढ़ावा देगी। इसके अंतर्गत उद्योग लगाने वालों को तमाम तरह के लाभ और प्रोत्साहन मिलेंगे। खासतौर पर अधिकतम 25 लाख रुपये प्रतिवर्ष प्रति स्टार्टअप पांच वर्षों तक वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करेगी। इसके अतिरिक्त इंक्यूबेटर को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। पांच वर्षों में एक लाख 20 हजार रोजगार सृजन का लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि राज्य कैबिनेट ने मंगलवार को ही ग्रीन हाइड्रोजन पॉलिसी को मंजूरी दी है। ग्रीन हाइड्रोजन नीति के संचालन में यूपीनेडा नोडल एजेंसी होगी। ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की स्थापना के लिए 30 वर्ष अवधि हेतु ग्राम समाज, सरकारी भूमि पर लीज पर भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। सार्वजनिक क्षेत्रों के लिए लीज का मूल्य एक रुपए प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा तथा निजी निवेशकों के लिए यह 15 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष होगा।

यह भूमि अस्थानांतरणीय होगी और यदि आवंटन होने के तीन वर्ष की समयावधि में भूमि ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं हेतु उपयोग में नहीं लाई जाती है तो भूमि अनिवार्य रूप से वापस ले ली जाएगी। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के तहत यूपीनेडा द्वारा सिंगल विंडो पोर्टल को निवेश मित्र से इंटरलिंक किया जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को पर्यावरण अनापत्ति हेतु व्हाइट कैटेगरी स्टेटस प्रदान किया जाएगा। प्रदेश सरकार भूमि बैंक एवं जल की उपलब्धता हेतु आंकड़े तैयार करेगी एवं संभावित निवेशकों को आवश्यकतानुसार भूमि, जल एवं विद्युत पारेषण त्रंत उपलब्ध करवाने में सहयोग प्रदान करेगी।

### दो सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की भी होगी स्थापना

ग्रीन हाइड्रोजन एवं इसके उत्पादों की उत्पादन लागत घटाने एवं नवीनतम तकनीकी विकास हेतु 2 सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी, जिसमें शासकीय शैक्षणिक संस्थानों को शतप्रतिशत एक मुश्त वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में अधिकतम 50 करोड़ रुपये तक दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा समय समय पर उपलब्ध कराए गए प्रोत्साहन इस नीति के प्राविधानिक प्रोत्साहन के अतिरिक्त माने जाएंगे एवं अनुमन्य होंगे। प्रदेश में वर्ष 2028 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ग्रीन अमोनिया एक मिलियन मीट्रिक टन प्रतिवर्ष उत्पादन क्षमता का लक्ष्य है। कुल 5 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय प्राविधान इस नीति के क्रियान्वयन में किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि पर सुरक्षा रखें चाक-चौबंद: डीजीपी

- कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में न हो किसी प्रकार की लापरवाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रदेश सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम को लेकर चाक-चौबंद सुरक्षा इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया है। इस बाबत मंगलवार को सभी एडीजी जोन, पुलिस कमिश्नर, आईजी रेंज और जिलों के पुलिस कप्तानों से कहा कि सभी थाना क्षेत्रों में महाशिवरात्रि कार्यक्रम के आयोजकों, शांति समितियों, शिविर प्रबंधकों आदि के साथ वरिष्ठ अधिकारी संवाद बनाकर रखें। उन्होंने कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने को ताकीद किया है।

डीजीपी ने निर्देश दिया है कि जलाभिषेक के लिए प्रस्तावित धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत समुचित पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाय तथा आवश्यकतानुसार एण्टी सेबोटॉज चेकिंग करायी जाय। क्यूआरटी टीमों को स्ट्रेटेजिक प्वाइंट पर तैयारी हालत में रखा जाये। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर कांवड़ यात्रियों के आवागमन के मार्गो, संवेदनशील मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाये तथा सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के लिए प्रर्याप्त पुलिस प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर राहत के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।रात्रि में किसी भी कांवड़ यात्रियों के साथ कोई मार्ग दुर्घटना न हो, इसके लिए विशेष पुलिस प्रबन्ध किये जाये।

# आगरा मेट्रो रेल परियोजना का पीएम मोदी आज करेंगे लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** आगरा मेट्रो रेल प्रोजेक्ट का लोकार्पण बुधवार 06 मार्च की सुबह 10 बजे कोलकाता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ताजमहल मेट्रो स्टेशन से आगरा मेट्रो को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

वे ताजमहल मेट्रो स्टेशन से ताज ईस्ट गेट मेट्रो स्टेशन तक आगरा मेट्रो में सफर करेंगे। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो सेवा का संचालन शुरू हो जाएगा। यूपी मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) के उप महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मित्र ने बताया कि कुल लागत 8,379 करोड़ की आगरा मेट्रो परियोजना में 973 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। मेट्रो में बेहतरीन ब्रेक सिस्टम है। इससे विद्युत का उत्पादन होगा। आगरा मेट्रो के प्रथम कॉरिडोर में कुल 14 स्टेशन है। जिनमें से प्रायोरिटी कॉरिडोर के 6 स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। जिनमें ताज पूर्वी गेट, कैप्टन शुभम गुप्ता, फतेहाबाद रोड मेट्रो स्टेशन एलिवेटेड है और ताजमहल, आगरा किला और मनःकामेश्वर मेट्रो स्टेशन भूमिगत हैं। अभी इन 6 मेट्रो स्टेशन के बीच में ही आगरा मेट्रो ट्रेन का संचालन किया जाएगा। सात मार्च से आम जनता आगरा मेट्रो ट्रेन में सफर कर सकेगी। इसके लिए उन्हें 10 रुपये से 30 रुपये तक प्रति यात्री किराया देना होगा।

# चुनाव में क्षेत्रीय-जातिगत समीकरण साधने का विस्तार

- विस्तार के बाद अब भी मंत्रिमंडल में खाली हैं पांच सीटें
- कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य बनाए जा सकते हैं मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव से ठीक पहले उप्र. मंत्रिमंडल विस्तार को क्षेत्रीय और जातिगत समीकरणों को भी साधने की नजर से देखा जा रहा है। दरअसल, लंबे समय से मंत्रिमंडल विस्तार टलता रहा है लेकिन अब लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने से ठीक पहले भाजपा इस मंत्रिमंडल विस्तार के जरिए अपने सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है।

हालांकि, विस्तार के बाद अब उप्र. मंत्रिमंडल में सिर्फ पांच सीटें खाली हैं। नियम के मुताबिक, किसी भी राज्य में विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 फीसदी सदस्य मंत्री बनाए जा सकते हैं। उप्र. विधानसभा में 404 सदस्य होते हैं। इस हिसाब से राज्य में 61 मंत्री बनाए जा सकते हैं।

इससे अभी कयास ये भी लगाये जा रहे हैं कि लोकसभा चुनावों के परिणामों को देखते हुए एक बार मंत्रिमंडल में विस्तार किया जा सकता है।

### अनिल कुमार के पीछे सामाजिक समीकरण

हाल ही में सपा का साथ छोड़ कर एनडीए के साथ आयी रालोद के भी एक विधायक को मंत्री बनाए जाने के पीछे सामाजिक समीकरणों को साधना है। सहारनपुर के रहने वाले अनिल कुमार मुजफ्फरनगर की पुरकाजी सीट से रालोद के विधायक हैं। राजभर और दारा सिंह की तरह अनिल कुमार भी पहले बसपा में थे। अनुसूचित जाति के वोटों को साधने के अनिल कुमार को मंत्री बनाने की पहल की गई है

### राजनाथ और योगी के करीबी हैं सुनील शर्मा

मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले सुनील शर्मा साहिबाबाद से भाजपा के विधायक हैं। तीन बार से विधायक बन रहे शर्मा की गिनती ब्राह्मण नेताओं की जाती है। उन्हें योगी के अलावा राजनाथ सिंह का भी करीबी माना जाता है। साल 2022 के चुनाव में सुनील शर्मा ने रिकॉर्ड 2 लाख से ज्यादा मतों के साथ जीत दर्ज की थी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जातीय समीकरण साधने की कड़ी में सुनील शर्मा को भी मंत्री बनाया गया है।

### ओपी राजभर संभालेंगे पूर्वांचल के कई जिले

फिलहाल मंगलवार को कैबिनेट में शामिल चार नये चेहरों पर चर्चा की जाए तो इनके माध्यम से चुनाव के दौरान कई क्षेत्रों में सामाजिक समीकरणों को साधने की मंशा सामने आती है। राजनीतिक नजरिए से देखा जाए तो गाजीपुर के जहूराबाद विधानसभा से विधायक ओमप्रकाश राजभर को मंत्रीमंडल में शामिल कर पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में राजभर बिरादरी को साधने की कोशिश की गई है। विधानसभा चुनाव में राजभर सपा के साथ थे, इससे गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, अम्बेडकरनगर सहित इस क्षेत्र में भाजपा को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा था। राजभर काफी दिनों से मंत्रीमंडल में शामिल होना चाह रहे थे। लोस चुनाव से पहले राजभर को मंत्री बनाकर भाजपा पूर्वांचल की सीटों पर अपनी पकड़ मजबूत बनाने की कोशिश में है।

### उप चुनाव में हारने के बावजूद दारा बने मंत्री

इसी तरह लोस. चुनाव में नोनिया चौहान समाज को साधने के लिए भाजपा ने दारा सिंह चौहान को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। दारा सिंह विस. चुनाव 2022 से पहले भाजपा छोड़कर सपा में शामिल हो गए थे। दारा सपा के टिकट पर घोसी से विधायक भी निर्वाचित हुए थे। लेकिन जुलाई 2023 में वह सपा विधायक पद से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हो गए। उसके बाद घोसी में हुए उप चुनाव में भाजपा ने दारा सिंह को प्रत्याशी बनाया जिसमें वह हार गए। बावजूद इसके सामाजिक समीकरणों का ध्यान रखते हुए भाजपा ने पहले उन्हें एमएलसी बनाया फिर अब मंत्री भी बना दिया। पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्र में करीब 40 लाख नोनिया चौहान मतदाता है। सरकार में इस समाज से एक भी मंत्री नहीं हैं।

## वर्ग पहेली-1

**बाएं से दाएं**

1. एक पौधा जिसकी जड़ औषधि के काम आती है।
3. 1. विरक्ति, अरुचि, वैराग्य 2. चाह या अनुराग का अभाव।
4. 1. छोटी-छोटी बातों पर अप्रसन्न होना, जल्दी नाराज़ होना, रूठ जाना 2. चिढ़ना, झल्लाना 3. झुंझलाना।
6. हरियालीयुक्त, हरीतिमा की आभा से युक्त।
8. साठ वर्ष की उम्रवाला।
9. 1. माया जाल 2. सांसारिक आकर्षण, ममता।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. झुरना 2. किसी का कमज़ोर हो जाना 3. सूखना।
3. विकल होने का भाव या अवस्था, अधीरता, बेचैनी, व्याकुलता।
5. 1. लेई जो न अधिक गाढ़ी और न अधिक पतली हो और जिसे चाटा जाए, चटनी, माजून 2. औषधि जिसे चाटा जाए।
6. हृष्टपुष्ट, ताकतवर, स्वस्थ, बलशाली।
7. भरण-पोषण करने वाला, पालक, पोषक।



### वर्ग पहेली - 362 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ख़ि | | | 2 अ | | 3 सं |
| ल | | | नि | | वि |
| 4 क | ट | चा | य | | धा |
| त | | | मि | | न |
| | | 5 वि | त | र | क |
| 6 पं | च | पि | ता | | |
| त | | न | | 7 झा | ल |

## सुडोकू -80

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 मार्च, बुधवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-दशमी 06.30 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 14.52 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष:** आज लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ सकता है। जॉब में उच्च अधिकारियों की सलाह लेना लाभकारी होगा। आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है।

**वृष:** आज आपकी रूखी बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। प्रेमी जन के साथ संवाद हीनता के कारण बात बिगड़ सकती है। बच्चों का मन पढ़ाई से उचट सकता है।

**मिथुन:** आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**कर्क:** आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनन्द लेंगे। इंटरव्यू आदि में सफलता मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी के मामलों में आपको सफलता मिलेगी। आपकी तर्क-शक्ति की लोग प्रशन्सा करेंगे।

**सिंह:** आज उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेना चाह रहे हैं तो दिन काफी शुभ है। भविष्य को लेकर योजना बनाते समय मित्रों और परिजनों से परामर्श लेना शुभ होगा। बच्चों को कार्यक्षेत्र में बड़ी सफलता मिल सकती है। धन से जुड़े मामलों की समस्या का समाधान होगा।

**कन्या:** आज सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट से जुड़े कार्यों में सावधानी रखें। रक्तचाप के रोगियों को परेशानी होने की संभावना है। माता का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है।

**तुला:** आज काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें एकदम से आपके सामने उभर के आयेंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे।

**वृश्चिक:** आज पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे। अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से समय बहुत अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी।

**धनु:** आज घर में मेहमानों का आगमन होने से आप प्रसन्न रहेंगे। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। धन के लेन-देन से आपको लाभ मिलेगा। लोग आपसे काफी अपेक्षायें रखे हुये हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे।

**मकर:** आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रूझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। निर्माण कार्य से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अवान्छित यात्रायें करनी पड़ सकती है।

**कुंभ:** आज बुद्धिमान लोगों की संगत आपके लिए लाभकारी होगी। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी प्रदर्शन करेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिन्ता हो सकती है।

**मीन:** आज परिस्थितियां धीरे-धीरे आपके पक्ष में होंगी। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में निर्मित होगी। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा।

## आज की फिल्में

B4U Movies
घातक — सुबह : 11.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

Sony Max
आंख मिचौली — सुबह : 10.11
दिल तो बच्चा है जी — शाम : 04.03

Sony Pix
एनाकोंडा — सुबह : 11.48
पैसिफ़िक रिम — दोपहर : 03.03

Zee Cinema
फोन भूत — सुबह : 10.50
बरसात — रात : 07.00

Colors Cineplex
देवदास — सुबह : 08.53
फोर्स 2 — रात : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- आज भी किसी मोहल्ले से निकलू तो सब लड़कों की नजर मेरे पर ही रहती है...
पति- इनकी परवाह न करो डार्लिंग, कबाड़ियों का मोहल्ला है।
उनकी नजर हमेशा कबाड़ पर ही रहती है।

साली- जीजा जी क्या आप मेरे लिए शेर को मार कर ला सकते हो?
जीजा- नो साली जी, कुछ और बताओ मैं तुम्हारे लिए और कुछ भी कर सकता हूं..
साली- क्या मैं तुम्हारा फेसबुक चेक कर सकती हूं
जीजा- कहां है वो शेर जिसके बारे में तुम बात कर रही थी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1110 डीएमओ 880 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

### बीते साल के सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने जारी किए आंकड़े

# बेरोजगारी दर घटकर 3.1 प्रतिशत पर आई

नई दिल्ली, एजेंसी

सांख्यिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन ने कहा है कि 15 साल या उससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो तीन साल का सबसे निचला स्तर है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की तरफ से मंगलवार को जारी आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण रिपोर्ट के मुताबिक, कैलेंडर वर्ष 2023 में देश की बेरोजगारी दर 3.1 प्रतिशत रही जबकि 2022 में यह 3.6 प्रतिशत और 2021 में 4.2 प्रतिशत रही थी। बेरोजगारी दर को श्रमबल (15 साल से अधिक उम्र वर्ग) में बेरोजगार लोगों के प्रतिशत के रूप में परिभाषित किया जाता है।

आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोविड महामारी का मार्च, 2020 में प्रसार शुरू होने के बाद से रोजगार की स्थिति सुधर रही है। महामारी पर काबू पाने के लिए लॉकडाउन लगाए जाने से आर्थिक गतिविधियां पूरी तरह ठप हो गई थीं। लेकिन केंद्र और राज्यों में लॉकडाउन हटाए जाने के बाद आर्थिक गतिविधियां तेज होने से स्थिति सुधरी है। सर्वेक्षण से पता चला कि महिलाओं के बीच बेरोजगारी दर भी 2023 में घटकर 3% पर आ गई।

वहीं महिला बेरोजगारी वर्ष 2022 में 3.3 प्रतिशत और 2021 में 3.4 प्रतिशत रही थी। इसी तरह पुरुषों के लिए बेरोजगारी का आंकड़ा 2022 में 3.7 प्रतिशत और 2021 में 4.5 प्रतिशत था लेकिन पिछले साल यह घटकर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी की कुल दर में भी वर्ष 2023 में गिरावट आई और यह 5.2 प्रतिशत पर आ गई। वर्ष, 2022 में शहरी बेरोजगारी दर 5.7 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 2021 में यह 6.5 प्रतिशत थी। इसी तरह, ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 2022 के 2.8 प्रतिशत और 2021 के 3.3 प्रतिशत से घटकर बीते साल 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

### देश में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ी



कारोबारी गतिविधियों, बिक्री और नौकरियों में नरमी के चलते भारत में फरवरी में सेवा क्षेत्र की वृद्धि सुस्त पड़ गई। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा व्यवसाय गतिविधि सूचकांक फरवरी में 60.6 रहा, जो इससे पहले जनवरी में 61.8 था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाता है। एचएसबीसी की अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा-भारत की सेवा पीएमआई से पता चलता है कि सेवा क्षेत्र में विस्तार की गति जनवरी के मुकाबले फरवरी में कम हो गई है। सर्वेक्षण के मुताबिक फरवरी में व्यावसायिक गतिविधि सूचकांक में कमी आई, लेकिन ऐतिहासिक रूप से यह मजबूत बना रहा। भारत में सेवा कंपनियों को विदेश से मिलने वाले नए कारोबार में लगातार तेरहवें महीने वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भविष्य की व्यावसायिक गतिविधि के लिए सेवा कंपनियों का पूर्वानुमान सकारात्मक रहा।

### सीसीआई जल्द ही एआई पर बाजार अध्ययन करेगा शुरू

**नई दिल्ली।** निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा। हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है।

कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे। इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है।

## कर्मचारियों की कमी से संकट में आ गईं मंडी समितियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 5111 पद के सापेक्ष 1760 बचे बरेली में ज्यादा परेशानी

**अमृत विचार:** जिलों की 251 मंडी समितियां और मंडी परिषद मुख्यालय कर्मचारियों की भारी कमी से जूझ रहा है। नई भर्ती न होना और बराबर सेवानिवृत्ति होने से मंडी समितियां संकट में हैं। तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी से मंडी शुल्क, शमन शुल्क, देयताओं की वसूली, मंडी कारोबार से लेकर कार्यालय के सभी कार्य प्रभावित हैं। स्थित यह है कि कुल 5111 में 1760 कर्मचारी ही बचे हैं। इन पर खाली पदों का भी बोझ है।

बरेली मंडल में ज्यादा दिक्कत है। यहां की सभी मंडियों में 448 स्वीकृत पदों पर 122 कर्मी बचे हैं। इनमें तृतीय श्रेणी के 184 में 33 व चतुर्थ श्रेणी 264 में 122 कर्मचारी हैं। दिसंबर तक कई सेवानिवृत्ति की कतार में हैं। कार्यों का संचालन बिगड़ने पर उप निदेशक (प्रशासन विपणन) बरेली ने मंडी परिषद मुख्यालय से कर्मियों को तैनात करने की मांग की है। निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि कर्मियों की भर्ती के लिए उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को अधियाचन भेजा जा चुका है। जल्द समाधान होगा।

मंडी परिषद मुख्यालय पर 30 प्रतिशत ही स्टॉफ बचा है। भर्ती न होने के कारण आउटसोर्सिंग से काम चल रहा है या फिर बचे कर्मियों के पास पटल व कार्य अतिरिक्त हैं। मुख्यालय पर भी कई कर्मी मार्च से सेवानिवृत्ति होने वाले हैं। वहीं, प्रदेश के कुल 5111 स्वीकृत पदों की बात करें तो इसमें तृतीय श्रेणी के 1678 पदों में 541 और चतुर्थ श्रेणी के 3433 में 1219 कर्मचारी कार्यरत हैं। 3551 कर्मचारियों की कमी है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 66,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 49,150-49,350 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,800 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,800 |
| चांदी आभूषण | 74,100। |

## पेटीएम पेमेंट्स बैंक संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने में रहा विफल

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय अधिसूचना इकाई ने लगाया है आरोप

पेटीएम पेमेंट्स बैंक धन शोधन रोधक कानून के तहत संदिग्ध लेनदेन का पता लगाने और उसकी सूचना देने के लिए एक आंतरिक व्यवस्था बनाने में विफल रहा। वित्तीय आसूचना इकाई (एफआईयू) ने अपने आदेश में यह बात कहने के साथ ही जोड़ा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक ने अपनी भुगतान सेवा में उचित जांच प्रक्रिया का पालन नही किया। उसने फिनटेक कंपनी पर 5.49 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया।

वित्तीय खुफिया जानकारी जमा करने वाली संघीय एजेंसी ने अपने एक मार्च के आदेश में कहा कि बैंक के खिलाफ ये आरोप चार से अधिक की जांच के बाद पुष्ट किए गए थे। इस संबंध में पेटीएम पेमेंट्स बैंक को 14 फरवरी, 2022 को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। उस समय केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने एफआईयू की कार्रवाई पर एक बयान जारी किया था। इसके बाद पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रवक्ता ने कहा था कि जुर्माना एक कारोबारी खंड से संबंधित है, जिसे पहले ही बंद कर दिया गया था।

### पंजाब सरकार ने पेश किया दो लाख करोड़ रुपये का बजट

**चंडीगढ़।** पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राज्य का दो लाख करोड़ रुपये से अधिक का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि बजट में मुख्य रूप से स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र पर ध्यान दिया गया है। चीमा ने बजट पेश करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आप (आम आदमी पार्टी) सरकार ने दो साल में 40,000 से अधिक नौकरियां दी हैं। कहा कि दो लाख करोड़ से अधिक के कुल वार्षिक परिव्यय में 13,784 करोड़ कृषि क्षेत्र के लिए और 16,987 करोड़ रुपये शिक्षा क्षेत्र के लिए रखे गए हैं।

## क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द बनेंगी लखपति : सीतारमण

छपरा, एजेंसी

- बिहार में कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में बोलीं वित्त मंत्री



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम से महिलाएं जल्द लखपति बनेंगी। सीतारमण ने मंगलवार को बिहार के जिला मुख्यालय सारण में क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में उनके द्वारा 61787 परिवार के बीच कुल 1349.52 करोड़ रुपये की राशि वितरित की गई। इ

सके माध्यम से प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री रोजगार योजना सृजन कार्यक्रम, स्टैंड अप योजना, कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर, प्रधानमंत्री स्वनिधि तथा जीविका सहित कुल नौ योजना के तहत लाभार्थियों को राशि वितरित की गई। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के तहत काम कर रहा है। इन योजनाओं से लाभान्वित होकर लखपति दीदी बहुत ही जल्द बन सकती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अभी तक महिलाओं के उत्थान और विकास के लिए जितने भी काम प्रारंभ किया है पूर्व में किसी भी प्रधानमंत्री के द्वारा यह काम नहीं किया जा सका है। श्रीमती सीतारमण ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।



# वे लोग मुझे कहते हैं मेरा परिवार ही नहीं है: मोदी

### तेलंगाना की रैली में विपक्ष पर बरसे प्रधानमंत्री, 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण

हैदराबाद, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि परिवारवाद की राजनीति के कारण प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान पहुंचता है जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में आयोजित एक रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विपक्ष पर निशाना साधते हुए बोले कि वे (कांग्रेस) लोग मुझे कहते हैं, मेरा परिवार ही नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि परिवारवाद लोकतंत्र के लिए खतरा है। पीएम मोदी ने आगे कहा मैं घोटाले का खुलासा करता हूं। उन्होंने कहा कि आपके इस प्यार को मैं तेलंगाना के विकास के रूप में दोगुना करके दूंगा।



नरेंद्र मोदी तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पटानचेरु में एक सार्वजनिक बैठक के लिए पहुंचते ही समर्थकों का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

नरेंद्र मोदी आज संगारेड्डी जिले में 7,200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद पटेलगुडा, पाटंचेरु स्थित एसआर इन्फिनिटी में आयोजित विजय संकल्प सभा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर अपने भ्रष्टाचार को छुपाने का आरोप लगाया और तीखी आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस की विरासत और परिवारवार की राजनीति की अवधारणा की निंदा करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाशाली व्यक्तियों को नुकसान उठाना पड़ता है, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलने में बाधाएं झेलनी पड़ती है। उन्होंने परिवार-आधारित पार्टियों के भीतर भ्रष्टाचार को उजागर करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इन पार्टियों के नेताओं में असुरक्षा की भावना व्याप्त हो गयी है। उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य दलों पर जनता के पैसों से खुद के लिए धनराशि के संचय की निंदा की। उन्होंने परिवारवाद की राजनीति करने वाली पार्टियों के पास लूट का लाइसेंस होने की वैधता पर सवाल उठाया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का किया शिलान्यास

**चंडीखोल (ओडिशा)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के जाजपुर जिले में 19,600 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नीत केंद्र सरकार प्राकृतिक संसाधनों से संपन्न पूर्वी भारत के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि हमारी सरकार विकसित भारत बनाने के लक्ष्य के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री ने जिन परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया, उनमें तेल और गैस, रेलवे, सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग तथा परमाणु ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं बिश्वेश्वर टुडु भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## टेलीविजन को पीछे छोड़ देगा डिजिटल मीडिया

नई दिल्ली, एजेंसी

- उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की संयुक्त रिपोर्ट में जताई गई उम्मीद




मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में इस साल डिजिटल मीडिया 75,100 करोड़ रुपये के अनुमानित आकार के साथ जल्द ही टेलीविजन को पीछे छोड़ सकता है। उद्योग मंडल फिक्की और ईवाई की मंगलवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट में यह कहा गया है।

देश के मीडिया और मनोरंजन (एम एंड ई) क्षेत्र में 2023 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 2.32 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके 2024 में 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने और 2026 तक तीन लाख करोड़ रुपये को पार करने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमें उम्मीद है कि एम एंड ई क्षेत्र 2024 तक 10.2 प्रतिशत बढ़कर 2.55 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। वहीं 2026 तक संचयी रूप से 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ यह 3.1 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगा। हालांकि, 2023 में टेलीविजन 69,600 करोड़ रुपये के साथ सबसे बड़ा खंड रहा। लेकिन 2022 में 70,900 करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 1.83 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि, 2023 में डिजिटल मीडिया 65,400 करोड़ रुपये को पार कर गया और 2024 में लगभग 75,100 करोड़ रुपये पहुंच जाने की उम्मीद है। यह टेलीविजन मीडिया के 71,800 करोड़ रुपये के आंकड़े से अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 में डिजिटल मीडिया लगभग 95,500 करोड़ रुपये का होगा। इसमें 2023-26 के बीच संचयी रूप से 13.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। वहीं टीवी मीडिया 76,600 करोड़ रुपये का होगा। यह डिजिटल मीडिया से करीब 20 प्रतिशत से कम होगा।

फिक्की मीडिया एवं मनोरंजन समिति के चेयरमैन केविन वाज ने कहा-डिजिटल मीडिया 2024 में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए तैयार है। यह संभवतः टेलीविजन क्षेत्र को पीछे छोड़कर एम एंड ई क्षेत्र का अग्रणी खंड बन जाएगा। अनुमान है कि डिजिटल मीडिया में इस उछाल के साथ एम एंड ई क्षेत्र की वृद्धि 10 प्रतिशत सालाना पहुंच जाएगी और यह 3.0 लाख करोड़ रुपये का पार कर जाएगा। इस मजबूत वृद्धि का कारण मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा, ओटीटी (ओवर द टॉप) मंचों को व्यापक रूप से अपनाना है।

## एक नजर

### डिप्टी सीएम शिवकुमार को न्यायालय से राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

### एसबीआई को ढाल बना रही है सरकार: खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉण्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। मुख्य विपक्षी दल ने यह सवाल भी किया कि बैंक को चुनावी बॉण्ड की जानकारी देने के लिये इतना समय क्यों चाहिए? एसबीआईने चुनावी बॉण्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय देने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया।

## केंद्र सेना की पदोन्नति की प्रक्रिया को करे स्पष्ट: उच्चतम न्यायालय

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया



उच्चतम न्यायालय ने केंद्र को निर्देश दिया कि वह सेना में पदोन्नति संबंधी सूची में पुरुष एवं महिला अधिकारियों को शामिल किए जाने की प्रक्रिया स्पष्ट करे। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी को इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की स्थिति के संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

इससे पहले महिला सैन्य अधिकारियों की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हुजेफा अहमदी ने महिला अधिकारियों को सूची में शामिल करने में भेदभाव होने का आरोप लगाया। उन्होंने पिछले साल तीन नवंबर को शीर्ष अदालत द्वारा पारित एक पूर्व आदेश का हवाला दिया और कहा कि इसमें उन सभी महिला अधिकारियों पर विचार की आवश्यकता है, जिन पर पहले के विशेष चयन बोर्ड 3बी (कर्नल के रूप में पदोन्नति के लिए) द्वारा विचार किया गया है। वेंकटरमणी ने कहा कि सूची में शामिल किए जाने की अवधारणा एक ही बैच के अधिकारियों के बीच तुलनात्मक योग्यता पर आधारित है। इसके समर्थन में, उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दायर नीति दस्तावेज पर भरोसा जताया और कहा कि जिन अधिकारियों को पहले ही पैनलबद्ध किया जा चुका है, उनके बारे में छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। हालांकि, जब नया विशेष चयन बोर्ड बुलाया गया है, तो पैनल में शामिल अधिकारियों और अन्य अधिकारियों का तुलनात्मक अध्ययन आवश्यक है। अहमदी ने उनकी दलीलों का विरोध किया और कहा कि पुरुष अधिकारियों को पैनलबद्ध करने के लिए इसी तरह की कवायद नहीं की गई थी। न्यायालय की पीठ ने दलीलों पर गौर करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 मार्च के लिए सूचीबद्ध की और अटॉर्नी जनरल से एक हलफनामा भी दाखिल करने का निर्देश भी दिया है।

## गलत बयानबाजी के चक्कर में फंसे द्रमुक सांसद ए. राजा

चेन्नई/नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा ने गिरफ्तारी की मांग की कांग्रेस ने उनके बयान निंदा की

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के सांसद ए. राजा के उस बयान से मंगलवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कथित रूप से कहा है कि भारत कभी एक राष्ट्र नहीं रहा बल्कि यह एक उपमहाद्वीप है जहां विभिन्न प्रथाएं और परंपराएं हैं। इस पर न केवल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बल्कि द्रमुक की सहयोगी कांग्रेस ने भी निंदा की है।

भाजपा ने द्रमुक नेता की टिप्पणी को 'विभाजन' का आह्वान बताते हुए उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। कांग्रेस ने भी कथित टिप्पणियों के लिए द्रमुक सांसद की आलोचना की और कहा कि बोलते समय उन्हें संयम बरतना चाहिए। यह विवाद विपक्षी दलों द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो के बाद उपजा है जिसमें राजा कथित रूप से उक्त टिप्पणी करते दिख रहे हैं। राजा की रामायण और भगवान राम को लेकर की गई कुछ टिप्पणियां भी राष्ट्रीय पार्टियों को पंसद नहीं आईं। राजा एक वीडियो में पार्टी द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित करते हुए दिख रहे हैं।

## माओवादी संबंध मामला : कोर्ट ने डीयू के पूर्व प्रोफेसर साईबाबा को किया बरी

**नागपुर।** बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने मंगलवार को माओवादी संबंध मामले में दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर जी. एन. साईबाबा को बरी कर दिया। अदालत ने उनकी उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। न्यायमूर्ति विनय जोशी और न्यायमूर्ति वाल्मीकि एस.ए. मेनेजेस की खंडपीठ ने मामले में पांच अन्य आरोपियों को भी बरी कर दिया। पीठ ने कहा कि वह सभी आरोपियों को बरी कर रही है क्योंकि अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ संदेह से परे मामला साबित करने में विफल रहा। इसने कहा-अभियोजन पक्ष आरोपियों के खिलाफ कोई कानूनी साक्ष्य या आपत्तिजनक सामग्री पेश करने में विफल रहा है।

### इस्तीफे के बाद अभिजीत ने भाजपा में शामिल होने का एलान किया

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से इस्तीफा देने के कुछ घंटों बाद अभिजीत गंगोपाध्याय ने मंगलवार को एलान किया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस ''भ्रष्टाचार का पर्याय'' है और वह मजबूती से लड़ेंगे। गंगोपाध्याय ने कहा, ''मैं संभवतः सात मार्च को भाजपा में शामिल हो रहा हूं। मैं भाजपा में शामिल हो रहा हूं क्योंकि यह बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ रही है।'' यह पूछे जाने पर कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे, गंगोपाध्याय इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया।

# सीबीआई करेगी ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच

कोलकाता, एजेंसी

**संदेशखालि मामला**

- कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच सीबीआई को सौंपी



कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पांच जनवरी को पश्चिम बंगाल के संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का मंगलवार को आदेश दिया। अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि हमले के सिलसिले में 29 फरवरी को पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख की हिरासत केंद्रीय एजेंसी को सौंपी जाए।

मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने निर्देश दिया कि निर्देशों का पालन मंगलवार को ही शाम 4.30 बजे तक किया जाए। ईडी और राज्य सरकार दोनों ने एकल पीठ के 17 जनवरी के उस आदेश को चुनौती देते हुए अलग-अलग अपीलें दायर कीं, जिसमें ईडी अधिकारियों पर उग्र भीड़ के हमले की जांच के लिए सीबीआई और राज्य पुलिस की एक संयुक्त विशेष जांच टीम (एसआईटी) के गठन का आदेश दिया गया था। यद्यपि ईडी चाहता था कि जांच केवल सीबीआई को हस्तांतरित की जाए, जबकि पश्चिम बंगाल सरकार ने अदालत से अनुरोध किया था कि इस मामले की जांच केवल राज्य पुलिस को दी जाए।

### सीबीआई ने बंगाल पुलिस से संपर्क किया

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर अपने हाथ में लेने के लिए मंगलवार को राज्य की पुलिस से संपर्क किया। अधिकारियों ने यहां यह जानकारी दी। सीबीआई की टीम तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख को हिरासत में लेने के लिए अर्द्धसैनिक बलों के साथ कोलकाता में सीआईडी के दफ्तर भी पहुंची है।

### बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया

पश्चिम बंगाल सरकार ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हुए हमले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने के लिये मंगलवार को शीर्ष अदालत का रुख किया। पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ के समक्ष इस मामले का उल्लेख किया और तत्काल सुनवाई की मांग की।

# सात्विक और चिराग, त्रिसा और गायत्री ने फ्रेंच ओपन में किया जीत से आगाज

**पेरिस, एजेंसी**

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मंगलवार को मलेशिया के ओंग यू सिन और टीओ ई यी के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के साथ फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 47 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 24-21 से जीत दर्ज की।

मलेशिया की जोड़ी के खिलाफ सात्विक और चिराग की यह 8 मैचों में पांचवीं जीत है। 2022 की चैंपियन जोड़ी के सामने दूसरे दौर में मान वेई चोंग और काई वुन टी मलेशिया की एक और जोड़ी की चुनौती होगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी हमवतन अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रेस्टो पर 16-21, 21-19, 21-17 से जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गईं। भारत की यह महिला जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की दौड़ में है। तनीषा और अश्विन की जोड़ी 11वें जबकि त्रिसा और गायत्री की जोड़ी 14वें स्थान पर हैं।

**फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट**



# मंधाना को दिल्ली में भी बेंगलुरु जैसे उत्साह की उम्मीद

## डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र के बाकी मैच देश की राजधानी में होंगे, बेंगलुरु में सोमवार को खेला गया सत्र का आखिरी मैच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तान स्मृति मंधाना ने मंगलवार को उम्मीद जताई कि महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मौजूदा सत्र के पहले चरण में बेंगलुरु में दर्शकों ने जैसा उत्साह दिखाया वैसा ही माहौल टूर्नामेंट को लेकर देश की राजधानी दिल्ली में भी देखने को मिलेगा।

डब्ल्यूपीएल के दूसरे सत्र का आयोजन बेंगलुरु और दिल्ली में किया जा रहा है। बेंगलुरु चरण में सोमवार को सत्र का आखिरी मैच खेला गया, जिसमें आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 23 रन से हराया। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में इस दौरान दर्शक बड़ी संख्या में मौजूद थे। मंधाना ने कहा कि हम देखेंगे कि क्या दिल्ली के दर्शक बैंगलोर के प्रशंसकों की ऊर्जा को टक्कर दे पाएंगे। हमने यहां पुरुषों का क्रिकेट देखा है, मैं 2016 में एक मैच देखने आई थी। उस समय स्टेडियम दर्शकों से भरा था और ऐसा ही (बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम की तरह) माहौल था। इस दौरान लोगों ने मेरा काफी समर्थन किया और यह देखना शानदार था। भारतीय महिला टीम की इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के पहले सत्र में भी मुंबई के ब्रेबोर्न और डीवाई पाटिल स्टेडियम में बड़ी संख्या में दर्शक मैच देखने के लिए पहुंचे थे। इससे यह पता चलता है कि महिला क्रिकेट की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है।

मंधाना ने कहा कि एक महिला खिलाड़ी के रूप में मुझे लगता है कि यह महिला क्रिकेट की जीत है। मैं यह सिर्फ स्मृति मंधाना या आरसीबी के बारे में नहीं कह रही हूं, मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट जीत रही है। उन्होंने कहा कि पिछले साल मुंबई में हमें दर्शकों का साथ मिला, इस साल बेंगलुरु में दर्शकों का उत्साह चरम पर देखने को मिला। यह देखकर अच्छा लगा की दर्शक सिर्फ घरेलू टीम ही नहीं बल्कि दूसरी टीमों के मैच देखने के लिए स्टेडियम में आए।

WOMEN'S PREMIER LEAGUE




## खेल डायरी

### वेगनेर को संन्यास लेने पर मजबूर किया: रोस



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व स्टार बल्लेबाज रोस टेलर ने कहा है कि तेज गेंदबाज नील वेगनेर को संन्यास लेने को मजबूर किया गया। वेगनेर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में संन्यास का ऐलान किया। उन्हें बताया गया था कि उन्हें अंतिम एकादश में नहीं चुना जाएगा। वेगनेर हालांकि पहले टेस्ट में स्थानापन्न खिलाड़ी के तौर पर उतरे और ड्रिंक्स भी लेकर आए। टेलर ने कहा कि अब समझ में आ रहा है। उसे संन्यास लेने पर मजबूर किया गया। वेगनेर की प्रेस कांफ्रेंस सुने तो पता चलता है। वह संन्यास लेने वाला था लेकिन आखिरी टेस्ट के बाद। वह इस शृंखला के लिए उपलब्ध था। उसके बाद उसे चुना नहीं गया। भविष्य के लिए सोचना सही है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट शृंखला में हर हालत में जीत के लिए मैं नील वेगनेर पर भरोसा करता। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज चैन की सांस ले रहे होंगे कि वह टीम में नहीं है। वेगनेर को दो टेस्ट मैचों की घरेलू शृंखला के लिए चुना गया था लेकिन मुख्य कोच गैरी स्टीड ने उसे बता दिया था कि वह एक भी मैच नहीं खेलेगा।

### सुमित नागल इंडियन वेल्स में पदार्पण पर जीते

**इंडियन वेल्स, एजेंसी।** भारतीय टेनिस स्टार सुमित नागल ने इंडियन वेल्स मास्टर्स में पहली बार खेलते हुए अमेरिका के वाइल्ड कार्डधारी स्टेफान डोस्टानिच को सीधे सेटों में हराया। नागल ने क्वालीफाइंग के पहले दौर में जीत दर्ज की। आठवीं वरीयता प्राप्त नागल को जीतने में 68 मिनट लगे। उन्होंने आखिरी क्वालीफाइंग दौर में पहुंचकर दस रैंकिंग अंक और 14400 डॉलर पुरस्कार सुनिश्चित कर लिया। इस साल वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाले एक दशक में पहले भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई चैलेंजर्स खिताब भी जीता, लेकिन पुणे और दुबई में हार गए। अब दूसरे दौर में उनका सामना कोरिया के सियोंग चान हांग से होगा।

### नीदरलैंड्स ने नेपाल को चार विकेट से हराया

**कीर्तिपुर, एजेंसी।** माइकल लेविट 54, कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स के 48 और टिम वान डेर गुग्टेन के 5 गेंदों में 21 रनों की पारी से नीदरलैंड्स ने ट्राई सीरीज के फाइनल में नेपाल को 4 विकेट से हरा दिया है। नीदरलैंड्स ने 185 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। माइकल लेविट और मैक्स ओ'डॉड ने पहले विकेट के लिए 84 रन जोड़े। माइकल ने 54 और डॉड ने 22 रन बनाए। विक्रमजीत सिंह 29 रन, साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने 48 रन बनाए। आखिरी ओवरों में टिम वान डेर गुग्टेन ने आतिशी पारी खेलते हुए नीदरलैंड्स को 19 .3 ओवर में 6 विकेट पर 189 रन बनाकर जीत दिला दी। नेपाल से कुसल मल्ला ने 4 विकेट लिए। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने व अबिनाश बोहरा ने 1–1 बल्लेबाज को आउट किया।

### बीसीसीआई से मान्यता चाहती है नेत्रहीन क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम चाहती है कि बीसीसीआई उन्हें अपनी छत्रछाया में लेकर सक्षम खिलाड़ियों की तरह माने ताकि वे भी आगे बढ़ सकें। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट टीम के कोच मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेट को अगले स्तर तक ले जाने के लिए बीसीसीआई से मान्यता मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मान्यता के साथ नेत्रहीन क्रिकेटरों को बोर्ड से केंद्रीय अनुबंध भी मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के नेत्रहीन क्रिकेटरों को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड से अनुबंध मिले हैं और वे अच्छा खेल रहे हैं। बीसीसीआई को भी आम क्रिकेटरों की तरह नेत्रहीन क्रिकेटरों को अनुबंध देने चाहिए। भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ के महासचिव शैलेंदर यादव ने कहा कि नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिए सराहना और सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नेत्रहीन टीम के पूर्व कप्तान शेखर नाईक को पद्मश्री दिया गया और पूर्व कप्तान अजय रेड्डी को अर्जुन पुरस्कार मिला। उम्मीद है कि दूसरे देशों की तरह बीसीसीआई नेत्रहीन क्रिकेट को मान्यता देगा। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को भारत सरकार और प्रदेश सरकारों से वित्तीय सहायता मिल रही है। कुछ को हरियाणा, ओडिशा और केरल में सरकारी नौकरी भी मिली है। हम चाहते हैं कि कुछ और खिलाड़ियों को सरकारी नौकरियां मिले।

BCCI

# इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक मोड़ : अश्विन

## उस शृंखला से मिली सीख से वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं

**धर्मशाला, एजेंसी**

भारत के आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने मंगलवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला उनके करियर का निर्णायक मोड़ थी क्योंकि उससे मिली सीख से ही वह ऐसे गेंदबाज बन सके जो वह आज हैं। इंग्लैंड ने वह शृंखला 2-1 से जीती थी जो भारत में 1984-85 के बाद शृंखला में उसकी पहली जीत थी। अश्विन उस शृंखला में अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके और एलेस्टेयर कुक तथा केविन पीटरसन ने उन्हें आराम से खेला। 12 साल बाद अश्विन ने उस शृंखला को करियर का निर्णायक मोड़ बताया।

अश्विन ने अपने सौवे टेस्ट मैच से पहले कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 की शृंखला मेरे लिए निर्णायक थी। इसने मुझे बताया कि मुझे कहां सुधार करना है। कुक ने यहां आकर आसानी से रन बनाए। लेकिन मेरे लिए वह शृंखला और उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई शृंखला ने बहुत कुछ बदला। मैंने पहले अच्छा खेला था तो मुझे समझ में नहीं आया कि ऐसा क्यो हुआ। अश्विन ने 4 टेस्ट में 14 विकेट लिए थे। उन्होंने कहा कि मेरे बारे में कई लेख लिखे गए और इसने मुझे सोचने पर मजबूर किया कि कहां गलती हुई।

इंग्लैंड के खिलाफ 7 मार्च से शुरू हो रहे पांचवें और आखिरी टेस्ट के जरिए अश्विन अपने सौ टेस्ट पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि यह बड़ा मौका है। गंतव्य से ज्यादा सफर खास रहा है। मेरी तैयारी में इससे कोई बदलाव नहीं आया है। हमें टेस्ट मैच जीतना है। उन्होंने कहा कि बर्मिंघम में 2018-19 में मेरे टेस्ट करियर का सर्वश्रेष्ठ स्पेल रहा। मैने दोनों पारियों में गेंदबाजी की। तीसरे दिन सुबह गेंदबाजी करके 3 विकेट लिए। मैंने मैच में 7 विकेट लिए लेकिन हम वह मैच 31 रन से हार गए थे। उसके बाद बेंगलुरू टेस्ट मैच में मैंने दूसरे दिन सुबह गेंदबाजी की। सेंचुरियन में 2018-19 में पहले दिन 4 विकेट लिए। ये स्पेल खास रहे। अश्विन ने 2011 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। रविंद्र जडेजा की बल्लेबाजी बेहतर होने से उन्हें विदेश में अक्सर तरजीह मिलती रही, लेकिन अश्विन ने कहा कि अब उन्हें अतीत से कोई गिला नहीं। कोई कप्तान या खिलाड़ी किसी ऐसे को बाहर नहीं रखना चाहता जो उपयोगी लगता हो। रविंद्र जडेजा एक अच्छा बल्लेबाज है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका की पिचों पर सिर्फ गेंदबाजी के आधार पर ही चयन नहीं किया जाता है।

### अश्विन बोले- स्मिथ, रूट को गेंद डालना पसंद

अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच से दो दिन पहले उन खिलाड़ियों को याद किया जिनके साथ मैदानी जंग में उन्हें मजा आता है। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच से पूर्व अश्विन की प्रशंसा की थी और अब भारतीय स्पिनर ने भी अपने इस प्रतिद्वंद्वी की सराहना की। अश्विन ने कहा कि रूट के अलावा स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन ने उन्हें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मुझे स्टीव, विलियमसन और रूट को गेंद डालना पसंद है। वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में हैं। जब मैं प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलता था तो मुझे स्पिनरों के खिलाफ बल्लेबाजी करने वालों को गेंदबाजी करने का मौका मिला। तमिलनाडु में मुझे एस बद्रीनाथ को गेंदबाजी करने का अवसर मिला और वह स्पिन को अच्छी तरह से खेलता है। मिथुन मनहास और रजत भाटिया भी इनमें शामिल हैं। ये सभी उन बल्लेबाजों में हैं जिनका मैं अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सामना नहीं करना चाहता। मैं उनके सम्मान में सर झुकाता हूं क्योंकि इन्होंने मुझे बहुमूल्य सबक सिखाए।




## आंकड़ों का दुर्लभ संयोग

# अश्विन और बेयरस्टो पूरा करेंगे टेस्ट मैचों का सैकड़ा

**धर्मशाला, एजेंसी**

ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो गुरुवार को 5 मैचों की शृंखला के आखिरी मैच के लिए जब मैदान पर उतरेंगे तो यह चौथा मौका होगा जब दो खिलाड़ी एक साथ अपना 100वां टेस्ट खेलते दिखेंगे। पहली बार 2000 में वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के बीच ओल्ड ट्रैफर्ड में हुए मैच में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और एलेक स्टीवर्ट ने इस उपलब्धि को पाया था। द. अफ्रीका के जैक्स कैलिस, शॉन पोलाक और न्यूजीलैंड के स्टीफन फ्लेमिंग ने 2006 में सेंचुरियन में द. अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड मैच में अपना-अपना 100वां टेस्ट खेला था। यह इकलौता मौका था जब 3 खिलाड़ियों ने एक मैच में अपना 100वां टेस्ट खेला था। 2013 में पर्थ में इंग्लैंड-ऑस्ट्रेलिया एशेज शृंखला में एलिस्टर कुक और माइकल क्लार्क ने टेस्ट मैचों का सैंकड़ा एक साथ पूरा किया था। अश्विन और बेयरस्टो गुरुवार से अपनी-अपनी टीमों का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह दूसरा मौका होगा जब प्रतिद्वंद्वी टीमों के दो खिलाड़ी एक ही मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। भारत-इंग्लैंड मैच शुरू होने के एक दिन बाद न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी और उनके पूर्ववर्ती केन विलियमसन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे। चौतीस साल के बेयरस्टो 100वीं टेस्ट कैप हासिल करने वाले इंग्लैंड के 17वें खिलाड़ी बनेंगे। उन्होंने 2012 में पदार्पण किया था। भारत मौजूदा शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल कर चुका है।



# लक्ष्य भी ओलंपिक क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी**

मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन लक्ष्य चाहर चल रहे विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के पहले दौर में बाहर होने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी हैं। पुरुषों की 80 किग्रा स्पर्धा में चाहर सोमवार को ईरान के गेश्लाघी मेसम से हार गए। पहले राउंड में 2-3 से हारने के बाद चाहर ने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज कर वापसी की लेकिन मुकाबला खत्म होने में जब केवल 20 सेकंड बचा था तब मेसम ने आक्रामक रवैया अपनाया और चाहर को नॉकआउट कर दिया। भारत के अब तक जो 4 मुक्केबाज रिंग पर उतरे हैं, उन्हें पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता दीपक भोरिया (51 किग्रा), एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता नरेंदर बेरवाल (92 किग्रा से अधिक) और राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मीन लाम्बोरिया (60 किग्रा) सभी पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाए। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन और एशियाई चैंपियनशिप में छह बार के पदक विजेता शिव थापा सहित 5 भारतीय मुक्केबाज अब भी ओलंपिक कोटा पाने की दौड़ में हैं। भारत ने अब तक ओलंपिक के लिए मुक्केबाजी में चार कोटा पाए हैं। इनमें निकहत ज़रीन (50 किग्रा), प्रीति पवार (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा) और लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) हैं। इन सभी ने पिछले साल एशियाई खेलों में ओलंपिक कोटा हासिल किया था।



# नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 500 से अधिक विकेट लेने वाले झारखंड के बाएं हाथ के गेंदबाज शहबाज नदीम ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। नदीम ने कहा कि मैं काफी समय से संन्यास पर विचार कर रहा था और अब मैं तीनों प्रारुपों से संन्यास ले रहा हूं। अब मुझे जब पता है कि भारतीय टीम में मुझे मौका नहीं मिल सकता तो यह बेहतर है कि मैं युवा क्रिकेटरों को मौका दूं। साथ ही अब मैं दुनिया भर की टी-20 लीग में खेलने का भी मन बना रहा हूं। नदीम ने भारत के लिए दो टेस्ट मैच खेले। उन्होंने 2019 में रांची में द. अफ्रीका के खिलाफ पर्दापण किया था। उन्होंने 4 विकेट लिए थे। उन्हें 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ खेलने का मौका मिला था। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली और हैदराबाद की टीम से 72 मैच खेले। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट के 140 मैचों में 542 विकेट लिए हैं। टी-20 में उनके नाम 125 विकेट हैं। नदीम 2015-16 और 2016-17 में रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। 2018 के विजय हजारे ट्रॉफी में भी ज्यादा विकेट लिए। इसी ट्रॉफी में उन्होंने राजस्थान को 10 रन देकर 8 विकेट लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। 2013 से 2020 तक उन्होंने इंडिया ए के लिए खेलते हुए 83 विकेट भी लिए थे।

## बॉलीवुड हलचल

### यश की फिल्म शादी एक रात की शूटिंग शुरू



**मुंबई, एजेंसी।** निर्माता–निर्देशक रुस्तम अली चिस्ती की भोजपुरी फिल्म शादी एक रात की की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म में यश कुमार मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर चिस्ती ने बताया कि यह फिल्म नाम के अनुसार ही बेहतरीन बन रही है। उम्मीद है दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में यश कुमार अपने यूनिक अभिनय और सब्जेक्ट वाली फ़िल्में के लिए प्रसिद्ध हैं। वे इस फिल्म में भी एक अलग और नायाब अंदाज में नज़र आएंगे। फिल्म की कहानी से लेकर संवाद तक सभी दर्शकों को पसंद आने वाले हैं। वही, फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा कि फिल्म उन अच्छी फिल्मों में होगी, जिसे लोग बार बार देखना चाहेंगे। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सेट पर हम कहानी को टाइम लाइन पर उतार रहे हैं। फिल्म शादी एक रात की यश कुमार के साथ रक्षा गुप्ता, अनारा गुप्ता, पूजा सिंह, समर्थ चतुर्वेदी, अनिता रावत, राधे कुमार, हीरा यादव, संजीव सोलंकी, राजेश तोमड मुख्य भूमिका में हैं।



### करीना, कृति और तब्बू की 'क्रू' का गाना नैना जारी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर, कृति सैनन और तब्बू की आने वाली फिल्म 'क्रू' का गाना नैना रिलीज हो गया है। फिल्म 'क्रू' का पहला ट्रैक 'नैना' रिलीज हो गया है। इस गाने में करीना, तब्बू और कृति अपने दिकलश अदाओं का जादू चलाती नजर आ रही हैं। गाने को दिलजीत दोसांझ और बादशाह ने गाया है। इस गाने को कम्पोज राज रन्जोध ने किया है। उन्होंने ही इसके लिरिक्स भी लिखे हैं। फिल्म क्रू को बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले बनाया गया है, जिसके निर्देशक राजेश कृष्णन हैं। यह फिल्म 29 मार्च 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### लवली का गाना रंग लहे लहे डाली रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** गायक नवरत्न पांडेय और अभिनेत्री लवली काजल का गाना रंग लहे लहे डाली' रिलीज हो गया है। नवरत्न पांडेय और नेहा राज ने इस गीत को आवाज दी है। यह भोजपुरी होली गीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस होली गीत में नवरत्न पांडेय और लवली काजल की जोड़ी है। इस गाने में दिखाया गया है कि नवरंग पांडेय दोस्तों के साथ भांग पीकर पूरे मूड दिख रहे हैं। उनके सामने जब उनकी पत्नी आती है तो वह होली खेलने के लिए कहते हैं कि... 'फगुआ में हमरो बनाई द मिजाज, सइयां जी से आपन काहे खातिर लाज, मन में बा बेचैनी कइसे संभाली हो कइसे संभाली...'लवली काजल रंग लगाने का ऑफर देते हुए कहती है कि... एको जगे छोड़ी जनि खाली, राजा जी रंग लहे लहे डाली... वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इसको गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीत विक्की वॉक्स ने दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं।



### अरविंद का गाना साली घरवाली रिलीज

**मुंबई।** भोजपुरी अभिनेता–गायक अरविंद अकेला कल्लू का नया होली स्पेशल गाना साली घरवाली टी–सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज हो गया है। कल्लू ने कहा कि यह गीत श्रोताओं की खुशियों को और भी गहरा करेगा। शिल्पी राज के साथ गया यह गाना बेहद खास है। टी–सीरीज के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि कल्लू और शिल्पी राज का यह गाना बेहद खूबसूरत है।

### स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बनीं नयनतारा



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों की अभिनेत्री नयनतारा स्लाइस की ब्रांड एंबेसडर बन गई है। आम के शौकीनों के लिए प्रमुख पेय के रूप में पिछले कुछ वर्षों में, स्लाइस ने संपूर्ण देश के घरों में अपनी जगह पक्की की है। स्लाइस ने नयनतारा को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। नयनतारा ने कहा, मैं स्लाइस परिवार का हिस्सा बनकर और इस प्रतिष्ठित ब्रांड की विरासत में योगदान देकर रोमांचित हूं। मैं ब्रांड की आगामी परियोजनाओं का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। मुझे उम्मीद है कि नया अभियान मेरे प्रशंसकों को अनोखे और मनमोहक तरीके से स्लाइस की रमणीय दुनिया में डुबो देगा। पेप्सिको इंडिया के स्लाइस एंड ट्रॉपिकाना के एसोसिएट डायरेक्टर, अनुज गोयल ने कहा, स्लाइस परिवार में नयनतारा का स्वागत करते हुए हमें खुशी हो रही है और हमें विश्वास है कि जनता के बीच उनकी व्यापक अपील ब्रांडों को हमारे मुख्य उपभोक्ताओं से जुड़ने में मदद करेगी। स्लाइस और नयनतारा दोनों ने परिवारों का मनोरंजन किया है और लोगों को एक प्यारे ढंग से एक साथ लाया है।

### फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा की आने वाली फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर' विनायक दामोदर सावरकर की बायोपिक है। वह एक क्रांतिकारी, समाजसुधारक और राजनेता थे। फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' में रणदीप हुड्डा ने विनायक दामोदर सावरकर का किरदार निभाया है, वहीं अंकित लोखंडे ने उनकी पत्नी 'यमुनाबाई' की भूमिका निभाई है। ट्रेलर की शुरुआत रणदीप के डायलॉग से होती है, जिसमें वह कहते नजर आ रहे हैं कि 'हम सबने पढ़ा है कि भारत को आजादी अहिंसा से मिली है। यह वो कहानी नहीं है। ट्रेलर में दिखाया गया कि कैसे सावरकर ने अखंड भारत की लड़ाई लड़ी। किस तरह उन्होंने भारत को आजाद करवाने के लिए अपनी फौज खड़ी कर अग्रेजों को भागने पर मजबूर किया। इससे रणदीप हुडा अपना डायरेक्टोरियल डेब्यू कर रहे हैं। इस फिल्म को ज़ी स्टूडियोज, आनंद पंडित, रणदीप हुडा, संदीप सिंह और योगेश राहर ने प्रोड्यूस किया है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर 22 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

